

दैनिक

त्वदीय पाद पंकजम् नमामि देवी नर्मदे

आरएनआई क्र.MPHIN/2012/40924

# क्षितिज ✌ किरण

प्रेरणापुंज- विचित्र कुमार सिन्हा -- ब्यूरो प्रमुख भोपाल- विलक्षण सक्सेना

जबलपुर, होशंगाबाद एवं सीहोर से एक साथ प्रकाशित एकमात्र निर्भीक समाचार-पत्र

प्रधान सम्पादक-कृष्णकान्त सक्सेना वर्ष-13, अंक -293 जबलपुर, शनिवार 21 दिसम्बर 2024 कीमत-70 पैसे पृष्ठ-8 संपादक अरुण श्रीवास्तव


### दोनों सदनों की कार्यवाही अनिश्चितकाल के लिए स्थगित

## हंगामे की भेंट चढ़ गया संसद का शीतकालीन सत्र



नई दिल्ली-(आरएनएस)। संसद का शीतकालीन सत्र एक तरह से पूरा का पूरा हंगामे की भेंट चढ़ गया। इस बार सत्र में कोई खास काम नहीं हो सका। सरकार ने एक देश, एक चुनाव संबंधी महत्वपूर्ण विधेयक संसद में पेश तो कर दिया लेकिन इसे जेपीसी को विचार के लिए भेज दिया गया। इसके अलावा वक्फ विधेयक भी टाल दिया गया। इस सत्र में संविधान पर जरूर चर्चा हुई लेकिन वह भी आरोप-प्रत्यारोप तक ही सीमित रही। सत्र के शुरुआती दिन अडाणी विवाद और अंतिम दिन अमित शाह की टिप्पणी को लेकर उठे विवाद की भेंट चढ़ गये। इस बीच, संसद परिसर में एक दिन पहले जो कुछ हुआ उससे देश चिंतित नजर आ रहा है क्योंकि बात सिर्फ दो सांसदों को शारीरिक रूप से नुकसान पहुँचाने की नहीं है बल्कि लोकतंत्र की गरिमा और मर्यादा को बड़ा नुकसान पहुँचाने की भी है। इस बीच, संसद परिसर में हुई ''धक्का-मुक्की'' के सिलसिले में कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर मामला दर्ज होने के बाद बताया जा रहा है कि पुलिस इस घटना में घायल दो सांसदों के बयान दर्ज कर सकती है और विपक्षी नेता को पूछताछ के लिए भी बुला सकती है। दिल्ली पुलिस संसद सचिवालय को भी पत्र लिखकर उस क्षेत्र के सीसीटीवी फुटेज की मांग कर सकती है, जहां घटना घटी थी। एक अधिकारी ने बताया कि वरिष्ठ पुलिस अधिकारी मामले को स्थानीय पुलिस से अपराध शाखा को सौंपने पर भी विचार कर सकते हैं। हम आपको बता दें कि संसद मार्ग थाने में बृहस्पतिवार को भारतीय न्याय संहिता की धारा 115 (स्वेच्छा से चोट पहुंचाना), 117 (स्वेच्छा से गंभीर चोट पहुंचाना), 125 (दूसरों के जीवन या निजी सुरक्षा को खतरे में डालने वाला कृत्य), 131 (आपराधिक बल का प्रयोग), 351 (आपराधिक धमकी) और 3 (5) (साझा मंशा) के तहत मामला दर्ज किया गया था। भाजपा द्वारा शिकायत दर्ज कराए जाने के कुछ घंटों बाद ही राहुल गांधी के खिलाफ मामला दर्ज किया गया। शिकायत में उन पर धक्का-मुक्की के दौरान ''हमला करने और उकसाने'' का आरोप लगाया गया है। इस धक्का-मुक्की में भाजपा के दो सांसद प्रताप चंद्र सारंगी और मुकेश राजपूत घायल हो गए थे। वहीं संसद की कार्यवाही की बात करें तो आपको बता दें कि संसद के शीतकालीन सत्र में लोकसभा की कार्यवाही आज अनिश्चितकाल के लिए स्थगित कर दी गई।

### मेंडोरी के जंगल में लावारिस खड़ी कार से मिला 52 किलो सोना और 10 करोड़ रुपये कैश

भोपाल। भोपाल में अगल-अलग कारोबारियों के यहां लोकायुक्त और आयकर विभाग के छापे के बाद अब यहां मेंडोरी के जंगल में एक गाड़ी में 52 किलो सोना और 10 करोड रुपए नकद मिले हैं। गुरुवार-शुक्रवार की दरमियानी रात 30 गाड़ियों में पहुंची आयकर विभाग और पुलिस की टीम ने वाहन को पकड़ा है। यह सोना किसका है इस बारे में अभी स्पष्ट जानकारी नहीं मिल पाई है। जिस कार इनोवा क्रिस्टा में सोना मिला वो ग्वालियर की है, जो चंदन गौर नाम से रजिस्टर्ड है। चंदन गौर का जुड़ाव पूर्व परिवहन आरक्षक सौरभ शर्मा से बताया जा रहा है। शर्मा के कार्यालय और आवास में बुधवार को लोकायुक्त पुलिस का छापा पड़ा था।

## सीएनजी ट्रक में ब्लास्ट के कारण 6 लोग जिंदा जले, 46 आए चपेट में




### 40 गाड़ियों में लगी आग पेट्रोल पंप के सामने केमिकल टैंकर में ब्लास्ट

जयपुर (आरएनएस)। राजस्थान में जयपुर-अजमेर हाईवे पर शुक्रवार अल सुबह एक बड़ा हादसा हो गया। यहां केमिकल से भरा हुआ एक तेज रफ्तार ट्रक दूसरे ट्रक से टकरा गई। इसके बाद उसमें आग लग गई और धमाका हो गया। घटना में 6 लोगों की जलने से मौत हो गई।

देखते ही देखते आग ने 40 गाड़ियों को भी अपनी चपेट में ले लिया। हादसे में 37 लोगों के झुलसने की जानकारी सामने आई है, जिन्हें इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती किया गया है। घटना के बाद से हाईवे पर कोहराम मचा है। सभी वाहनों का आना-जाना बंद कर दिया गया है। भांकरोटा थाने के एसएचओ मनीष गुप्ता के मुताबिक दो ट्रकों की टक्कर के बाद हुए धमाके और आग ने दूसरे कई वाहनों को अपनी चपेट में ले लिया है। आग पर काबू पाने का प्रयास किया जा रहा है। घायलों को एंबुलेंस के जरिए इलाज के लिए अस्पताल भेजा गया है। ट्रकों के बीच टक्कर के बाद इतना तेज धमाका हुआ कि इसकी आवाज 10 किमी दूर तक सुनाई थी। सुबह हुई इस घटना में आसपास के लोग भी डर गए। धमाके के 300 मीटर में लोग और वाहन इसकी चपेट में आ गए। दूसरे वाहनों में भी आग लगने के बाद टैंक फटने लगे, जिससे ये और फैलने लगी। सुबह आग की लपटे बहुत दूर से ही नजर आ रही थीं।

**भजनलाल शर्मा ने पीड़ितों से की मुलाकात**

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा पीड़ितों से मिलने के लिए पहुंचे। इसकी जानकारी उन्होंने अपने सोशल मीडिया हैंडल पर दी। उन्होंने लिखा कि जयपुर-अजमेर राष्ट्रीय राजमार्ग पर गैस टैंकर में आग लगने की घटना में नागरिकों के हताहत होने का दु:खद समाचार सुनकर मन अत्यंत व्यथित है।

घटना की सूचना मिलते ही एसएमएस अस्पताल जाकर डॉक्टरों को तत्काल आवश्यक चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध कराने और घायलों की समुचित देखभाल के लिए निर्देशित किया। प्रशासन बचाव कार्य में लगा हुआ। स्थानीय प्रशासन और आपातकालीन सेवाएं पूरी तत्परता से काम कर रही हैं। प्रभु से प्रार्थना है कि दिवंगत आत्माओं को अपने परम धाम में स्थान, शोक संतप्त परिवारजनों को यह अपार दु:ख सहन करने की शक्ति व घायलों को शीघ्र स्वास्थ्य लाभ प्रदान करें।

## हरियाणा के पूर्व सीएम ओमप्रकाश चौटाला का निधन, गुरुग्राम आवास पर ली आखरी सांस




नई दिल्ली-(आरएनएस)। हरियाणा के पूर्व सीएम ओमप्रकाश चौटाला का 20 दिसंबर को 93 साल की उम्र में निधन हो गया है। उन्होंने गुरुग्राम में अपने आवास पर आखिरी सांस ली। वह इंडियन नेशनल लोकदल के मुखिया थे। ओमप्रकाश चौटाला पहली बार 1989 में हरियाणा के मुख्यमंत्री बने थे। वह चार बार राज्य के मुख्यमंत्री बने। उनको राजनीति अपने पिता व पूर्व डिप्टी पीएम देवीलाल चौधरी (ताऊ) से विरासत में मिली थी।

पूर्व सीएम के निधन की खबर सुन नेताओं की प्रतिक्रिया आने लगी है। हरियाणा के पूर्व सीएम और इनेलो प्रमुख ओम प्रकाश चौटाला के निधन पर हरियाणा के पूर्व सीएम और वरिष्ठ कांग्रेस नेता भूपिंदर सिंह हुड्डा ने कहा कि जब ओम प्रकाश जी सीएम थे, मैं विपक्ष का नेता था। हमारे बीच अच्छे संबंध थे। उन्होंने लोगों की सेवा की है। वह अभी भी सक्रिय थे। ऐसा नहीं लगा कि वह हमें इतनी जल्दी छोड़ देंगे। वह एक अच्छे इंसान थे और मेरे लिए बड़े भाई की तरह थे।

चौधरी देवीलाल हरियाणा और देश की राजनीति के जाने-माने चेहरा थे। उनको देश की सियासत में ताऊ के नाम से जाना जाता था। उनकी पांच संतानों हुईं, जिसमें से एक थे ओमप्रकाश चौटाला। ओमप्रकाश चौटाला उनके सबसे बड़े बेटे थे। ऐसे में जब देवीलाल डिप्टी पीएम बने, तो उन्होंने हरियाणा अपनी विरासत को संभालने के लिए ओमप्रकाश चौटाला को आगे कर दिया था। ओमप्रकाश चौटाला हरियाणा के मुख्यमंत्री बने। 1989 से 1991 तक उन्होंने जिम्मेदारी संभाली। 1991 में लोकसभा चुनाव हारने के बाद उनका राजनीतिक करियर ढलान पर आ गया। 1999 में उन्होंने बीजेपी की मदद से फिर से अपनी राजनीतिक गाड़ी को सरपट दौड़ाने की कोशिश की। वह फिर से हरियाणा के मुख्यमंत्री बने। इस पद पर 2005 तक रहे। वह चार बार हरियाणा के सीएम रहे।

### पं प्रदीप मिश्रा की कथा में मची भगदड़, मेरठ में महिलाएं-बुजुर्ग एक-दूसरे पर गिरे



मेरठ. (आरएनएस)। उत्तर प्रदेश के मेरठ में पंडित प्रदीप मिश्रा की कथा में भगदड़ मच गई, जिसमें महिलाएं व बुजुर्ग घायल हो गए हैं. एक लाख लोग पंडित मिश्रा को सुनने के लिए पहुंचे थे. दोपहर एक बजे कथा शुरू हुई थी, तो लोग जल्द से जल्द अंदर घुसना चाह रहे थे. ऐसे में बाउंसर्स ने भीड़ को रोककर एक-एक कर अंदर जाने दिया, जिससे भगदड़ जैसी स्थिति बन गई. एसपी सिटी आयुष विक्रम से मीडिया ने मामले को लेकर पूछा, तो उन्होंने कहा कि महिलाएं बैरिकेडिंग पर चढ़ रही थीं. उनमें कुछ गिर गईं, इसलिए चोटिल हो गई हैं. हालात बिगड़ते देख आसपास के लोगों के स्थिति को संभाला और पुलिस को सूचना दी. जिसके बाद पुलिस भारी सुरक्षा बल के साथ मौके पर पहुंच गई.

## नदी जोड़ो परियोजनाएं प्रदेश में विकास की लिखेगी नयी इबारत-मुख्यमंत्री डॉ. यादव



भोपाल (आरएनएस)। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि इंदौर, माँ देवी अहिल्या की नगरी है, जो विकास का पर्याय रहीं है। उनके कार्यकाल में देव स्थानों का पूरे देश में अद्भुत विकास हुआ है। इंदौर वर्तमान में देश का सबसे स्वच्छ शहर है। यह आईटी, स्वास्थ्य, शिक्षा, स्मार्ट सिटी के कार्यों आदि में देश में भी अव्वल है। अब इंदौर को हर क्षेत्र में अव्वल बनाने के कार्य तेजी से होंगे। इंदौर का सर्वांगीण विकास कर इंदौर को देश के प्रमुख महानगरों के समकक्ष खड़ा किया जायेगा। उन्होंने कहा कि इंदौर के नेहरू स्टेडियम का पुनर्निर्माण किया जायेगा। यहाँ आईटी के विकास की अपार संभावनाएं है, इसको देखते हुए इंदौर में जल्द ही आईटी समिट आयोजित की जायेगी। इंदौर नगर निगम का नया भव्य भवन भी बनाया जायेगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव शुक्रवार को इंदौर में जनकल्याण पर्व के तहत आयोजित लोकार्पण एवं भूमि-पूजन समारोह को सम्बोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने इंदौर के लिये 1249 करोड़ रूपये से अधिक की लागत के विकास कार्यों का लोकार्पण-भूमिपूजन किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा है कि नदी जोड़ो परियोजना प्रदेश में विकास की नयी इबारत लिखेंगी। मध्यप्रदेश देश का ऐसा पहला राज्य है जहां 2 नदी जोड़ो परियोजनाओं पर एक साथ कार्य हो रहा है। यह परियोजनाएं प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में मूर्तरूप ले रही हैं। इन परियोजनाओं के माध्यम से नदियों को आपस में जोड़कर पूर्व प्रधानमंत्री स्व. अटल बिहारी वाजपेयी के सपनों को साकार किया जा रहा है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने इंदौर में हो रहे विकास की सराहना करते हुए कहा कि इंदौर को अब हर क्षेत्र में नम्बर-वन बनाया जायेगा। इंदौर को देश के प्रमुख महानगरों की तरह विकसित किया जायेगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने संविधान निर्माता बाबा साहेब डॉ. भीमराव अम्बेडकर का स्मरण करते हुए कहा कि उनके योगदान को कभी भुलाया नहीं जा सकता है। वे हमेशा से सम्मानीय है। उनका सम्मान हमेशा कायम रहेगा। बाबा साहेब की स्मृतियों को चिरस्थाई बनाने और उनके प्रति सम्मान व्यक्त करने के लिये पंच तीर्थ विकसित किये गये है। उनके जीवन से जुड़े 5 प्रमुख स्थलों को तीर्थ-स्थल का दर्जा दिया गया है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने जनकल्याण पर्व और मुख्यमंत्री जनकल्याण अभियान में की जा रही गतिविधियों की जानकारी देते हुए नागरिकों से उनका लाभ लेने का आहवान किया।

### धक्कामुक्की कांड पर कांग्रेस की सफाई पर बीजेपी का काउंटर अटैक, पूछा

## अब गुंडे संसद जाएंगे ?




नई दिल्ली-(आरएनएस)। केंद्रीय मंत्री शिवराज चौहान ने कहा कि मल्लिकार्जुन खरगे और राहुल गांधी ने अभी प्रेस कॉन्फ्रेंस की। हमें लगा कि वे आज की घटना पर माफ़ी मांगेंगे। लेकिन उन्होंने ऐसा नहीं किया। मुझे समझ नहीं आया कि उन्होंने प्रेस कॉन्फ्रेंस क्यों की। उनकी प्रेस कॉन्फ्रेंस में उनका अहंकार झलक रहा था। मैं उनका व्यवहार देख रहा था। लेकिन आज उन्होंने (राहुल गांधी) जो किया वह सभ्य समाज के लिए अकल्पनीय है। आज जब भाजपा सांसद मकर द्वार पर विरोध कर रहे थे, तो राहुल गांधी वहां आ गए। सुरक्षाकर्मियों ने उन्हें अंदर जाने के लिए दूसरी जगह का इस्तेमाल करने को कहा। लेकिन वे जानबूझकर वहां आए। उस प्रेस कॉन्फ्रेंस में भी उनका अहंकार झलक रहा था। आज मेरा मन भारी है, व्यथित है, पीड़ा से भरा हुआ है। मैं एक दर्जन बार लोकसभा और विधानसभा का सदस्य रहा हूं। मैंने सांसदों और विधायकों के व्यवहार और आचरण को देखा है। लेकिन आज जो संसद में हुआ उसकी कल्पना भी नहीं की जा सकती है। अशालीन, अशोभनीय और गुंडागर्दी से भरा व्यवहार किया गया। जिसकी सभ्य समाज कल्पना भी नहीं कर सकता।

मैं कई बार विधानसभा या लोकसभा का सदस्य रहा हूं। विधानसभा और संसद दोनों में मैंने सांसदों और विधायकों का आचरण देखा है। हालाँकि, आज संसद में जो हुआ वह अकल्पनीय था। यह एक अशोभनीय कृत्य था जिसे सभ्य समाज स्वीकार नहीं कर सकता। हमारी एक आदिवासी सांसद बहन श्रीमती कोन्याक ने जो कुछ कहा है, वो सुनकर व्यथा से हम भर जाते हैं। उन्होंने सभापति जी को शिकायत की है कि उनके साथ अशालीन, असभ्य, अमर्यादित व्यवहार किया गया। सभापति कह रहे हैं कि वह उनके पास रोती हुई आई थी। क्या महिला आदिवासी सांसद के साथ ऐसा व्यवहार किया जाएगा, क्या उनके इतने निकट पहुंचे कि वो असहज हो जाएं। मां-बहन-बेटी का सम्मान भारत की प्राथमिकता रही है। लेकिन महिला आदिवासी सांसद के साथ ऐसे व्यवहार की कोई कल्पना कर सकता है क्या? क्या हो गया है राहुल गांधी और कांग्रेस को? जब मैं देखने गया तो मुकेश राजपूत उस समय तक होश में नहीं थे। उनकी स्र्क्ष की जा रही है। क्या संसद में ऐसे दृश्य देखे जाएंगे, क्या तर्कों का सहारा लेने की बजाय शारीरिक ताकत का प्रयोग किया जाएगा। सांसदों को ये अधिकार है कि वो किसी बात पर विरोध प्रकट करें। कांग्रेस भी कई दिनों से विरोध प्रकट कर रही थी, मकर द्वार पर उनके सांसद एकत्र होते थे। तब हम लोगों को जाना होता था, तो हम द्वार बदल लेते थे या पास में जो ह्यश्चङ्कुष्द्ग होता था उसमें से चुपचाप निकलकर अंदर चले जाते थे।

### द्वारका सेक्टर 23 डीपीएस स्कूल में बम की धमकी, तलाशी अभियान जारी, कक्षाएं ऑनलाइन शिफ्ट

नई दिल्ली-(आरएनएस)। द्वारका सेक्टर 23 में दिल्ली पब्लिक स्कूल (डीपीएस) को निशाना बनाकर बम की धमकी से शुक्रवार को हड़कंप मच गया। गुरुवार देर रात ईमेल के ज़रिए धमकी मिली, जिसके बाद अधिकारियों ने तुरंत कार्रवाई की। दिल्ली अग्निशमन विभाग ने ईमेल के बारे में दिल्ली पुलिस नियंत्रण कक्ष (पीसीआर) को सूचित किया। छात्रों और कर्मचारियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए तुरंत स्कूल परिसर में तलाशी अभियान शुरू किया गया। यह कोई अकेली घटना नहीं है। 14 दिसंबर को, डीपीएस आरके पुरम सहित कई स्कूलों ने बम की धमकी वाले ईमेल मिलने की सूचना दी।

## मध्य प्रदेश में कांग्रेस विधायकों ने छोड़ी सैलरी

### बोले- भाजपा विधायकों के क्षेत्रों में हो रहे काम, हमारे में नहीं



भोपाल (आरएनएस)। मध्य प्रदेश विधानसभा में कांग्रेस के सदस्यों ने राज्य सरकार पर विकास कार्यों में भेदभाव करने का आरोप लगाया। साथ ही पार्टी विधायकों ने विरोधस्वरूप तय किया है कि वे बतौर विधायक मिलने वाला वेतन अब नहीं लेंगे। नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने विधायक दल के इस निर्णय की सूचना सदन को देते हुए पटल पर इसकी प्रति रखी। प्रदेश में ऐसी स्थिति पहली बार निर्मित हुई है, जब संपूर्ण विपक्ष द्वारा इस तरह का निर्णय लिया गया हो।

शून्यकाल में उमंग सिंघार ने सदन को बताया कि भाजपा सरकार विपक्ष के सदस्यों के साथ भेदभाव कर रही है। उनके क्षेत्र को न तो सड़क विकास के लिए राशि दी जा रही है और न ही स्कूल भवन, सामुदायिक भवन सहित अन्य विकास कार्यों के लिए कोई राशि मिल रही है। इधर, भाजपा विधायकों के क्षेत्र में 15-15 करोड़ रुपये के काम कराए जा रहे हैं। इसके लिए एक-एक विधायक से बकायदा प्रस्ताव लिए गए। उनके क्षेत्र के विकास का रोडमैप बनवाया गया लेकिन कांग्रेस के विधायकों ने यदि कोई प्रस्ताव दिया भी तो उसे रद्दी की टोकरी में डाल दिया।

## राम मंदिर बना देने से कोई हिंदुओं का नेता नहीं बन गया, नये मंदिर-मस्जिद विवादों को उभारना गलत- मोहन भागवत



नई दिल्ली-(आरएनएस)। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) प्रमुख मोहन भागवत ने कई मंदिर-मस्जिद विवादों के फिर से उठने पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा है कि अयोध्या में राम मंदिर के निर्माण के बाद कुछ लोगों को ऐसा लग रहा है कि वे ऐसे मुद्दों को उठाकर ''हिंदुओं के नेता'' बन सकते हैं। भागवत ने साथ ही नये विवादों के उठने पर भी नाराजगी जताई है। हम आपको याद दिला दें कि हाल के दिनों में मंदिरों का पता लगाने के लिए मस्जिदों के सर्वेक्षण की कई मांगें अदालतों तक पहुंची हैं, हालांकि भागवत ने अपने व्याख्यान में किसी का नाम नहीं लिया। भागवत के बयान पर जहां हिंदू संतों ने सधी हुई प्रतिक्रिया जताते हुए कहा है कि इसे पूरे परिप्रेक्ष्य में देखा जाना चाहिए वहीं मुस्लिम धर्मगुरुओं ने भागवत के बयान का स्वागत किया है। हम आपको याद दिला दें कि मोहन भागवत पहले भी कह चुके हैं कि हर मस्जिद के नीचे शिवलिंग ढूंढ़ना सही नहीं है। संघ प्रमुख मोहन भागवत ने सहजीवन व्याख्यानमाला में 'भारत-विश्वगुरु' विषय पर व्याख्यान दिया, जिसमें उन्होंने समावेशी समाज की वकालत की और कहा कि दुनिया को यह दिखाने की जरूरत है कि देश सद्भावना के साथ एक साथ रह सकता है। भारतीय समाज की बहुलता को रेखांकित करते हुए संघ प्रमुख मोहन भागवत ने कहा कि रामकृष्ण मिशन में क्रिसमस मनाया जाता है। उन्होंने यह भी कहा कि ''केवल हम ही ऐसा कर सकते हैं क्योंकि हम हिंदू हैं।'' उन्होंने कहा, ''हम लंबे समय से सद्भावना से रह रहे हैं। अगर हम दुनिया को यह सद्भावना प्रदान करना चाहते हैं, तो हमें इसका एक मॉडल बनाने की जरूरत है। राम मंदिर के निर्माण के बाद, कुछ लोगों को लगता है कि वे नयी जगहों पर इसी तरह के मुद्दों को उठाकर हिंदुओं के नेता बन सकते हैं। यह स्वीकार्य नहीं है।'' मोहन भागवत ने कहा कि राम मंदिर का निर्माण इसलिए किया गया क्योंकि यह सभी हिंदुओं की आस्था का विषय था। उन्होंने किसी विशेष स्थल का उल्लेख किए बिना कहा, ''हर दिन एक नया मामला (विवाद) उठाया जा रहा है। इसकी अनुमति कैसे दी जा सकती है? यह जारी नहीं रह सकता। भारत को यह दिखाने की जरूरत है कि हम एक साथ रह सकते हैं।'' उन्होंने कहा कि बाहर से आए कुछ समूह अपने साथ कट्टरता लेकर आए और वे चाहते हैं कि उनका पुराना शासन वापस आ जाए। उन्होंने कहा, ''लेकिन अब देश संविधान के अनुसार चलता है। इस व्यवस्था में लोग अपने प्रतिनिधि चुनते हैं, जो सरकार चलाते हैं।




जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। थाना भेड़ाघाट में गुरूकृपा ढाबा के सामने एन एच 45 रोड़ ग्राम धरमपुरा में एक्सीडेण्ट होने की सूचना पर पहुँची पुलिस को दिनेश पटैल उम्र 42 वर्ष निवासी हीरापुर बंधा ने बताया कि मृतिका नन्हीं बाई पटैल उम्र 52 वर्ष निवासी हीरापुर बंधा को दोपहर लगभग 2-40 बजे जबलपुर से शहपुरा जाने वाली रोड़ गुरूकृपा ढाबा के सामने कार क्रमांक एमपी 20 सीएल 2261 के चालक द्वारा टक्कर मारने से चोट आने से मृत्यु हो गयी है सूचना पर मर्ग कायम कर जांच मे लिया गया।

**केंद्रीय संस्कृति व पर्यटन मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत से सांसद आशीष दुबे ने किया आग्रह,विस्तृत पत्र भी सौंपा**

# नर्मदा टूरिस्ट सर्किट बने,सांस्कृतिक केंद्र का संचालन करे केंद्रीय संस्कृति मंत्रालय- सांसद आशीष दुबे



जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। जबलपुर संसदीय क्षेत्र के सांसद और संसद में गृह मंत्रालय की संसदीय स्थायी समिति के सदस्य व खाद्य प्रसंस्करण मंत्रालय की संसदीय सलाहकार समिति के सदस्य श्री आशीष दुबे ने केंद्रीय संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री श्री गजेन्द्र सिंह शेखावत से जबलपुर में मां नर्मदा टूरिस्ट सर्किट निर्मित किये जाने का आग्रह किया है।सांसद श्री दुबे ने गत दिवस नई दिल्ली में श्री शेखावत से भेंट में इस विषय को लेकर विस्तृत चर्चा की एवं एक विवरणात्मक पत्र भी संस्कृति व पर्यटन मंत्री श्री शेखावत को सौंपा।

सांसद श्री आशीष दुबे ने श्री शेखावत को तथ्यात्मक जानकारी देते हुए बताया कि स्वतंत्रता संग्राम में जबलपुर के रणबांकुरों का उल्लेखनीय योगदान रहा है।जबलपुर के सेंट्रल जेल से नेताजी सुभाषचंद्र बोस की स्मृति जुड़ी है और अंग्रेजी शासन से लोहा लेने वाले पिता -पुत्र राजा शंकरशाह-रघुनाथ शाह सहित 1942 के भारत छोड़ो आंदोलन के अमर शहीद गुलाब सिंह की शहादत जबलपुर के इतिहास की गर्वीली गाथा है।सांसद श्री दुबे ने मंत्री श्री शेखावत को यह भी बताया कि परतंत्रता के दौरान देश में पहली बार तिरंगा झंडा जबलपुर के टाउन हॉल में फहराया गया था।सांसद श्री आशीष दुबे ने कहा कि पवित्र नदी मां नर्मदा के तट पर बसे ऐतिहासिक नगर जबलपुर में नई सांस्कृतिक गतिविधियों और इतिहास से जुड़े नए प्रोजेक्ट्स की अपार संभावना है।यहां की संस्कृति को संरक्षित करते हुए देश के सामने लाने की आवश्यकता है।

सांसद श्री आशीष दुबे ने केंद्रीय संस्कृति व पर्यटन मंत्री श्री गजेन्द्र सिंह शेखावत को बताया कि जबलपुर स्मार्ट सिटी के अंतर्गत नगर में एक सांस्कृतिक केंद्र की स्थापना की गई थी,अगर उसके संचालन का कार्य भारत सरकार के संस्कृति मंत्रालय द्वारा किया जाएगा तो निश्चित रूप से जबलपुर की ऐतिहासिक विरासत से जुड़े स्थलों और संस्कृति को देशव्यापी पहचान मिलेगी और पर्यटन को भी बढ़ावा मिलेगा।केंद्रीय मंत्री श्री शेखावत ने सांसद श्री दुबे से कहा कि शीघ्र ही इस विषय में विस्तृत जानकारी लेकर अनुकूल कदम उठाए जाएंगे।

# भारतीय जनता पार्टी चिकित्सा प्रकोष्ठ द्वारा ई-रिक्शा एवं ऑटो चालकों की धमा चौकड़ी का ज्ञापन



जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। भारतीय जनता पार्टी चिकित्सा प्रकोष्ठ के प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ अश्वनी कुमार त्रिवेदी जी ने संज्ञान में लिया है कि ई-रिक्शा एवं ऑटो चालकों की धमा चौकड़ी से अनेक लोग घायल हो रहे है, एवं कई लोग गंभीर रूप से घायल होकर अस्पतालों में जिंदगी एवं मौत से संघर्ष कर रहे हैं। चिकित्सा प्रकोष्ठ ने इस पर चिंता एवं जिम्मेदारी के साथ में पुलिस अधीक्षक श्री प्रदीप शिंदे को ज्ञापन देकर मांग की यातायात नियमों का पालन इन चालकों को शिविर के माध्यम से दिया जाए ताकि आम नागरिकों के जीवन की रक्षा हो सके। इस दौरान जिला संयोजक डॉ विवेक जैन, डॉ शुभम अवस्थी, सह संयोजक डॉ अशोक मेथवानी, डॉ शशिकांत साहू डॉ वीरेंद्र साहू शशांक शर्मा व कार्यकारणी सदस्य उपस्थित थे।

**सभी राजस्व अमला वसूली और बिल वितरण का करेगें कार्य - निगमायुक्त**

# शनिवार अवकाश के दिन भी करदाताओं की सुविधा के लिए खुले रहेगें नगर निगम के सभी कैश काउंटर - निगमायुक्त प्रीति यादव

**31 दिसम्बर के बाद करों पर लगेगा 7 प्रतिशत अधिभार**
**अधिभार से बचने 31 दिसम्बर के पूर्व बकाया करों की राशि जमा करने करदाताओं से निगमायुक्त ने की अपील**

जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। करदाताओं की सुविधा को ध्यान में रखते हुए निगमायुक्त श्रीमती प्रीति यादव के द्वारा अवकाश दिवस शनिवार को भी नगर निगम के सभी संभागीय कार्यालयों एवं मुख्यालय के कैश काउंटर खोलने का निर्णय लिया गया है। इसके लिए निगमायुक्त श्रीमती प्रीति यादव ने उपायुक्त पी.एन. सनखेरे को निर्देश दिये हैं। उपायुक्त श्री सनखेरे ने जानकारी दी है कि समस्त करदाता अपना सम्पत्ति कर, जलशुल्क एवं अन्य कर 31 दिसम्बर तक जमा करें। 31 दिसम्बर के पश्चात करों की राशि जमा करने पर 7 प्रतिशत का अधिकभार लगेगा। उन्होंने कहा कि करदाताओं की सुविधा के लिए दिसम्बर माह में सभी शनिवार अवकाश दिवस में भी सभी कैश काउंटर खुले रहेगें।

उपायुक्त राजस्व ने बताया कि करदाताओं को फोन व मैसेज कर शनिवार अवकाश में भी कैश काउंटर खुले होने की सूचना से अवगत कराया जा रहा है, ताकि अधिक से अधिक नागरिक टैक्स जमा कर सकें। उन्होंने बताया कि मैदानी अमले को निर्देश दिये गए हैं कि वे जितने भी करदाताओं को जानते हैं, उनसे सम्पर्क कर टैक्स जमा करने के लिए प्रेरित करें। उन्होंने बताया कि बहुत से करदाता समय के आभाव के कारण कैश काउंटर्स तक नहीं पहुँच पाते और ऐसे में उनकी सहूलियत को ध्यान में रखकर समय-समय पर अवकाश के दिन काउंटर खोला जाता है। इसी कड़ी में दिसम्बर माह के सभी शनिवार अवकाश के दिन करदाताओं की सहूलियत के लिए कैश काउंटर खोले रखने का निर्णय लिया गया है, ताकि करदाता आसानी से अपना टैक्स जमा कर सकेगें। इसलिए नगर निगम के निगमायुक्त श्रीमती प्रीति यादव ने सभी करदाताओं एवं सभी शासकीय विभागों एवं संस्थाओं के प्रमुखों से भी अपील की है कि दिसम्बर माह में सभी शनिवार अवकाश के दिन निगम प्रशासन द्वारा प्रदत सुविधा का लाभ उठाकर समस्त बकाया कारों की राशि का भुगतान करें।

## सुशासन और वीर बाल दिवस को लेकर भाजपा जबलपुर महानगर की बैठक शनिवार को

जबलपुर। भारतीय जनता पार्टी जबलपुर महानगर द्वारा आगामी 25 दिसंबर को देश के पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न पं अटल बिहारी वाजपेई जी की जयंती सुशासन दिवस एवं वीर बाल दिवस को लेकर होने वाले कार्यक्रम की रूपरेखा हेतु शनिवार सांय 4 बजे भाजपा संभागीय कार्यालय रानीताल में बैठक का आयोजन किया गया है , बैठक में भाजपा जबलपुर के सभी मंडल अध्यक्ष की उपस्थिति अपेक्षित है। सुशासन दिवस और वीर बाल दिवस के कार्यक्रम हेतु महानगर अध्यक्ष प्रभात साहू ने महानगर प्रभारी भाजपा उपाध्यक्ष राजेश मिश्रा एवं सह प्रभारी रंजीत पटेल एवं डॉ जयराम तिवारी को घोषित किया गया है।

# जबलपुर मंडल में मनाया गया वर्ल्ड मेडिटेशन डे



जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। उमंग रेल सामुदायिक भवन में आज दिनांक 20.12.2024 को दोपहर 3 बजे वर्ल्ड मेडिटेशन दिवस के अवसर पर मेडिटेशन का कार्यक्रम आयोजित किया गया ।

मंडल रेल प्रबंधक श्री विवेक शील ने कार्यक्रम के मुख्य अतिथि द आर्ट ऑफ़ लिविंग के वरिष्ठ योग शिक्षक श्री ऋतु राज असाटी का सेपलिंग देकर स्वागत किया । मंडल रेल प्रबंधक ने मुख्य अतिथि का परिचय दिया एवं मेडिटेशन के महत्व पर प्रकाश डाला ।

द आर्ट ऑफ़ लिविंग के वरिष्ठ योग शिक्षक श्री ऋतु राज असाटी ने इस अवसर पर उपस्थित सभी अधिकारीगण एवं कर्मचारीगण को मेडिटेशन के महत्व के बारे में बताया तथा मेडिटेशन कराया । मंडल रेल प्रबंधक श्री विवेक शील ने वरिष्ठ योग शिक्षक श्री ऋतु राज असाटी को धन्यवाद ज्ञापित किया । उक्त कार्यक्रम में अपर मंडल रेल प्रबंधक श्री सुनील टेलर , वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक डॉक्टर मधुर वर्मा ,

वरिष्ठ मंडल विद्युत इंजीनियर (सा) श्री राम बदन मिश्रा, श्री अरुण कुमार वरिष्ठ मंडल सामग्री प्रबंधक , श्री मुनव्वर खान वरिष्ठ मंडल सुरक्षा आयुक्त एवं वरिष्ठ मंडल यांत्रिक इंजीनियर, वरिष्ठ मंडल इंजीनियर, वरिष्ठ मंडल संकेत एवं दूरसंचार इंजीनियर , वरिष्ठ मंडल परिचालन प्रबंधक , वरिष्ठ मंडल संरक्षा अधिकारी , शाखा अधिकारी , श्री सचि पति नंदन, सहायक कार्मिक अधिकारी (कल्याण) एवं कर्मचारीगण उपस्थित थे । कार्यक्रम का संचालन श्री रवींद्र त्रिपाठी मुख्य कर्मचारी कल्याण निरीक्षक ने किया।

# डॉ. गायत्री तिवारी स्मृति समारोह 27 को डॉ. तनूजा चौधरी होंगी गायत्री कथा सम्मान से अलंकृत

**विविध क्षेत्रों के मनीषियों को मिलेगा गायत्री विविधा सम्मान**








जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। प्रतिष्ठित कथा लेखिका, कवयित्री डॉ. गायत्री तिवारी की स्मृति में पाथेय साहित्य कला अकादमी द्वारा आयोजित भव्य समारोह में वरिष्ठ लेखिका डॉ. तनूजा चौधरी को डॉ. गायत्री कथा सम्मान से अलंकृत करते हुए सम्मान स्वरूप नगद राशि, मानपत्र दिया जायेगा। साथ ही विविध क्षेत्रों के मनीषियों को गायत्री विविधा सम्मान से सम्मानित किया जायेगा ।

पाथेय साहित्य कला अकादमी के महासचिव राजेश पाठक प्रवीण ने पत्रकार वार्ता को सम्बोधित करते हुए बताया कि 27 दिसम्बर को अपरान्ह 3ः30 बजे से कला-वीथिका में उक्त समारोह आयोजित किया जायेगा ।डॉ. गायत्री तिवारी का सृजन संगठन एवं शैक्षणिक क्षेत्र में अप्रतिम योगदान रहा । उनकी कहानियाँ मानवीय मूल्यों से जुड़कर समाज के सर्वहारा वर्ग का प्रतिनिधित्व करती हैं । कथाकार डॉ. तनूजा चौधरी की 22 कृतियाँ प्रकाशित हो चुकी हैं। जो समाज की विविध धाराओं पर दृष्टि प्रदान करती हैं ।

समारोह में विविध क्षेत्रों में क्रियाशील श्री राजेन्द्र मिश्रा, नीलेश रावल, इंजी. डॉ. दुर्गेश व्यौहार दर्शन, समर सिंह, डॉ. नीना उपाध्याय, दीपचंद विनोदिया, मंजू गोरे, मेहेर प्रकाश उपाध्याय, रामकिशोर सोनी के साथ ब्राह्मण स्वयंवर संस्कार महासभा एवं सुप्रभातम संस्था की रचनात्मकता को सम्मानित किया जायेगा । पत्रकार वार्ता में डॉ. हर्ष तिवारी, प्रवीण मिश्रा, राकेश श्रीवास, राजेन्द्र तिवारी की सहभागिता रही ।

## अकाल मृत्यु

जबलपुर । थाना तिलवारा में रात्रि कुमारी आशा धुर्वे उम्र 24 वर्ष निवासी जनता टाकीज के पीछे जीवोदय छात्रावास इटारसी जिला नर्मदापुरम वर्तमान पता प्रशांत वैदेही की हास्टल सगड़ा पेट्रोल पम्प के पीछे तिलवारा ने सूचना दी कि वह सगड़ा पेट्रोल पम्प के पीछे प्रशांत वैदेही के हास्टल मे किराये से रहती है साथ में आस्था यादव उम्र 21 वर्ष निवासी ग्राम पौड़ी थाना किन्दरई जिला सिवनी भी रहती थी दोपहर लगभग 1 बजे काम पर जाने के लिये निकली थी लेकिन काम पर नहीं गयी थी सुवह कहीं और गयी थी जो दोपहर लगभग 3 बजे हास्टल आने का पता चला था रात लगभग 12-30 बजे काम से हास्टल वापस आई तो उसके साथ रहने वाली आस्था यादव कमरे के अंदर लगे पंखे से ओढ़ने वाली स्टाल का फंद्धा लगाकर एवं दूसरे छोर का गले मे फंद्धा लगाकर फासी लटकी जिसकी मृत्यु हो चुकी

# तीसरी लाइन कार्यों के चलते गाड़ियाँ प्रभावित

जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। उत्तर मध्य रेलवे झाँसी मंडल पर तीसरी लाइन सम्बन्धी कार्यों के चलते पश्चिम मध्य रेल से गुजरने वाली कुछ गाड़ियों का मार्ग परिवर्तित किया गया है जिसका विवरण निम्नानुसार है =

मार्ग परिवर्तित गाड़ियाँ =-

1. दिनांक 20 दिसम्बर को अपने प्रारम्भिक स्टेशन से प्रस्थान करने वाली गाड़ी संख्या 12644 निजामुद्दीन-तिरुवनन्तपुरम एक्सप्रेस, गाड़ी संख्या 12708 निजामुद्दीन - तिरुपति एवं गाड़ी संख्या 12808 निजामुद्दीन विशाखापट्टनम एक्सप्रेस मथुरा - बीना के बजाय परिवर्तित मार्ग अर्थात मथुरा - बयाना- सोगरिया - रुठियाई - बीना होकर गंतव्य को जायेंगी।
2. दिनांक 20 दिसम्बर एवं 21 दिसम्बर को अपने प्रारम्भिक स्टेशन से प्रस्थान करने वाली गाड़ी संख्या 12780 निजामुद्दीन-वास्को-डिगामा एक्सप्रेस, गाड़ी संख्या 12626 नई दिल्ली - तिरुवनन्तपुरम एवं गाड़ी संख्या 12628 नई दिल्ली - बेंगलुरु सिटी एक्सप्रेस गाड़ी मथुरा - बीना के बजाय परिवर्तित मार्ग अर्थात मथुरा - बयाना- सोगरिया - रुठियाई - बीना होकर गंतव्य को जायेंगी।
3. दिनांक 20 दिसम्बर से 22 दिसम्बर को अपने प्रारम्भिक स्टेशन से प्रस्थान करने वाली गाड़ी संख्या 12191 निजामुद्दीन - जबलपुर एक्सप्रेस मथुरा - बीना के बजाय परिवर्तित मार्ग अर्थात ग्वालियर - गुना - बीना होकर गंतव्य को जाएगी ।
4. दिनांक 20 दिसम्बर से 22 दिसम्बर को अपने प्रारम्भिक स्टेशन से प्रस्थान करने वाली गाड़ी संख्या 12618 निजामुद्दीन - एर्नाकुलम एक्सप्रेस मथुरा-भोपाल के बजाय परिवर्तित मार्ग अर्थात ग्वालियर -गुना - रुठियाई-मक्सी-भोपाल होकर गंतव्य को जाएगी ।

इस संबंध में यात्रियों से अनुरोध है कि ट्रेन की उचित स्थिति की जानकारी स्टेशनों, एनटीईएस, रेल मदद 139 एवं ऑनलाइन प्राप्त कर यात्रा करें।

# मा.अ.आयोग ने तीन मामलों में संज्ञान लेकर कार्यवाही का दिया निर्देश, मांगा प्रतिवेदन

जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। मप्र मानव अधिकार आयोग ने शहर के तीन जनहित के मामलों में संज्ञान लिया हैं। क्षेत्रीय कार्यालय प्रभारी फरजाना मिर्जा ने बताया कि मीडिया रिपोर्ट के अनुसार मुख्य पीठ भोपाल में अध्यक्ष मनोहर ममतानी की एकलपीठ ने प्रकरण पर सुनवाई करते हुए, मानव अधिकारों के हनन का मामला मानकर, संबंधितो को कार्यवाही का निर्देश देकर प्रतिवेदन तलब किया है।

**खेल मैदान में बह रहा नाली का दूषित पानी**

जिले की तहसील सिहोरा के कन्या हायर सेकेंडरी स्कूल में स्कूल के खेल मैदान में नाली का दूषित पानी बहने का मामला सामने आया है। स्कूल भवन से संलग्न प्रवेश द्वार का कार्य भी अधूरा पड़े होने से स्कूल में असुविधाएं हो रही है। आयोग ने जबलपुर के कलेक्टर एवं जिला शिक्षा अधिकारी से मामले की जांच कराकर, इस संबंध में की गई कार्यवाही का प्रतिवेदन तीन सप्ताह में मांगा है।

**स्कूल की जमीन पर बस गया गांव, जमीन पर किया कब्जा**

जिले के बरगी रोड स्थित शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल की आधी से ज्यादा भूमि पर अवैध कब्जा करने का मामला सामने आया है। स्कूल के रिकॉर्ड में जितनी वर्ग फिट जमीन दर्ज है, उसमें से आधी से ज्यादा भूमि एवं मैदान पर अवैध कब्जा कर घर एवं दुकान बना लिये गये है। मामले में संज्ञान लेकर आयोग ने जबलपुर के कलेक्टर एवं जिला शिक्षा अधिकारी से मामले की जांच कराकर, स्कूल की जमीन की सुरक्षा एवं उसके स्कूल की गतिविधियों में ही उपयोग को सुनिश्चित कराये जाने के संबंध में प्रतिवेदन एक माह में मांगा है। महीनों से नहीं जोड़ पाये पाइप लाइन, पानी के लिये लोग परेशान शहर के वार्ड नंबर 13,14 एवं 16 में समाहित शंकर कॉलोनी में जल जीवन मिशन के तहत बिछाई गई पाइप लाइन की टेस्टिंग न करने एवं पाइप लाइन को नहीं जोड़ने के कारण रहवासियों को पेयजल की समस्या से जुझना पड़ रहा है। ठेकेदार द्वारा बार-बार पाइप लाइन जोड़ने एवं टेस्टिंग करने का आश्वासन दिया जा रहा है, लेकिन इसके बावजूद कोई कार्यवाही न होने के कारण रहवासियों को पीने का पानी नहीं मिल पा रहा है। मामले में संज्ञान लेकर आयोग ने जबलपुर के नगर निगम आयुक्त से मामले की जांच कराकर, की गई कार्यवाही का प्रतिवेदन एक माह में मांगा है।

# मंडल राजभाषा कार्यान्वयन समिति की बैठक सम्पन्न

जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय के सभाकक्ष में मंडल रेल प्रबंधक श्री विवेक शील की अध्यक्षता में मंडल राजभाषा कार्यान्वयन समिति की 188वीं बैठक संपन्न हुई ।

इस अवसर पर अपर मुख्य राजभाषा अधिकारी एवं अपर मंडल रेल प्रबंधक (प्रशा.एवं सामा.) श्री सुनील टेलर ने अपने स्वागत उद्बोधन में अध्यक्ष महोदय/डीआरएम सहित सभी सदस्यों/प्रतिनिधियों का बैठक में हार्दिक स्वागत करते हुए बताया कि मंडल रेल प्रबंधक के कुशल नेतृत्व में जबलपुर मंडल पर रेल परिचालन के साथ-साथ भारत सरकार की राजभाषा नीतियों का प्रभावी कार्यान्वयन उत्तरोत्तर प्रगति पर है। उन्होंने बताया कि क्षेत्रीय राजभाषा कार्यान्वयन समिति की बैठकों में निर्देश दिए गए हैं कि, सभी नाम/पदनाम/सूचना बोर्ड आदि द्विभाषी बनाए जाएं। धारा 3(3) का शतप्रतिशत अनुपालन हो। हिंदी पत्रों के उत्तर अनिवार्य रूप से हिंदी में दें। अंग्रेजी पत्रों के उत्तर भी यथासंभव हिंदी में ही दें। अधिकाधिक डिक्टेशन हिंदी में दें। मंडल पर संचालित हिंदी पुस्तकालयों का सदुपयोग करें। अपनी निरीक्षण रिपोर्टों में राजभाषा प्रगति संबंधी टिप्पणी दें। राजभाषा के अलावा आयोजित अन्य बैठकों में चर्चा के रूप में राजभाषा प्रगति को एक मद के रूप में शामिल करें।

मंडल रेल प्रबंधक श्री विवेक शील ने अपने अध्यक्षीय उदबोधन में बताया कि हमारा मंडल राजभाषा प्रयोग प्रसार की दृष्टि से %क% क्षेत्र में स्थित है, अधिकांश कर्मचारियों की मातृभाषा हिंदी ही है। वार्षिक कार्यक्रम में राजभाषा प्रयोग प्रसार का लक्ष्य शतप्रतिशत निर्धारित है। अत: सभी निर्धारित लक्ष्यों की प्राप्ति में अपना योगदान दें। राजभाषा प्रयोग प्रसार में उपलब्धि के लिए जबलपुर मंडल को लगातार प्राप्त हो रहे अनेक सम्मान के क्रम में प्रथम पुरस्कार के रूप में नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति की राजभाषा ट्रॉफी प्राप्त हुई है। आशा है हम सभी सम्मिलित प्रयासों से राजभाषा के प्रयोग प्रसार को और ऊँचाई प्रदान करेंगे। उन्होंने कहा कि अब ई-ऑफिस में हिंदी में काम करना और आसान हो गया है तथा आप सभी शाखा अधिकारियों को ई-ऑफिस के नए फीचर की जानकारी हो तो आगामी बैठकों के अंत में उसके बारे में जानकारी दें ताकि सहजता से इसका ज्ञान सभी को हो जाए।

उक्त बैठक का संचालन करते हुए समिति सचिव एवं राजभाषा अधिकारी श्री डी.के.शुक्ला ने सचिव की रिपोर्ट प्रस्तुत की तथा सभी से राजभाषा प्रयोग प्रसार में अपेक्षित कार्रवाई करने की अपील की।

इस बैठक में वरिष्ठ मंडल यांत्रिक इंजीनियर (कोचिंग) श्री स्वप्निल पाटिल,वरिष्ठ मंडल परिचालन प्रबंधक (सामा)-श्री अजय कुमार शुक्ल, वरिष्ठ मंडल विद्युत इंजीनियर(सामा.)-श्री रामबदन मिश्रा, श्री वरिष्ठ मंडल सिगनल एवं दूरसंचार इंजीनियर - श्री आलोक तिवारी, वरिष्ठ मंडल यां.इंजी(फ्रेट)- हनुमान प्रसाद मीणा, वरिष्ठ मंडल विद्युत इंजी.(क/परिचालन) श्री अक्षय कुमरावत , वरिष्ठ मंडल इंजी.(पश्चिम)-दीप्ति शर्मा श्री वरिष्ठ मंडल संरक्षा अधिकारी-अनिल कुमार श्रीवास्तव, स्टेशन निदेशक-जबलपुर श्री अखिलेश कुमार नायक एवं अन्य अधिकारी, कर्मचारी भी उपस्थित थे। कार्यक्रम के अंत में राजभाषा अधिकारी व सहायक कार्मिक अधिकारी डी.के.शुक्ला द्वारा सभी का आभार प्रदर्शन व धन्यवाद ज्ञापन किया गया।

## घनश्याम अग्रवाल का निधन

जबलपुर। वरिष्ठ भाजपा नेता श्री गोविंद अग्रवाल, अग्रवाल सभा के पूर्व अध्यक्ष के छोटे भाई श्री घनश्याम अग्रवाल का 67 वर्ष की उम्र में बीमारी के कारण निधन हो गया है ।उनकी अंतिम यात्रा शिव धाम दमोह रोड से प्रात: 11ः00 बजे शनिवार को रानी ताल मुक्तिधाम के लिए प्रस्थान करेगी ।ओम शांति ओम शांति



भोपाल -उप मुख्यमंत्री श्री जगदीश देवड़ा ने कहा है कि मध्यप्रदेश सरकार यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत को समग्र रूप से विकसित करने तथा विश्व की अग्रणी अर्थव्यवस्थाओं की श्रेणी में लाने के लिए समर्पित और प्रतिबद्ध है। उज्जैन में 2028 में आयोजित होने वाले सिंहस्थ महापर्व की चर्चा करते हुए उपमुख्यमंत्री श्री देवड़ा ने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के कुशल नेतृत्व में प्रदेश सरकार द्वारा सिंहस्थ क्षेत्र में सुनियोजित रूप से विकास व जन-सुविधाओं की भी व्यापक व्यवस्था के लिए आगामी बजट में सिंहस्थ आयोजन के लिए प्रावधान का अनुरोध किया।

### पन्ना की जल कलश यात्रा, संत सम्मेलन में ९८ करोड़ से अधिक के विकास कार्यों की दी सौगात

# बुंदेलखण्ड का हर व्यक्ति होगा खुशहाल- मुख्यमंत्री डॉ. यादव



भोपाल-(आरएनएस) मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने पन्ना में आयोजित जल कलश यात्रा, संत सम्मेलन और लोक कल्याण शिविर में 98 करोड़ रूपये के 13 विकास कार्यों की सौगात देते हुए कहा कि 25 दिसम्बर से बुन्देलखण्ड क्षेत्र की प्रगति के नये द्वार खुल रहे हैं। उन्होंने कहा कि बुन्देलखण्ड का हर व्यक्ति खुशहाल होगा। पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न स्व. अटल बिहारी वाजपेई की 100वीं जयंती पर प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी केन-बेतवा नदी जोड़ो परियोजना का खजुराहो में शिलान्यास करेंगे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने पन्ना क्षेत्र के अजयगढ़ में 100 सीटर कन्या और 50 सीटर बालक छात्रावास बनाने की घोषणा की। मुख्यमंत्री डॉ. यादव का कार्यक्रम में बुन्देलखण्डी पगड़ी पहनाकर सम्मान किया गया। आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं ने मुख्यमंत्री को भगवान श्री जुगल किशोर की पेंटिंग भेंट की।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि बुन्देलखण्ड विकास की बदौलत अब नये दौर में पहुंच रहा है। देश की पहली नदी जोड़ो परियोजना के क्रियान्वयन से बुन्देलखण्ड की तस्वीर और तकदीर बदलेगी। बहुप्रतीक्षित केन-बेतवा लिंक राष्ट्रीय परियोजना से वृहद स्तर पर सिंचाई एवं पेयजल सुविधा मिलेगी। साथ ही बिजली उत्पादन, कई फसलों की पैदावार एवं पर्यटन क्षेत्र में विकास से नागरिकों का जीवन खुशहाल होगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव गुरूवार को पन्ना के शासकीय पॉलीटेक्निक महाविद्यालय के खेल मैदान में जल कलश यात्रा, संत सम्मलेन एवं जनकल्याण पर्व में शामिल हुए।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि सरकार के एक वर्ष पूर्ण होने पर जनकल्याण पर्व मनाया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि गत 20 वर्ष से लंबित पार्वती-कालीसिंध-चंबल नदी जोड़ो परियोजना से चंबल एवं मालवांचल में खुशहाली आएगी। 70 हजार करोड़ रूपए लागत की इस परियोजना का निर्माण भी अब निर्बाध रूप से होगा। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार गरीब कल्याण के लिए कृत संकल्पित है। धार्मिक क्षेत्र में भी विकास की अपार संभावना है। इसके लिए सरकार प्रयासरत है। तीर्थ क्षेत्रों के विकास के साथ सर्वसमाज एवं सर्वहरा वर्ग के कल्याण के लिए योजनाएं संचालित की जा रही हैं। उद्योगों के माध्यम से रोजगार के अवसर में बढ़ोत्तरी का प्रयास भी किया जा रहा है। गत दिनों में संभाग स्तर पर सफलतापूर्वक रीजनल इंडस्ट्री कॉन्क्लेव आयोजित किए गए हैं। इंग्लैंड और जर्मनी की यात्रा के दौरान भी निवेशकों को आगामी फरवरी माह में भोपाल में प्रस्तावित इंवेस्टर समिट के लिए आमंत्रित किया गया है।

खजुराहो सांसद श्री विष्णुदत्त शर्मा ने कहा कि केन-बेतवा लिंक परियोजना बुन्दलेखण्ड की जीवन रेखा साबित होगी। इससे क्षेत्र के लाखों लोगों को पेयजल सुविधा और किसानों को सिंचाई के लिए भरपूर पानी मिलेगा। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री के विजन एवं सकारात्मक सोच के फलस्वरूप अन्य विकास योजनाएं भी क्रियान्वित होंगी। पूर्व मंत्री एवं विधायक श्री बृजेन्द्र प्रताप सिंह ने कहा कि केन-बेतवा लिंक परियोजना के लिए केन्द्र एवं राज्य सरकार का भागीरथी प्रयास सराहनीय है।

विभागीय प्रदर्शनी रही आकर्षण का केन्द्र

मुख्यमंत्री डॉ. यादव के पन्ना प्रवास के दौरान कार्यक्रम स्थल पर जनकल्याण एवं विकास पर केन्द्रित प्रदर्शनी भी लगाई गई थी। जिला प्रशासन के निर्देशन में विभिन्न विभागों द्वारा स्टॉल लगाए गए। मुख्यमंत्री ने प्रदर्शनी का अवलोकन कर सराहना की। साथ ही आजीविका मिशन के स्टॉल में समूह की महिलाओं द्वारा निर्मित उत्पादों का अवलोकन कर व्यंजन भी चखे। हीरा कार्यालय द्वारा यहां हीरा प्रदर्शनी भी लगाई गई। इस मौके पर गत दिवस प्राप्त 17 कैरेट के हीरे का प्रदर्शन भी किया गया। कार्यक्रम में राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग के अध्यक्ष डॉ. रामकृष्ण कुसमरिया, जिला पंचायत अध्यक्ष मीना राजे, विधायक श्री प्रह्लाद लोधी, नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती मीना पाण्डेय सहित अधिकारीगण तथा बड़ी संख्या में आमजन भी उपस्थित रहे।

### राज्यपाल ने 7वें अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन आर.टी.आई.पी. 2 आर- 2024 का किया शुभारम्भ

# साइबर क्राइम के बदलते स्वरुप से समाज को जागरुक करना जरुरी- राज्यपाल श्री पटेल



भोपाल-(आरएनएस) राज्यपाल श्री मंगुभाई पटेल ने कहा कि विज्ञान और तकनीक की उन्नति ने साइबर अपराधों के स्वरूप को बदला है। साइबर अपराध के बदलते पैटर्न जैसे- डिजिटल अरेस्ट, हैकिंग, फिशिंग आदि से समाज को जागरूक करना बहुत जरूरी है। राज्यपाल श्री पटेल मेनिट भोपाल में रिसेंट ट्रेंड्स इन इमेज प्रोसेसिंग एण्ड पैटर्न रिकग्निशन विषय पर 7वें अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन आर.टी.आई.पी. 2 आर- 2024 के शुभारम्भ कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। यह तीन दिवसीय सम्मेलन भारतीय सूचना प्रौद्योगिकी संस्थान और मौलाना आजाद राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान भोपाल के संयुक्त तत्वाधान में मेनिट परिसर में आयोजित किया गया है।

राज्यपाल श्री पटेल ने कहा कि आज का समय डिजिटल युग है। इसलिए समाज को विज्ञान और तकनीक के सकारात्मक और नकारात्मक दोनों पक्षों के बारे में जागरूकता आवश्यक है। उन्होंने विशेषज्ञों से कहा कि भारतीय ज्ञान परम्परा में निहित विज्ञान और तकनीकी ज्ञान की प्रगति का समाज और राष्ट्र के हित में विमर्श करे। सम्मेलन के माध्यम से तकनीक के परिवर्तनकारी क्षेत्रों के विकास में अपना योगदान देने आगे आए।

राज्यपाल श्री पटेल ने कहा कि मध्यप्रदेश की सांस्कृतिक विरासत समृद्ध है। राज्य में तकनीकी और औद्योगिक विकास के लिए आवश्यक दूरदर्शी दृष्टिकोण और अपार संभावनाएं है। प्रदेश की नीति और रीति, अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन के विषय के अनुरूप है। उन्होंने पारस्परिक सहयोग से डिजिटल क्रांति के मुख्य घटक इमेज प्रोसेसिंग और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस की सम्भावनाओं पर पहल की सराहना की। राज्यपाल श्री पटेल ने सरस्वती प्रतिमा पर पुष्प अर्पण और दीप प्रज्ज्वलन कर सम्मेलन का शुभारम्भ किया। उनका पुष्प-गुच्छ से स्वागत और शॉल, श्रीफल, स्मृति चिन्ह भेंट कर अभिनंदन किया गया। कार्यक्रम में साऊथ डकोटा यूनिवर्सिटी यू.एस.ए. के विषय विशेषज्ञ श्री के.सी. संतोष, दुबई में कार्यरत डॉ. विनयातोष मिश्रा ने इमेज प्रोसेसिंग और पैटर्न रिकग्निशन विषय पर शोध की सम्भावनाओं पर प्रकाश डाला। मेनिट संस्थान के डायरेक्टर श्री के.के. शुक्ला ने संस्थान के माध्यम से आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के क्षेत्र में शोध, विकास और एम्स भोपाल के साथ स्वास्थ्य के क्षेत्र में किए जा रहे नवाचारों की जानकारी दी। आईआईआईटी के डायरेक्टर प्रो. श्री आशुतोष कुमार सिंह ने कॉन्फ्रेंस के आयोजन, उद्देश्य और विकसित भारत के निर्माण में तकनीक और शोध के महत्व पर विस्तार से जानकारी दी। आभार डॉ. दीप चन्द्र जोशी ने माना। सम्मेलन में देश-विदेश से आए विषय विशेषज्ञ, शोधकर्ता, विद्यार्थी गण उपस्थित रहे।

# गांवों का समग्र विकास हमारी प्राथमिकता-मंत्री पटेल



भोपाल (आरएनएस) पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री श्री प्रहलाद सिंह पटेल ने कहा कि गांव का समग्र विकास हमारी प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि सभी पंचायत भवन विहीन 1153 ग्राम पंचायतों में पंचायत भवन स्वीकृत किए गए हैं। मंत्री श्री पटेल ने कहा कि पुराने जर्जर पंचायत भवनों के संबंध में निर्णय लेने के लिए एक विशेष समिति गठित की जाएगी। उन्होंने कहा कि हमारा लक्ष्य है कि आगामी पंचायत चुनाव तक कोई भी ग्राम पंचायत भवन विहीन न रहे। मंत्री श्री पटेल ने गुरुवार को प्रदेश भर से आए पंचायत प्रतिनिधियों से निवास पर मुलाकात की।

मंत्री श्री पटेल ने कहा कि पंचायतों को स्वावलंबी बनाने के लिए प्राथमिकताओं को चिन्हित करना चाहिए। उन्होंने कहा कि प्रत्येक पंचायत में शमशान घाट हो और साथ ही गौ-वंश संरक्षण के लिए विशेष उपाय किए जाए। मंत्री श्री पटेल ने पौध-रोपण के दौरान सावधानी और सतर्कता बरतने और नियमित मॉनिटरिंग के लिए एक ठोस योजना तैयार करने के निर्देश दिए। उन्होंने सभी प्रतिनिधियों को ग्राम पंचायतों में कॉमर्शियल कॉम्पलेक्स बनाने के लिए सुझाव देने के लिए कहा। मंत्री श्री पटेल ने कहा कि सभी पंचायत प्रतिनिधि सरकारी जमीनों पर अतिक्रमण हटाने के लिए विशेष प्रयास करें, इससे पंचायतों को भूमि को संरक्षित करने में मदद मिलेगी। उन्होंने ग्राम पंचायतों के कार्यक्षेत्र में रेत संबंधित समस्याओं को प्राथमिकता के आधार पर सुलझाने का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि कपिलधारा और सामुदायिक पेयजल परियोजनाओं की लागत को बराबर करने की दिशा में विचार किया जा रहा है, जिससे ग्रामीणों को सुगमता से लाभ मिल सके। मंत्री श्री पटेल ने कहा कि पंचायत सचिवों और जीआरएस के लिए एमआईएस पोर्टल को और अधिक सुलभ बनाया जाएगा। उन्होंने कार्य अनुमोदन में पारदर्शिता लाने पर बल दिया। मंत्री श्री पटेल ने कहा कि पंचायतें मजबूत होंगी, तो प्रदेश सशक्त बनेगा। इस अवसर पर सरपंच संघ के प्रतिनिधियों ने विभिन्न मुद्दों को मंत्री श्री पटेल के समक्ष रखा।

## ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाओं को सशक्त करने के लिये शासन प्रतिबद्ध-उप मुख्यमंत्री शुक्ल

भोपाल (आरएनएस)उप मुख्यमंत्री श्री राजेन्द्र शुक्ल ने कहा है कि ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाओं को सशक्त करने के लिये शासन प्रतिबद्ध है। ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य चिकित्सकों, विशेषज्ञों की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिये डिस्ट्रिक्ट रेसिडेंसी प्रोग्राम में संशोधन किया गया है। 1 जनवरी 2025 से शुरू होने वाले इस कार्यक्रम के तहत शैक्षणिक सत्र 2022 के 319 स्नातकोत्तर छात्र चिकित्सकों को प्रदेश के विभिन्न जिला अस्पतालों में तैनात किया जाएगा। इस पहल से ग्रामीण इलाकों में विशेषज्ञ चिकित्सकों की उपस्थिति सुनिश्चित होगी, साथ ही चिकित्सा सेवाओं की गुणवत्ता में भी व्यापक सुधार होगा। आयुक्त, स्वास्थ्य श्री तरुण राठी ने बताया कि मध्यप्रदेश सरकार ने ग्रामीण और पिछड़े जिलों में विशेषज्ञ चिकित्सकों की उपलब्धता बढ़ाने के उद्देश्य से डिस्ट्रिक्ट रेसिडेंसी प्रोग्राम को संशोधित स्वरूप में लागू किया है। डिस्ट्रिक्ट रेसिडेंसी प्रोग्राम, जो 1 अप्रैल 2023 से मध्यप्रदेश में लागू हुआ था, अब 18 दिसंबर 2024 को जारी संशोधित नीति के तहत अधिक पारदर्शिता और प्रभावशीलता के साथ लागू किया जाएगा। प्रत्येक जिले में अधिकतम 12 छात्र चिकित्सकों की तैनाती की जाएगी,

### प्रदेश महासचिव रेखा चौधरी सैकड़ों कांग्रेसजनों के साथ घेराव व प्रदर्शन में शामिल हुईं

# भाजपा सरकार के कर्ज, क्राइम और करप्शन के खिलाफ कांग्रेस ने विधानसभा को घेरने सड़कों पर डेरा डाला

भोपाल (आरएनएस)। प्रदेश की भाजपा सरकार के कर्ज, क्राइम और करप्शन के विरूद्ध मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी के आव्हान पर प्रदेश भर से भोपाल पहुंचे किसानों, नौजवानों और कांग्रेसजनों ने विधानसभा को घेरने के लिए सड़कों पर डेरा डाला हुआ है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी ने आरोप लगाया है कि हजारों की संख्या में पहुंचे प्रदर्शनकारियों के सैलाब से घबराई डॉ मोहन यादव की सरकार ने कांग्रेस द्वारा उठाए गए सवालों के जवाब से बचने के लिए विधानसभा को स्थगित करते हुए भोपाल के सभी क्षेत्रों में पुलिस और बेरिकेड्स के द्वारा नाकाबंदी कर हजारों कांग्रेसजनों को भोपाल पहुंचने से रोका दिया है। नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने घेराव प्रदर्शन को संबोधित करते हुए कहा कि मध्यप्रदेश का हर वर्ग—किसान, महिला, आदिवासी, दलित और युवा—आज मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव से बीते 1 साल का हिसाब मांगने सड़कों पर है।

प्रदेश कांग्रेस महासचिव रेखा चौधरी अपने प्रभार जिले टीकमगढ़ व गृहजिले सागर से सैकड़ों किसानों, नौजवानों और कांग्रेसजनों के साथ विधानसभा घेराव व विरोध प्रदर्शन के कार्यक्रम में शामिल हुईं।

कांग्रेस प्रवक्ता डॉ संदीप सबलोक ने विधानसभा घेराव के लिए भोपाल पहुंचने के पहले ही पुलिस द्वारा नाकाबंदी कर कांग्रेसजनों को रोकने पर तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा है प्रदेश की मोहन सरकार और भाजपा किसानों- नौजवानों और आम वर्ग की आवाज को दबाने के लिए फासिस्टवादी नीतियों पर उतर आई है और लोकतांत्रिक अधिकारों का गला घोंट रही है। अपने आरोप को लेकर डॉ संदीप सबलोक ने कहा है कि आष्टा के मनोज परमार दंपत्ति के बाद रतलाम के आलोट में सरकारी वेयर हाउस के मैनेजर आरडी शर्मा द्वारा भाजपा नेताओं और सरकार की प्रताड़ना से तंग आकर मौत को गले लगाने की हृदयविदारक घटनाएं भाजपा के गुंडाराज के सबूतों के तौर पर काफी है।

## भारत को विश्वगुरु बनाने की नीव भारतीय संस्कृति और सांस्कृतिक धरोहरों का समृद्ध इतिहास है - डॉ. महेश शर्मा

भोपाल (आरएनएस)। गौतमबुद्ध नगर, उ.प्र. से *सांसद और हाउसिंग कमेटी, भारत सरकार के अध्यक्ष डॉ. महेश शर्मा (पूर्व केंद्रीय मंत्री - उड्डयन, पर्यटन, संस्कृति, वन, पर्यावरण, मौसम परिवर्तन, आयुष मंत्रालय, भारत सरकार)* से डॉ. भरत शर्मा (सदस्य - संस्कृति मंत्रालय, भारत सरकार) ने गौतमबुद्ध नगर आवास में सौहार्द भेंट कर भारतीय सांस्कृतिक धरोहर के संरक्षण व संवर्धन पर किए जाने वाले कार्यों की समीक्षा करते हुए भारत के प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के द्वारा प्रदत्त निर्देशों और मार्गदर्शन में किए गए कार्यों की सराहना की और विश्वास दिलाया कि भारत को विश्वगुरु बनाने की नीव भारतीय संस्कृति और सांस्कृतिक धरोहरों का समृद्ध इतिहास है जो किसी भी राष्ट्र निर्माण में अध्यात्म, सभ्यता, राष्ट्रप्रेम, तप, संस्कार और त्याग के विचारो का सृजन करता है । भारतीय सभ्यता और उसकी सांस्कृतिक विरासतें इस बात का प्रमाण है की विश्व की ना केवल सबसे प्राचीन वरन् सबसे गौरवशाली विचारधारा वसुधैव कुटुम्बकम और सर्वे भवन्तु सुखिनः सर्वे संतु निरामयः और भारतीय युवावर्ग की प्रगतिशील विचारधारा भारत को अन्य सभ्यताओं से श्रेष्ठ साबित करता है।

# निजी स्कूलों के लिए फीस वृद्धि पर नया नियम लागू

### राज्यपाल की मुहर लगते ही लागू होंगे नियम


भोपाल (आरएनएस)। राज्य सरकार प्रदेश के निजी स्कूलों को बड़ी राहत देने जा रही है। अब ऐसे स्कूल जिनकी किसी भी कक्षा के लिए वार्षिक फीस 25 हजार रुपये से कम है, वे फीस नियंत्रण अधिनियम के दायरे में नहीं आएंगे। यदि ऐसे स्कूल 15 प्रतिशत से अधिक फीस वृद्धि करते हैं तो इसके लिए पहले जिला समिति से अनुमति लेनी होगी। ऐसा नहीं करने पर अधिनियम के प्रविधान के अनुसार कार्रवाई की जाएगी

मध्य प्रदेश सरकार ने निजी स्कूलों के लिए फीस वृद्धि में राहत दी है। 25 हजार रुपये तक फीस वाले स्कूलों को फीस नियंत्रण अधिनियम से बाहर रखा गया। 15त्न से अधिक वृद्धि के लिए जिला समिति से अनुमति जरूरी होगी, और परिवहन फीस अब वार्षिक फीस का हिस्सा होगी।


कोई भी स्कूल परिवहन (बस) फीस भी अब अलग से नहीं ले सकेगा। इसे भी वार्षिक फीस का ही भाग माना जाएगा। सूरज मेहता न्यूज चैनल को मिली जानकारी अनुसार सरकार ने मंगलवार को यह प्रविधान मध्य प्रदेश निजी विद्यालय अधिनियम-2024 में संशोधन के लिए प्रस्तुत विधेयक में किए हैं। सदन से विधेयक पारित होने के बाद राज्यपाल मंगुभाई पटेल की अनुमति मिलने पर प्रविधान प्रभावी होंगे। प्रदेश में 34,652 निजी स्कूल हैं। इनमें से लगभग 16 हजार ऐसे हैं, जिनकी किसी भी कक्षा में वार्षिक फीस 25 हजार रुपये या इससे कम है। मध्य प्रदेश निजी विद्यालय अधिनियम-2017 के तहत वर्ष 2020 में नियम बनाए गए। इसके प्रविधान अनुसार सरकार को यह अधिकार दिया गया कि वह निजी स्कूलों की फीस और अन्य विषयों पर निर्णय लेकर फीस विनियमन कर सकेगी। 10 प्रतिशत वार्षिक फीस बिना अनुमति के बढ़ाई जा सकती है लेकिन अधिक वृद्धि के लिए जिला समिति की अनुमति लेना आवश्यक है। स्कूल 25 हजार रुपये तक फीस लेने वाले स्कूलों को शिक्षकों के वेतन सहित अन्य व्यवस्थाओं के लिए वित्तीय प्रबंधन में परेशानी होती है। यदि प्रतिशत वृद्धि करते हैं तो अभिभावकों पर अधिक भार नहीं पड़ता है, इसलिए नई उपधारा प्रस्तावित की गई है कि 25 हजार रुपये वार्षिक फीस लेने वाले स्कूल अधिनियम के दायरे से बाहर रहेंगे। इसके साथ ही यह प्रविधान भी किया जा रहा है कि परिवहन फीस स्कूलों की वार्षिक फीस का भाग होगा। अभी स्कूल इसे वार्षिक फीस से अलग लेते हैं और इसमें वृद्धि भी अधिक होती है। इससे वार्षिक फीस नियंत्रित रहेगी। फीस बढ़ाने पर आपत्ति की अपील सुनने मंत्री की अध्यक्षता में समिति अधिनियम में यह संशोधन भी प्रस्तावित किया गया है

### अंतर्राष्ट्रीय डेलिगेट्स के साथ मेडिकल टूरिज्म बढ़ाने पर हुआ मंथन इथोपिया और उज्बेकिस्तान से आए डेलीगेट्स से किए लक्ष्य साझा

# मध्यप्रदेश बनेगा मेडिकल और वेलनेस टूरिज्म का केंद्र-प्रमुख सचिव शुक्ला




भोपाल-(आरएनएस)प्रमुख सचिव, पर्यटन और संस्कृति विभाग एवं प्रबंध संचालक, म.प्र. टूरिज्म बोर्ड श्री शिव शेखर शुक्ला ने कहा कि मध्यप्रदेश आने वाले समय में मेडिकल और वेलनेस टूरिज्म का केंद्र बनेगा। मध्यप्रदेश पर्यटन गन्तव्य स्थल अपने आप में वेलनेस स्थल है। यहां प्राकृतिक सुंदरता और शांति के साथ आयुर्वेदीय जड़ी बूटियों और औषधीय वनोपज की पर्याप्त उपलब्धता है। प्रमुख सचिव श्री शुक्ला कुशाभाऊ ठाकरे इंटरनेशनल कन्वेंशन सेंटर में स्वास्थ्य पर्यटन और वेलनेस से संबंधित अंतर्राष्ट्रीय प्रतिनिधियों के समूह और राज्य के हेल्थ, मेडिकल और टूरिज्म के प्रमुख हितधारकों को संबोधित कर रहे थे। श्री शुक्ला ने कहा कि पर्यटन के साथ-साथ स्वास्थ्य सुविधाओं की उपलब्धता के दृष्टिगत मध्यप्रदेश अंतर्राष्ट्रीय स्तर की सेवाएं देने के लिए सक्षम है। विदेश और अन्य राज्यों की तुलना में चिकित्सा सुविधाएं काफी सस्ती हैं। प्रमुख सचिव श्री शुक्ला ने चिकित्सा और पर्यटन के सभी हितधारकों को साझा प्रयास कर मेडिकल और वेलनेस टूरिज्म को बढ़ावा देने का आग्रह किया। उन्होंने शासन द्वारा हर संभव सहायता देने का आश्वासन भी दिया। कार्यक्रम का उद्देश्य मध्यप्रदेश में मेडिकल टूरिज्म को बढ़ावा देने के साथ, 'मेडिकल और वेलनेस' के हित धारकों के बीच सहयोग के अवसरों को सृजित करना है। कार्यशाला में इस बात पर भी बल दिया गया कि प्रदेश के सभी स्वास्थ्य संस्थाओं, वहाँ उपलब्ध सेवाओं तथा उपचार के सम्पूर्ण पैकेज की जानकारी वेबसाइट पर देने से बेहतर प्रचार प्रसार होगा। विदेशी प्रतिनिधियों ने उनके देश के साथ रूष करने की संभावनाओं पर भी प्रकाश डाला। इथोपिया और उज्बेकिस्तान से आए सभी डेलीगेट्स शुक्रवार को इंदौर में मेडिकल और वेलनेस की सुविधाओं और आवश्यक अधोसंरचनाओं पर अवसरों एवं संभावनाओं पर हितधारकों से चर्चा करेंगे। बैठक में उज्बेकिस्तान गणराज्य स्वास्थ्य मंत्रालय के उप प्रमुख श्री शोखोबुद्दीन गुल्यामोव, श्री अब्दुजामोल जुराऐव, श्री एलूबाबोर बूनो और इथियोपिया के स्वास्थ्य मंत्रालय से डॉ. आइरुसलेम बेफेकाडु येरडॉ, डॉ. टेजिना रेगास्सा शामिल हुए। उन्होंने मध्यप्रदेश में मेडिकल टूरिज्म और आवश्यक अधोसंरचना को बढ़ावा देने के प्रयासों पर चर्चा की। मध्यप्रदेश में मेडिकल और वेलनेस टूरिज्म की वर्तमान सुविधाओं एवं अवसरों पर प्रेजेन्टेशन भी दिया गया। अंतर्राष्ट्रीय डेलिगेट्स ने सुबह यूनेस्को विश्व धरोहर सांची की यात्रा की और शाम को भोपाल के लाल परेड ग्राउंड में अंतर्राष्ट्रीय वन मेले का अवलोकन भी किया। एमपी के स्टेकहोल्डर्स में उप संचालक आयुष डॉ. राजीव मिश्रा, गांधी मेडिकल कॉलेज की डीन और सीईओ सीनियर प्रोफेसर कविता एन सिंह, अपोलो सेज हॉस्पिटल के मार्केटिंग प्रमुख श्री अरुण मोदी, ताज होटल्स के डीओएसएम श्री वरुण खंडेलवाल, सागर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल के डायरेक्टर श्री आदित्य अग्रवाल, मेडिकल डायरेक्टर सिद्धार्थ रेडक्रॉस श्री सिद्धार्थ वार्ष्णेय, मानसरोवर ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूट की असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. श्रुति वासुदेवन, पीपुल्स ग्रुप के मेडिकल डायरेक्टर डॉ. अशोक, बंसल हॉस्पिटल के डॉ. अतुल समैया सहित कई प्रतिष्ठित संस्थाओं के प्रतिनिधि मौजूद रहे।



नया साल में कई ऐसे शुभ योग बन रहे हैं, जिससे कुछ राशियों के भाग्य चमक जाएंगे। ज्योतिष गणना के अनुसार नए साल में बुध ग्रह राशि परिवर्तन कर धनु राशि में प्रवेश कर जाएंगा। बुध ग्रह बुद्धि और व्यापार के दाता हैं। बुध ग्रह का गोचर 4 राशियों के जातकों के व्यापार के लिए बहुत ही शुभ होने वाला है। यह उनकी किस्मत को पूरी तरह से बदल देगा। इस आर्टिकल में हम आपको बताएंगे कि वह कौन सी 4 राशियां हैं,



## भारतीय अरबपतियों का धन तेज रफ्तार से बढ़ा

जब मध्य वर्ग के ढहने और उपभोक्ता बाजार के मंद होने की चर्चा चिंता का कारण बनी हुई है, तभी भारतीय अरबपतियों का धन तेज रफ्तार से बढ़ा है। वित्त वर्ष 2023-24 में उनके पास मौजूद धन में 42 फीसदी इजाफा हुआ। भारत में कम-से-कम एक तबके की चमक जरूर बढ़ रही है। वे भारत के उद्योगपति हैं। जिस समय देश में मध्य वर्ग के ढहने और उपभोक्ता बाजार के मंद होने की चर्चा चिंता का कारण बनी हुई है, तभी अरबपतियों का धन तेज रफ्तार से बढ़ रहा है। वित्त वर्ष 2023-24 में उनके पास मौजूद धन में 42 फीसदी इजाफा हुआ। रकम में देखें, तो यह बढ़ोतरी 905 बिलियन डॉलर की रही। उद्योगपतियों की संख्या के लिहाज से भारत पहले ही दुनिया में तीसरे नंबर पर आ चुका है। चूंकि चीन में विषमता घटाने की नीति पर सख्त अमल के कारण अरबपतियों की संख्या और उनका सकल धन घट रहा है, इसलिए संभव है कि कुछ वर्षों में भारत इस सूची में अमेरिका के बाद दूसरे नंबर पर आ जाए।

दस साल के आंकड़ों पर गौर करें, तो भारत में उद्योगपतियों की संख्या दो गुना होकर 185 तक पहुंच चुकी है, जबकि उनका कुल धन लगभग पौने तीन गुना (सही आंकड़ा 263 प्रतिशत है) बढ़ गया है। स्विस बैंक यूबीएस हर वर्ष अरबपतियों के बारे में रिपोर्ट जारी करता है। उसकी ताजा रिपोर्ट के मुताबिक इस समय वैश्विक रुझान अरबपतियों का धन अपेक्षाकृत घटने का है, लेकिन भारतीय अरबपति इस रुझान को मात देने में कामयाब हैं। पिछले वित्त वर्ष में अरबपतियों के धन के लिहाज से टॉप पांच देशों में अमेरिका, जर्मनी और ब्रिटेन में भी अरबपतियों का कुल धन बढ़ा, मगर सबसे ज्यादा वृद्धि भारत में दर्ज हुई।

# सच ही तो है- अंबेडकर जी सम्मान का विषय हैं फैशन का नहीं

संविधान पर चर्चा में देश के गृहमंत्री अमित शाह ने संसद में जो कहा उसके पहले 11 सेकंड के अंश को भ्रामक रूप से देश भर में फैलाया जा रहा है। इससे कांग्रेस, अंबेडकर जी को फैशन का विषय मानने के, अपने चिर पुराने चरित्र को ही दोहरा रही है।

भाजपा के डीएनए में प्रारंभ से ही दलित विमर्श रहा है, क्योंकि इसका मातृ संगठन आरएसएस प्रारंभ से ही सामाजिक समरसता के मार्ग पर चलने वाला संगठन रहा है। इस दलित विमर्श के ही डीएनए का परिणाम है कि भाजपा के सत्ता में आने के बाद ही इस देश में अंबेडकर जी को 'भारत रत्न' सम्मान मिल पाया। अंबेडकर जी को कांग्रेस ने भारत रत्न नहीं दिया, उसने तो नेहरू जी के प्रधानमंत्री रहते नेहरू जी को और इंदिरा जी की सरकार रहते इंदिराजी को भारत रत्न दे दिया था। अंबेडकर जी, संत पेरियार, महात्मा फुले, नारायण स्वामी जैसे दलित महापुरुष संघ के प्रतिदिन होने प्रातः स्मरण मंत्र में सम्मिलित हैं। संघ के स्वयंसेवक जो भाजपा के कार्यकर्ता बनते हैं वे प्रतिदिन सुबह के अपने प्रातः स्मरण के मंत्र में अंबेडकर जी का नाम श्रद्धा से लेते हैं। संघ के वरिष्ठ प्रचारक और विश्व के सबसे बड़े मजदूर नेता दत्तोपंत ठेंगड़ी तो बाबासाहेब के चुनाव में आधिकारिक एजेंट की भूमिका में रहे हैं। इस तथ्य से आप उस कालखंड में संघ व अंबेडकर जी की म्यूचुअल अंडरस्टेंडिंग या केमिस्ट्री को समझ सकते हैं। संघ के मूल चिंतन में दलित चिंता सदैव से रही है, इसका परिणाम है कि, मुंबई में जिस स्थान पर भाजपा का जन्म हुआ, उस स्थान का नाम संघ के प्रचारकों ने 卐समता नगर卐 रखा था। यह नाम एक बड़ा प्रतीक था भाजपा के दलित चिंतन वाले डीएनए का। बड़े दलित नेता व दलित पेंथर मूवमेंट के नेता दत्ताराव सिंदे यह सब देखकर ही भाजपा के कार्यकर्ता बने थे। संविधान पर चर्चा में देश के गृहमंत्री अमित शाह ने संसद में जो कहा उसके पहले 11 सेकंड के अंश को भ्रामक रूप से देश भर में फैलाया जा रहा है। इससे कांग्रेस, अंबेडकर जी को फैशन का विषय मानने के, अपने चिर पुराने चरित्र को ही दोहरा रही है। गृहमंत्री जी के इस व्यक्तव्य को यदि पूरा सुनेंगे तो अंबेडकर जी के अपमान के सारे वहम दूर हो जाते हैं। अमित शाह ने कहा - हमे तो आनंद है कि अंबेडकर का नाम लेते हैं। अंबेडकर का नाम आप 100 बार ज्यादा लो, लेकिन साथ-साथ अंबेडकर जी के प्रति आपका भाव क्या है, ये भी बताता हूं। अंबेडकर को देश की पहली कैबिनेट से इस्तीफा क्यों देना पड़ा। अंबेडकर जी ने कई बार कहा, अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजातियों के प्रति हो रहे व्यवहार से मैं असंतुष्ट हूं। सरकार की विदेश नीति से मैं असहमत हूं और अनुच्छेद 370 से मैं असहमत हूं। शाह ने आगे कहा, अंबेडकर जी को आश्वासन दिया गया, लेकिन उसे पूरा नहीं किया गया, बाद में उन्होंने इस्तीफा दे दिया।卐 उन्होंने कई बार कहा कि वह अनुसूचित जातियों और जनजातियों के साथ होने वाले व्यवहार से असंतुष्ट हैं। अंबेडकर को आश्वासन दिया गया था, जो पूरा नहीं हुआ, इसलिए कैबिनेट से इस्तीफा दे दिया था। बार बार संविधान और फैशन में अंबेडकर जी का नाम रटने वाली कांग्रेस ने तो बाबा साहेब को संविधान सभा के 296 सदस्यों में अंबेडकर जी को प्रवेश तक भी न मिलने देनें हेतु षड्यंत्र रचे थे। बाद में दलित नेता जोगेंद्रनाथ मंडल के सहयोग से वे येन केन प्रकारेण संविधान सभा में प्रवेश कर पाये थे। अंबेडकर जी बंगाल की जिस खुलना जैसोर सीट से संविधान सभा में पहुँचे थे वह इकहत्तर प्रतिशत हिंदू बहुल थी। देश विभाजन में ईक्कावन प्रतिशत हिंदू बहुल वाले क्षेत्रों को भारत में रहने देना तय हुआ था। केवल बाबासाहेब को संविधान सभा में घुसने से रोकने के लिए कांग्रेस ने बंगाल का यह इकहत्तर प्रतिशत वाला जिला पाकिस्तान को दे दिया था ताकि अंबेडकर जी की संविधान सभा की सदस्यता रद्द हो जाए।

आज अंबेडकर जी का नाम फैशन में लेने वाली कांग्रेस ने तो अंबेडकर जी का चित्र तक लोकसभा में नहीं लगने दिया था। संसद में, गैरकांग्रेसी सरकार बनने पर ही अंबेडकर जी का चित्र लग पाया था। भाजपा ने अंबेडकर जी से जुड़े पाँच स्थानों को पंचतीर्थ के रूप में विकसित किया। बाबासाहेब लंदन में जिस घर में रहे, भाजपा सरकार ने उसका भी अधिग्रहण किया व उनके स्मारक के रूप में उसे लंदन तक में विकसित किया। भाजपा ने ही चैत्य भूमि को विकसित किया और प्रधानमंत्री मोदी वहाँ स्वयं प्रार्थना करने हेतु गए। भाजपा ने दिल्ली के 26, अलीपुर रोड को भी विकसित किया जहां बाबासाहेब ने अपना अंतिम समय व्यतीत किया था। देश विभाजन की जनक कांग्रेस के सामने बाबासाहेब प्रारंभ से ही अखंड भारत के पक्ष में थे। यह नेहरू जी को बहुत भयभीत करता था। नेहरू जी वे अंबेडकर जी की प्रतिभा को जानते थे अतः वे उन्हें सत्ता की दहलीज़ तक भी नहीं आने देना चाहते थे। अंबेडकर जी मुस्लिम तुष्टिकरण के लिए किए जा रहे गांधी जी, जवाहरलाल नेहरू और जिन्ना के पुरजोर विरोध में थे। अंबेडकर जी की पुस्तक थॉट्स ऑन पाकिस्तान में इसका पूरा विवरण है, जिसमें उन्होंने लिखा है कि मुस्लिम तुष्टिकरण की नीति के चलते कांग्रेस ने देश का विभाजन कर डाला। बाबासाहेब का यह स्पष्ट मानना था कि चूँकि धर्म आधारित विभाजन हुआ है अतः संपूर्णतः तुम उधर-हम इधर की नीति अपनाई जानी चाहिए।

## इंडिया गठबंधन की हालत सूत न कपास जुलाहों में लठ्ठम लठ जैसी

इंडिया गठबंधन में नेतृत्व का मसला पहले भी कई बार उठ चुका है। गठबंधन का हर घटक दल नेतृत्व का दावा जताता रहा है। हास्यादपद यह है कि दावा जताने वाले अपने प्रभाव वाले राज्य में भी भाजपा को हराने में कामयाब नहीं हो सके।

सूत न कपास, जुलाहों में लठ्ठम लठ। इंडिया गठबंधन के विपक्षी दलों की हालत कुछ ऐसी हो गई है। भाजपा गठबंधन से मुकाबला करने में विफल रहे विपक्षी दल के नेता नेतृत्व की कलह से जूझ रहे हैं। भाजपा से बुरी तरह शिकस्त खाने और राजनीतिक धरातल पर हैसीयत को स्वीकार किए बगैर विपक्षी नेता गठबंधन के नेतृत्व के जरिए भविष्य का प्रधानमंत्री बनने का सपना पाले हुए हैं। इन दलों का आधार बेशक एक राज्य से ज्यादा नहीं हो, किन्तु देश को नेतृत्व देने की आपसी होड़ में पीछे नहीं है। विपक्षी दलों के पास भाजपा से मुकाबला करने के लिए कोई एजेंडा तक नहीं है। लोकसभा चुनाव और हाल ही हुए उपचुनावों में इंडिया गठबंधन के दल आपस में ही मुकाबला करते रहे। विपक्षी दलों का ख्वाब है कि जिसके हाथ में नेतृत्व की कमान होगी, उसी के हाथ में देश की बागडोर होगी। ठोस रणनीति के अभाव में यह दिन में ख्वाब देखने जैसा है। इंडिया गठबंधन के दलों में आपस में ही नेतृत्व की होड़ मची हुई है। भाजपा के खिलाफ कोरी बयानबाजी से विपक्षी दलों के नेता बयानवीर साबित हो रहे हैं। लोकसभा और उससे पहले विधानसभा चुनावों में इंडिया गठबंधन ताश के पत्तों की तरह बिखर गया। विपक्षी दलों ने चुनाव जीतने के लालच में गठबंधन की धज्जियां उड़ाने में कसर बाकी नहीं रखी। गठबंधन की हालत उसे घोड़ागाड़ी जैसी हो गई जिसके घोड़े को हर घुडसवार अपने हिसाब से हांकना चाहता है। ऐसे में यह गठबंधन देश को नेतृत्व देने के मामले में आगे बढने के बजाए पीछे खिसकता जा रहा है। इसी का परिणाम है कि भाजपा ने लोकसभा चुनाव में इंडिया गठबंधन को चारों खाने चित्त कर दिया।

## संसद परिसर में सांसद का रक्त गिरना लोकतंत्र के लिए शुभ संकेत नहीं

राहुल गांधी ने आज जो कुछ किया है वह सब देश के सामने है। देश को निर्णय लेना ही होगा कि संसद में उसे कैसे प्रतिनिधि चाहिए? जनता के लिए सरकार से भिड़ना अलग बात है लेकिन अपने राजनीतिक स्वार्थ के लिए किसी के साथ हिंसा करना अलग बात है। अक्सर कुर्ते की बाहें चढ़ा कर विरोधी दलों पर हमला बोलने वाले राहुल गांधी ने आज जिस तरह संसद में भाजपा सांसदों के साथ बर्ताव किया वह लोकतंत्र के लिए काला अध्याय बन गया। संयोग देखिये कि यह सब तब हुआ जब हाल ही में संसद ने %भारतीय संविधान के 75 वर्षों की गौरवशाली यात्रा% पर चर्चा की। देखा जाये तो यह कांग्रेस का दोमुंहापन नहीं तो और क्या है कि एक ओर उसके सांसद जय भीम के नारे लगा कर प्रदर्शन कर रहे थे तो दूसरी ओर पार्टी के नेता संविधान और नियमों की धज्जियां उड़ाते हुए गुंडागर्दी पर उतर रहे थे। बात-बात पर संविधान की प्रति दिखाने वाले राहुल गांधी को बताना चाहिए कि उसमें कहां लिखा है कि संसद में या संसद परिसर में हिंसा की जाये या किसी को धक्का दिया जाये? दिन-रात संविधान की प्रति दिखाने वाले राहुल गांधी को बताना चाहिए कि संविधान में कहां लिखा है कि महिला सांसद के साथ बदतमीजी की जाये? राहुल गांधी ने आज जो कुछ किया है वह सब देश के सामने है। देश को निर्णय लेना ही होगा कि संसद में उसे कैसे प्रतिनिधि चाहिए? जनता के लिए सरकार से भिड़ना अलग बात है लेकिन अपने राजनीतिक स्वार्थ के लिए किसी के साथ हिंसा करना अलग बात है। राहुल गांधी के खिलाफ एफआईआर कराई गयी है। देखना होगा कि उनके खिलाफ जांच में क्या निकल कर आता है लेकिन इतना तो तय है कि उन्होंने विपक्ष के नेता पद की गरिमा को तार-तार कर दिया है। इतिहास उन्हें विपक्ष के ऐसे नेता के रूप में याद रखेगा जिसने मर्यादाओं और लोकतांत्रिक परम्पराओं की कभी परवाह नहीं की। देखा जाये तो भाजपा सांसद प्रताप चंद्र सारंगी का सिर्फ माथा नहीं फूटा है बल्कि उनका जो रक्त संसद परिसर में गिरा है उससे लोकतंत्र के मंदिर की गरिमा को बड़ी ठेस पहुँची है और यह लोकतंत्र के लिए शुभ संकेत नहीं है।

बहरहाल, आज की घटना यह भी दर्शाती है कि भविष्य में सांसदों को राहुल गांधी से सचेत रहने की जरूरत है। वैसे तो संसद में अब तक माइक तोड़ने, पर्चे फाड़ने या शोर मचाने जैसे वाकये सामने आते थे लेकिन अब जिस तरह धक्का मुक्की होने लगी है उसने भारत की संसदीय प्रणाली पर सवालिया निशान भी खड़ा कर दिया है। सोनिया गांधी चूंकि विपक्ष की नेता रही हैं इसलिए उन्हें अपने पुत्र को समझाना चाहिए कि मुद्दों का हल हिंसा से नहीं वार्ता और चर्चा से निकलेगा। निश्चित ही आज वायनाड और रायबरेली के मतदाता भी पश्चाताप कर रहे होंगे कि उन्होंने क्यों राहुल गांधी की बातों पर विश्वास करके उन्हें चुन लिया।

## अभी बंद है शहनाइयों का शोर, लेकिन जनवरी में मकर संक्रांति से हर दूसरे दिन शादी के मुहूर्त

पौष के साथ खरमास 15 दिसंबर से शुरू हो जाने के कारण एक माह के लिए मांगलिक कार्यों पर विराम लग जाता है। इससे शादी की शहनाइयों का शोर कुछ समय के लिए थम गया है। खरमास की समाप्ति पर अब मांगलिक कार्य मकर संक्रांति से शुरू होंगे। खरमास को मलमास भी कहा जाता है। हिंदू पंचांग के अनुसार, खरमास का महीना तब शुरू होता है, जब सूर्य देव बृहस्पति की राशि धनु या मीन में प्रवेश करते हैं। यह मास आत्मिक जागरण के लिए उत्तम माना जाता है। जनवरी माह के अंतिम पखवाड़े में हर दूसरे दिन विवाह मुहूर्त हैं। ज्योतिषाचार्य सुनील चोपड़ा ने बताया कि अब 15 जनवरी तक विवाह नहीं होंगे। मलमास के बाद पहला विवाह मुहूर्त 16 जनवरी को है। खरमास के बाद जनवरी से लेकर जून तक के विवाह मुहूर्त हैं। जनवरी में 16, 19, 20, 23, 24, 29 और 30 तारीख को शुभ मुहूर्त में विवाह होंगे। फरवरी से जून माह के लिए विवाह मुहूर्त-फरवरी में 2, 3, 6, 7, 16, 19, 20, 21, 24, 26. मार्च में 2, 3, 6, 7. अप्रैल में 16,18,20,21,23,25,30. मई के महीने में 1, 7, 8, 9, 11, 18, 19, 22, 23, 25, 28 और जून के महीने में 1, 2, 4 और 6 जून को शुभ मुहूर्त हैं।

## बांग्लादेश में हिन्दू अल्पसंख्यकों के उत्पीडन दुर्भाग्यपूर्ण

अनिल जैन

जिस बांग्लादेश के निर्माण में भारत ने अहम भूमिका निभाई थी, अब उसी के साथ भारत के रिश्ते अभूतपूर्व तनाव के दौर से गुजर रहे हैं। वहां चार महीने पहले निर्वाचित सरकार के तख्तापलट और उसके बाद अपदस्थ प्रधानमंत्री शेख हसीना के भारत में शरण ले लेने के बाद दोनों देशों के बीच राजनयिक रिश्ते तो तल्ख हुए ही हैं, साथ ही बांग्लादेश में रह रहे हिन्दू अल्पसंख्यकों पर हिंसक हमलों की घटनाओं से भी दोनों देशों के रिश्तों में खासी कटुता आ गई है।

यह बात किसी से छिपी नहीं है कि बांग्लादेश में ऐसे लोगों की बड़ी तादाद हो गई है जो अपने देश की पहचान 1971 के संदर्भ में नहीं, बल्कि 1947 के संदर्भ में देखने लगे हैं। देश की अंतरिम सरकार के मुख्य सलाहकार मोहम्मद यूनुस तो संयुक्त राष्ट्र के मंच पर भी कह चुके हैं, %बांग्लादेश बना, क्योंकि लोगों का उदारवाद, बहुलवाद एवं धर्मनिरपेक्षता में गहरा यकीन था। अब दशकों बाद नई पीढ़ी उन मूल्यों और उसूलों पर पुनर्विचार कर रही है, जैसा कि 1952 में हुआ था, जब हमारे देशवासियों ने अपनी मातृ भाषा बांग्ला की रक्षा का संकल्प लिया था।' यानी 1952 में तत्कालीन पूर्वी पाकिस्तान के लोगों ने मजहबी आधार पर बने राष्ट्र (पाकिस्तान) को नकार कर भाषा एवं संस्कृति पर आधारित बहु-धर्मीय राष्ट्र को स्वीकार किया था। लेकिन अब लोग 1947 की तरफ देख रहे हैं, जब भारत का मजहबी आधार पर विभाजन हुआ था। अब बात चूंकि मुस्लिम पहचान पर आ गई है, तो स्वाभाविक नतीजा यह है कि वहां धार्मिक अल्पसंख्यकों के समान अधिकार की आकांक्षा पर चोट की जा रही है। इस रूप में पूरब की ओर भी पाकिस्तान की धारणा साकार हो रही है। यह घटनाक्रम ऐसे वक्त पर उभर कर सामने आया है, जब भारत उसे वैचारिक चुनौती देने के लिहाज से बेहद कमजोर स्थिति में है। चूंकि भारत में भी अब सत्ता प्रेरित मुख्य विमर्श हिन्दू-मुसलमान पर केंद्रित है, लिहाजा बांग्लादेश में हमेशा से मौजूद रही और अब सिर उठा कर सामने आ चुके महजबी कट्टरपंथी ताकतों को भी तर्क और ताकत मिल रही है।

वैसे शेख हसीना के तख्तापलट के बाद से वहां मोहम्मद यूनुस की अंतरिम सरकार ने भी पाकिस्तान से रिश्तों में गर्माहट लाने की दिशा में ऐसे कई ठोस कदम उठाए हैं, जो भारत के हित में नहीं माने जा सकते। पिछले महीने ही पाकिस्तान का एक मालवाहक पोत कराची से चल कर बांग्लादेश के दक्षिणपूर्वी तट स्थित चटगांव बंदरगाह पर पहुंचा। 1971 में बांग्लादेश के मुक्ति युद्ध के बाद से दोनों देशों में पहली बार सीधा समुद्री संपर्क हुआ है।

## कब मनाई जाएगी शनि त्रयोदशी, जानें व्रत की पूजा- विधि और शुभ मुहूर्त

शनि त्रयोदशी व्रत को बेहद ही पुण्यदायी माना गया है। यह खास दिन भगवान शंकर और शनि को समर्पित है। धार्मिक मान्यता है कि जो लोग यह व्रत करते हैं और पूजा-अर्चना करने से भक्तों सुख और शांति प्राप्त होती है। भक्तों के सभी कष्ट दूर होते हैं और इसके साथ ही मनोकामना पूर्ण होती है।

सनातन धर्म में शनि त्रयोदशी व्रत का अधिक महत्व है। इस व्रत को शनि प्रदोश के नाम से भी जाना जाता है। यह व्रत जब शनिवार को पड़ता है, तो यह शनि त्रयोदशी के नाम से जाना जाता है। शनि त्रयोदशी का व्रत भगवान शिव, माता पर्वती और शनि देव की विधिवत रुप से पूजा की जाती है और व्रत भी रखा जाता है। इस व्रत को रखने से व्यक्ति को मनसिक तनाव में शांति, दुखों का निवारण और सारी मानोंकामना पूर्ण होती है। आइए आपको बताते हैं कब है शनि त्रयोदशी और कैसे पूजा करें। हिंदू पंचांग के अनुसार, पौष माह के कृष्ण पक्ष की त्रयोदशी तिथि 27 दिसंबर, दिन शुक्रवार को रात 2 बजकर 28 मिनट पर शुरु होगी।

## किसी दृष्टि से छोटी घटना नहीं सुखबीर बादल पर हमला

अवधेश कुमार

अमृतसर में श्री हरमंदिर साहिब में शिरोमणि अकाली दल (शिअद) के अध्यक्ष और पंजाब के पूर्व उपमुख्यमंत्री सुखबीर बादल पर हमला किसी दृष्टि से छोटी घटना नहीं है।

संयोग कहिए या सुखबीर बादल की अभी आयु बची है अन्यथा हमलावर ने गोली चला ही दी थी। सुरक्षाकर्मियों ने उसे त्वरित गति से नियंतण्रमें लिया और हाथ ऊपर उठा दिया वरना जितने निकट से गोली चलाई गई थी सीधे सुखवीर बादल की छाती या सिर में घुस जाती।

सुखबीर बादल को अन्य अकाली नेताओं के साथ श्रीअकाल तख्त साहिब की तरफ से 11 दिन की सेवा की धार्मिक सजा सुनाई गई है। वे मुख्य प्रवेश द्वार पर बरछा लेकर व्हीलचेयर पर बैठे थे। उनकी सजा का दूसरा दिन था। इस समय सुखबीर बादल का पैर क्षतिग्रस्त है जिस कारण वह कुर्सी पर बैठ कर सेवा कर रहे हैं।

हमलावर 9 एमएम का ग्लोक रिवाल्वर लेकर इतने निकट पहुंच गया तो जांच होनी चाहिए कि ऐसा क्यों हुआ? वैसे यह दुर्भाग्य है कि कुछ नेताओं ने यही आरोप लगा दिया कि सुखबीर ने सहानुभूति लेने के लिए हमला कराया। पुलिस कमिश्नर गुरप्रीत सिंह भुल्लर ने कहा है कि हम इस पहलू से भी जांच कर रहे हैं। हमले के तरीके और स्थिति को देखते हुए सामान्य व्यक्ति सोच भी नहीं सकता कि इसके पीछे सुखबीर बादल या स्वयं अकाली दल का ही कोई षड्यंत्र होगा।

गिरफ्तार हमलावर का नाम नारायण सिंह चौड़ा है जिसे बब्बर खालसा इंटरनेशनल का आतंकवादी कहा जा रहा है। वह डेरा बाबा नानक का रहने वाला है। नारायण सिंह चौड़ा पर आतंक और अपराध के अनेक आरोप हैं। जानकारी के अनुसार उस पर पाकिस्तान से भारी संख्या में हथियार लाने सहित करीब 30 मामले दर्ज हैं। वह तीन बार जेल जा चुका है और 3,139 दिनों तक जेल में रहने का उसका रिकॉर्ड है।

उसे 28 फरवरी, 2013 को दो अन्य के साथ गिरफ्तार किया गया था। उसके कुराली स्थित ठिकाने से काफी संख्या में हथियार और गोला बारूद बरामद हुए थे। वह बब्बर खालसा इंटरनेशनल के आतंकवादियों जगतार सिंह हवारा, परमजीत सिंह भ्योरा, जगतार सिंह तारा और देवी सिंह को 2004 में चंडीगढ़ की बुरैल जेल से भागने में मदद की थी।

ध्यान रखिए कि ये सब पूर्व मुख्यमंत्री बेअंत सिंह के हत्यारे हैं, जो जेल में सुरंग खोदकर फरार हो गए थे। हालांकि इस मामले में वह बरी किया जा चुका है। उस पर 8 मई ,2010 को परमजीत सिंह पंचवाड़ के ड्राइवर रहे रतनदीप सिंह के साथ अमृतसर में सर्किट हाउस के पास एक कार में आरडीएक्स रख कर धमाका करने की साजिश का भी आरोप लगा था।

तरण तारण, गुरदासपुर सहित अन्य जिलों में भी उस पर गैर-कानूनी गतिविधियां रोकथाम अधिनियम यानी यूएपीए सहित गंभीर धाराओं में मामले दर्ज हैं। अंतिम बार वह 2022 में जमानत पर बाहर आया। चार दशक पहले उसके पाकिस्तान जाकर प्रशिक्षण लेने की भी बात सामने आई है। वहां उसने खालिस्तान नेशनल आर्मी का गठन किया था। वास्तव में आतंकवाद के शुरु आती चरण के दौरान पंजाब में हथियारों और विस्फोटकों की बड़ी खेप की तस्करी में वह शामिल रहा। पाकिस्तान में रहते हुए उसने गुरिल्ला युद्ध और देशद्रोही साहित्य पर किताब भी लिखी। सुखबीर बादल पर हमले के बाद केंद्रीय रेल राज्य मंत्री नवनीत सिंह बिट्टू का बयान है कि नारायण चौड़ा ने 2009 में उन पर भी हमला किया था। उनके अनुसार वह गाड़ी में आरडीएक्स लेकर घूमता था।

बिट्टू लगातार यह विषय उठा रहे हैं कि ऐसे आतंकवादियों को जेल से रिहा करना खतरनाक है। मुख्यमंत्री भगवंत मान ने मामले में एसआईटी गठित कर दी है, जिसमें अमृतसर पुलिस कमिश्नर के साथ 5 वरिष्ठ अधिकारी शामिल हैं। आप सोचिए, इस तरह का खतरनाक व्यक्ति पंजाब में सरेआम घूम रहा है तो इसे किस रूप में देखा जाए? वह धर्म पर व्याख्यान देता है, पुस्तक के अलावा लेख, कविताएं लिखता है। उसमें क्या बातें होती होंगी इसकी आसानी से कल्पना की जा सकती है। अगर वह पूरे बादल परिवार को पंथ का गद्दार मानता है तो इसमें आश्चर्य की कोई बात नहीं। वह सरेआम बोलता रहा है कि उपमुख्यमंत्री के रूप में सुखबीर बादल, उनके पिता मुख्यमंत्री प्रकाश सिंह बादल पंथ के विरु द्ध काम करते रहे हैं। ऐसी आतंकी सोच रखने वालों के लिए हर वह व्यक्ति पंथ का गद्दार होगा जो उसकी खालिस्तान संघर्ष की योजना का साथ न दे। उसने टीवी चैनल पर भी बादल परिवार को धमकी दी थी। सूचना यह है कि केंद्र सरकार भी इस संबंध में पुलिस को सचेत कर चुकी थी।

उसकी मानसिकता देखिए कि पुलिस ने जब उसे पकड़ा तो हंस रहा था। वास्तव में चौड़ा अकेले नहीं है जो इस समय पंजाब में सरेआम घूमते हुए हिंसक वातावरण निर्माण कर रहा है। हमने पंजाब के शहरों में खालिस्तान समर्थकों को सरेआम झंडा लेकर सड़कों पर प्रदर्शन करते देखा है। अमृतपाल सिंह का मामला सामने है। उसे किस तरह तैयार करके भारत भेजा गया यह भी सामने आ चुका है। वह सारेआम पूरे पंजाब में भारत विरोधी और आग लगने वाला बयान देता था, सभाएं करता था, उसका जगह-जगह स्वागत होता रहा और उसने देखते-देखते पूरे पंजाब में अपना एक बड़ा समूह खड़ा कर लिया। वह नशा छुड़ाने के नाम पर युवाओं को पकड़ता, उनको पीटता और उसके साथ उन्हें सिख कौम के नाम पर उसकी खालिस्तान दृष्टि से काम करने के लिए भी तैयार करता था। जरनैल सिंह भिंडरावाले के गांव के गुरु द्वारे में जाकर भाषण दिया और उसके बाद उसकी गिरफ्तारी हुई। पिछले कुछ वर्षो में बेअदबी की घटनाओं के आरोप लगा कर गुरुद्वारों तक में हिंसा और हत्याएं हुई। पुलिस ने पूरे प्रदेश से हिंसा की आग में झोंकने वाले हथियारों के भंडार बरामद किए हैं, आतंकवादी गिरफ्तार हुए हैं। विदेश में दृष्टि दौड़ाएं तो अलगाववादी हिंसक तत्वों की गतिविधियां बता रही हैं कि नये सिरे से पंजाब में उथल-पुथल पैदा करने के षड्यंत्र जारी हैं।

कनाडा सरकार ने तो वहां मारे गए आतंकवादी के पक्ष में भारत को कठघरे में खड़ा किया। हालांकि ऐसे लोग मुट्ठी भर से ज्यादा नहीं हैं, इसलिए ये सफल होंगे ऐसा नहीं माना जा सकता।

## -:: आज का राशिफल ::-




मेष राशि : आपका दिन सुखद रहेगा। आज जमीन या मकान खरीदने के योग बन रहे हैं। कार्यक्षेत्र में आपको मनचाहा लाभ मिलेगा। आपके लिए स्थान परिवर्तन के योग हैं। आपका वैवाहिक जीवन सुखमय रहेगा।

वृष राशि : आज आपका दिन उत्तम रहेगा। आज आपके मान सम्मान में वृद्धि होगी। पारिवारिक माहौल शांतिपूर्ण रहेगा। समाज में आपकी छवि के अनुसार ही आपको परिणाम मिलेंगे।

मिथुन राशि : आज आपका दिन अनुकूल रहेगा। समाज में आपका मान-सम्मान बढ़ेगा। आज आप नए कार्य की शुरुआत कर सकते हैं, जिसमें आप समय-समय पर नया बदलाव करेंगे।

कर्क राशि : आज का दिन आपके लिए खुशियों से भरा रहने वाला है। आप अपने बिजी दिन में से कुछ समय बच्चों के लिए निकालेंगे, उनके साथ खूब मौज मस्ती करते हुए नजर आएंगे। आज आप माता-पिता से अपने मन की बात शेयर करेंगे।

सिंह राशि: आज का दिन आपके लिए ठीक-ठाक रहने वाला है। अपने आप को काफी तरोताजा महसूस करेंगे, जिससे कार्यों को समय पर पूरा करने में सफल होंगे। आज मित्रों की सहायता से आय के नए अवसर मिलेंगे, जिनसे उम्मीद से अधिक लाभ होगा।

कन्या राशि : आज का दिन आपके लिए सुनहरा रहने वाला है। परिवार का सहयोग मिलेगा और यह सीखेंगे की धन को कैसे बचा कर रखा जाता है। साथ ही आज परिवार की कुछ जिम्मेदारियां सौंपी जाएंगी,

तुला राशि :आज आपका दिन अच्छा रहने वाला है। आज किसी प्रभावशाली व्यक्ति से आपकी मुलाकात होगी। आज संतान पक्ष से सुखद अनुभूति होगी। माता-पिता आज बच्चों का पूरा सहयोग करेंगे।

वृश्चिक राशि : आज आपका दिन अनुकूल रहने वाला है। आज आप नया कारोबार शुरू करने का मन बना सकते हैं, जिसमें बड़ों का सलाह लेना उचित रहेगा।

धनु राशि : आज आप महत्वपूर्ण कार्यों को पूरा करने में व्यस्त रहेंगे। आज किसी रिश्तेदार को दिए रुपए वापस मिलेंगे, जिससे आप घर के जरूरत का सामान खरीदेंगे।

मकर राशि : आज आपका दिन बढ़िया रहेगा। प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी कर रहे छात्र अपनी तैयारी करते रहे, जल्द ही सफलता के योग बने हुए है।

कुंभ राशि :आज आपका दिन फेवरेबल रहेगा। नौकरी में आज सुखद परिवर्तन होगा, आपकी पदोन्नति होगी। छात्रों को प्रतियोगी परीक्षा में अच्छे अंक मिलेंगे,

मीन राशि : आज आपका दिन बेहतरीन रहने वाला है। आज आर्थिक स्थिति मजबूत बनेगी। आज फैशन डिजाइनर्स का दिन बेहतर रहेगा। व्यापार में आज ऑनलाइन बड़ा ऑर्डर मिलेगा,



लखनऊ। बहुजन समाज पार्टी की सुप्रीमों और पूर्व मुख्यमंत्री मायावती ने केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह द्वारा संसद में बाबा साहेब अंबेडकर पर की गई टिप्पणी को लेकर बीजेपी के साथ-साथ कांग्रेस समेत तमाम विपक्षी दलों पर जर्बदस्त हमला बोला हैं। बीएसपी सुप्रीमो ने भी कहा है कि अमित शाह को उन शब्दों को वापस लेकर पश्चाताप करना चाहिए. इतना ही नहीं मायावती ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी को लेकर कहा कि जगह-जगह संविधान लहराना और नीले रंग के कपड़े पहनना दिखावे की सस्ती राजनीति है।

# अमित शाह को देश से माफी मांगनी चाहिए,उन्हें अपने पद से इस्तीफा देना चाहिए : मल्लिकार्जुन खड़गे

नई दिल्ली (आरएनएस)। संविधान पर बहस के दौरान राज्यसभा में केंद्रीय गृह मंत्री के भाषण पर राज्यसभा के नेता प्रतिपक्ष और कांग्रेस सांसद मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा, ...उन्होंने बाबा साहेब अंबेडकर और संविधान का अपमान किया है। मनुस्मृति और ऋस्स की उनकी विचारधारा यह स्पष्ट करती है कि वह बाबा साहेब अंबेडकर के संविधान का सम्मान नहीं करना चाहते हैं। हम इसकी निंदा करते हैं और उनके इस्तीफे की मांग करते हैं। उन्हें देश के लोगों से माफी मांगनी चाहिए...उन्हें अपने पद से इस्तीफा दे देना चाहिए। राज्यसभा में केंद्रीय मंत्री किरण रिजिजू ने कहा, कल केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने अपने भाषण में अंबेडकर जी के बारे में हमारी श्रद्धा का भाव स्पष्ट रूप से प्रकट किया था। उन्होंने यह भी कहा कि कैसे कांग्रेस ने अंबेडकर जी का अपमान किया जब वह जीवित थे...कांग्रेस पार्टी ने उन्हें इतने सालों तक भारत रत्न से सम्मानित नहीं किया और इसके साथ ही कांग्रेस पार्टी ने बाबा साहब का अपमान किया और 1952 में एक चुनाव में साजिश के तहत उन्हें हरा दिया..मैं बौद्ध हूं और बाबा साहब के बताए रास्ते पर चलने वाला व्यक्ति हूं। इस देश में बाबा साहब ने 1951 में कानून मंत्री के पद से इस्तीफा दे दिया था। 71 साल बाद पीएम नरेंद्र मोदी ने एक बौद्ध (यानी मुझे) को देश का कानून मंत्री बनाया

**कांग्रेस ने निर्लज्जता के साथ संविधान में किया संशोधन : अमित शाह**

केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने मंगलवार को संविधान के 75 वर्ष पूरे होने पर राज्यसभा में आयोजित चर्चा के दौरान विपक्ष पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि संविधान संशोधनों से पार्टियों के कैरेक्टर के बारे में पता चलता है।

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने राज्यसभा में कहा कि आज हम जिस मुकाम पर खड़े हैं, उस मुकाम पर महर्षि अरविंद और स्वामी विवेकानंद की वो भविष्यवाणी सच होती दिखाई पड़ती है कि भारत माता अपनी देदीप्यमान ओजस्वी स्वरूप में जब खड़ी होंगी, तब दुनिया की आंखें चकाचौंध हो जाएगी और पूरी दुनिया रोशनी के साथ भारत की ओर देखेगी। उन्होंने कहा, इंदिरा गांधी की सरकार में 45वां संशोधन किया गया और कांग्रेस ने निर्लज्जता के साथ संविधान में संशोधन किया। यही नहीं, कांग्रेस ने 'वन नेशन, वन इलेक्शन' का भी विरोध किया। हमारे पीएम कहते हैं कि वह प्रधानमंत्री नहीं बल्कि प्रधान सेवक हैं। उन्होंने संविधान संशोधन का जिक्र करते हुए कहा कि भाजपा ने 16 साल तक शासन किया और संविधान में 22 संशोधन किए। इसके विपरीत, कांग्रेस पार्टी ने 55 साल तक शासन किया और 77 संशोधन किए। दोनों पार्टियों ने संविधान में संशोधन किए हैं। संशोधनों को लागू करने के अलग-अलग तरीके हैं, कुछ संवैधानिक प्रक्रियाओं का पालन करते हैं, जबकि अन्य केवल औपचारिकता के तौर पर किए जा सकते हैं। संविधान में संशोधन के पीछे के उद्देश्यों की जांच करके किसी पार्टी के चरित्र और इरादों को समझा जा सकता है।

अमित शाह ने आगे कहा, कोई ये न समझे कि हमारा संविधान दुनिया के संविधानों की नकल है। हां, हमने हर संविधान का अभ्यास जरूर किया है, क्योंकि हमारे यहां ऋग्वेद में कहा गया है, हर कोने से हमें अच्छाई प्राप्त हो, सुविचार प्राप्त हो और सुविचार को स्वीकारने के लिए मेरा मन खुला हो। हमने सबसे अच्छा लिया है, लेकिन हमने अपनी परंपराओं को नहीं छोड़ा है। पढ़ने का चश्मा अगर विदेशी है, तो संविधान में भारतीयता कभी दिखाई नहीं देगी। केंद्रीय गृह मंत्री ने राज्यसभा में कहा कि संविधान की रचना के बाद डॉ. अंबेडकर ने बहुत सोच समझकर एक बात कही थी कि कोई संविधान कितना भी अच्छा हो, वह बुरा बन सकता है, अगर जिन पर उसे चलाने की जिम्मेदारी है, वो अच्छे नहीं हों। उसी तरह से कोई भी संविधान कितना भी बुरा हो, वो अच्छा साबित हो सकता है,



विपक्ष के नेता राहुल गांधी, कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, विपक्षी सांसद प्रियंका गांधी वाड्रा, टीआर बालू, केसी वेणुगोपाल और अन्य ने मंगलवार को नई दिल्ली में संविधान पर बहस के दौरान रा%यसभा में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह की टिप्पणी के खिलाफ संसद भवन में विरोध प्रदर्शन किया।



एनसीपी (सपा) सुप्रीमो शरद पवार ने नई दिल्ली में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात की.

## अंबेडकर हमारे लिए पूजनीय, अमित शाह की टिप्पणी को तोड़-मरोड़कर पेश कर रही कांग्रेस : किरेन रिजिजू

नई दिल्ली (आरएनएस)। केंद्रीय संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने गृह मंत्री अमित शाह की ओर से भीमराव अंबेडकर पर की गई टिप्पणी पर दोनों सदनों में हंगामे के बाद एक प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित किया।

रिजिजू ने कहा, बीआर अंबेडकर हमारे लिए पूजनीय हैं। कांग्रेस पार्टी और उसके कुछ सहयोगियों ने गृह मंत्री अमित शाह द्वारा कल राज्यसभा में दिए गए भाषण की एक छोटी क्लिप निकाली है और उसे तोड़-मरोड़ कर वायरल कर दिया है। गृह मंत्री ने कल बहुत स्पष्ट रूप से बोला था कि बाबा साहेब अंबेडकर के जीवित रहते कांग्रेस पार्टी ने किस प्रकार उनका तिरस्कार और अपमान किया था। मैं कांग्रेस पार्टी की नौटंकी की निंदा करता हूं। रिजिजू ने आगे कहा, हमने हमेशा बाबासाहेब बीआर अंबेडकर का सम्मान किया है, वहीं कांग्रेस ने उनके खिलाफ केवल साजिश रची। कांग्रेस ऐसा कोई भी काम बता दे जो उन्होंने बाबासाहेब अंबेडकर के लिए किया हो। हम बाबासाहेब की स्मृति में अनेक स्मारक बना रहे हैं। कांग्रेस पार्टी ने बाबासाहेब के जीवित रहते उनका अपमान किया और अब उस पाप को धोने के लिए वे बार-बार उनका नाम लेकर वोट हासिल करना चाहते हैं। कांग्रेस को राजनीतिक ड्रामा करना बंद करना चाहिए। केंद्रीय मंत्री किरण रिजिजू ने आगे कहा, कल रात से कांग्रेस पार्टी अमित शाह के भाषण का एक छोटा सा हिस्सा निकालकर लोगों को गुमराह करने की कोशिश कर रही है। अपने पूरे भाषण के दौरान अमित शाह ने बाबासाहेब अंबेडकर की तारीफ की। उन्होंने सदन को यह भी बताया है कि कैसे पीएम नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में हमारी सरकार न केवल बाबासाहेब अंबेडकर की विरासत को समर्पित है, बल्कि उनके आदर्शों को बढ़ावा देने के लिए भी समर्पित है। मैं कांग्रेस पार्टी से कहना चाहूंगा कि वह बीआर अंबेडकर के नाम का दुरुपयोग करना बंद करें। उन्होंने आगे कहा, बीआर अंबेडकर हमारे लिए पूजनीय हैं। हमारी सरकार अंबेडकर के नाम पर पांच तीर्थ स्थल विकसित कर रही है। कांग्रेस को पहले यह जवाब देना चाहिए कि बीआर अंबेडकर ने 1951 में जवाहरलाल नेहरू के मंत्रिमंडल से इस्तीफा क्यों दिया था? क्यों उन्हें अपमानित करने का काम किया गया। वह 1952 में फिर से लोकसभा में आना चाहते थे लेकिन कांग्रेस पार्टी ने साजिश रची और उन्हें मुंबई में हरा दिया। फिर उन्होंने 1956 में राजनीति छोड़ दी। कांग्रेस प्रमुख मल्लिकार्जुन खड़गे की ओर से केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के इस्तीफे की मांग पर किरण रिजिजू ने कहा कि मैं इसकी निंदा करता हूं। कांग्रेस पार्टी कब तक बीआर अंबेडकर के नाम का दुरुपयोग करती रहेगी? कांग्रेस वर्षों से बीआर अंबेडकर का अपमान करती आ रही है। हम वे लोग हैं जो बीआर अंबेडकर के रास्ते पर चलते हैं। कांग्रेस पार्टी और जवाहरलाल नेहरू उनसे नफरत करते थे क्योंकि बीआर अंबेडकर सबसे अधिक शिक्षित और विद्वान व्यक्ति थे। मेरी कांग्रेस पार्टी से अपील है कि वो अंबेडकर के नाम पर राजनीति न करे क्योंकि वह राजनीति से परे हैं।

## संजय दत्त ने श्री हरमंदिर साहिब में टेका माथा, बोले- यहां आकर लगता है अच्छा

अमृतसर (आरएनएस)। बॉलीवुड एक्टर संजय दत्त मंगलवार को पंजाब के अमृतसर में स्थित श्री हरमंदिर साहिब पहुंचे। यहां उन्होंने सचखंड श्री हरमंदिर साहिब में माथा भी टेका। संजय दत्त ने मीडिया से बात करते हुए कहा कि मुझे श्री हरमंदिर साहिब आकर बहुत अच्छा लग रहा है। हम लोग शूटिंग करने के लिए पंजाब आए हैं। मेरा मानना है कि यहां आना बहुत जरूरी होता है और मैंने यहां आकर माथा टेका और दर्शन भी किए। अमृतसर बहुत अच्छी जगह है और मेरे मन में पंजाब के लिए काफी प्रेम है।

उन्होंने कहा, इस फिल्म के डायरेक्टर आदित्य धर है, जिसमें जबरदस्त एक्शन है और मेरे अलावा इस फिल्म में रणबीर सिंह भी अहम भूमिका में हैं। संजय दत्त ने कहा कि वह पंजाब आए हैं और यहां लस्सी और जलेबी का स्वाद जरूर चखेंगे। अमृतसर का खाना भी काफी अच्छा है।

बता दें कि संजय दत्त फिल्म की शूटिंग के सिलसिले में अमृतसर पहुंचे हैं। इससे पहले वह सोमवार को मशहूर ज्ञानी टी स्टाल पर भी पहुंचे थे, यहां उन्होंने चाय की चुस्की ली थी। इससे पहले नवंबर में अभिनेता रणवीर सिंह अमृतसर स्थित स्वर्ण मंदिर पहुंचे थे। इस दौरान उनके साथ फिल्म निर्देशक आदित्य धर भी मौजूद रहे।



अमृतसर के बाहरी इलाके देवी दास पुरा में किसानों ने रायव्यापी रेल रोको विरोध प्रदर्शन के दौरान रेलवे ट्रैक को अवरुद्ध कर दिया.

## अंडमान और निकोबार द्वीपों का नाम हमारे नायकों पर रखने से आने वाली पीढ़ियां रखेंगी याद : पीएम मोदी

नई दिल्ली (आरएनएस)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार को कहा कि अंडमान और निकोबार के द्वीपों का नाम हमारे नायकों के नाम पर रखना यह सुनिश्चित करने का एक तरीका है कि राष्ट्र के प्रति उनकी सेवा को आने वाली पीढ़ियां याद रखें। पत्रकार शिव अरूर की ओर से सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर साझा किए गए पोस्ट को रीपोस्ट करते हुए पीएम मोदी ने लिखा, अंडमान और निकोबार में द्वीपों का नाम हमारे नायकों के नाम पर रखना यह सुनिश्चित करने का एक तरीका है कि राष्ट्र के प्रति उनकी सेवा को आने वाली पीढ़ियों तक याद रखा जाए। यह हमारे स्वतंत्रता सेनानियों और उन प्रतिष्ठित हस्तियों की स्मृति को संरक्षित करने के प्रयास का भी हिस्सा है, जिन्होंने हमारे देश पर एक अमिट छाप छोड़ी है।

पीएम मोदी ने आगे लिखा, जो राष्ट्र अपनी जड़ों से जुड़े रहते हैं, वे ही विकास और राष्ट्र-निर्माण में आगे बढ़ते हैं। अंडमान और निकोबार द्वीप समूह का भी आनंद लें। सेलुलर जेल भी अवश्य जाएं और महान वीर सावरकर के साहस से प्रेरणा लें। उल्लेखनीय है कि पिछले साल 23 जनवरी 2023 को अंडमान के 21 द्वीपों के नाम भारत के सर्वोच्च सैन्य सम्मान परमवीर चक्र से सम्मानित सैनिकों के नाम पर रखे गए थे।

## वन नेशन, वन इलेक्शन : संसद में वोटिंग के दौरान तीन केंद्रीय मंत्री समेत बीजेपी के 20 सांसद रहे गैर हाजिर, नोटिस जारी कर मांगा जाएगा जवाब

नई दिल्ली (आरएनएस)। बीजेपी के 20 सांसदों की लोकसभा में 'वन नेशन, वन इलेक्शन' बिल पर वोटिंग के दौरान अनुपस्थिति ने कई सवाल खड़े कर दिए हैं। पार्टी द्वारा जारी व्हिप का उल्लंघन इन सांसदों के अनुशासन पर सवाल उठाता है। इस मुद्दे के कई पहलुओं का विश्लेषण जरूरी है।

व्हिप की अनदेखी और पार्टी अनुशासन = बीजेपी ने इस बिल के लिए तीन-लाइन का व्हिप जारी किया था, जो सांसदों को सदन में मौजूद रहने के लिए बाध्य करता है। इसके बावजूद केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी, गिरिराज सिंह और ज्योतिरादित्य सिंधिया सहित 20 सांसदों की गैरमौजूदगी पार्टी की आंतरिक अनुशासनहीनता को उजागर करती है।

क्या यह लापरवाही है, या इन सांसदों की व्यस्तता का परिणाम? = यदि सांसदों ने अनुपस्थिति के कारण पहले से बताए थे, तो क्या पार्टी इस पर विचार कर रही है?

राजनीतिक संकेत और नेतृत्व की प्रतिक्रिया = लोकसभा में महत्वपूर्ण बिल पर वोटिंग के दौरान सांसदों की अनुपस्थिति पार्टी नेतृत्व की मजबूती और सदस्यों के प्रति नियंत्रण को दर्शाती है।

बीजेपी द्वारा कारण बताओ नोटिस जारी करना पार्टी की अनुशासन बहाली का संकेत है। इसका असर आगामी संसदीय रणनीतियों और पार्टी की छवि पर पड़ेगा। विपक्ष का विरोध और राजनीतिक रणनीति = 'वन नेशन, वन इलेक्शन' बिल पर विपक्ष ने लोकतांत्रिक सिद्धांतों के खिलाफ होने का आरोप लगाया।

### पति की जमानत कराने के लिए 3 महीने की बेटी को बेचा, महिला को पुलिस ने पकड़ा, कई और बच्चे रेस्क्यू

मुंबई (आरएनएस)। मुंबई पुलिस ने चाइल्ड ट्रैफिकिंग के आरोप में कुल 10 लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस को यह जानकारी मिली थी कि एक महिला ने अपनी तीन महीने की बेटी को एक लाख रुपये में बेच दिया। महिला ने अपने पति की बेल के लिए यह कदम उठाया। जिस महिला ने अपनी बेटी को बेचा उसके खिलाफ उसकी सास ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई थी। पुलिस ने मामले में कार्रवाई करते हुए मनीषा यादव नाम की महिला को गिरफ्तार किया। पुलिस ने मामले में कुछ अन्य लोगों को भी गिरफ्तार किया है, जिनकी पहचान सुलोचना सुरेश साबले, मीरा राजाराम यादव, योगेश सुरेश भोईर, रोशनी सोंटू घोष, संध्या अर्जुन राजपूत, मदीना उर्फ मुन्नी इमाम चव्हाण, तैनाज शाहीन चौहान और मोइनुद्दीन तंबोली के रूप में की गई है। पुलिस के अनुसार, महिला के पति को रेलवे पुलिस ने चोरी के आरोप में गिरफ्तार किया था। अपने पति की बेल के लिए पैसे इकट्ठा करने की बात कहते हुए महिला ने अपने मायके के कुछ लोगों की मदद से यह योजना बनाई कि वह अपनी बच्ची को बेच दे।



नौसेना प्रमुख वाइस एडमिरल कृष्णा स्वामीनाथन, एवीएसएम, वीएसएम, नोएडा में विजय दिवस समारोह के दौरान शहीद स्मारक पर श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए.




नागपुर में विधान भवन में शीतकालीन सत्र के दौरान विपक्षी विधायकों ने फसलों की कम कीमतों के खिलाफ प्रदर्शन किया और किसानों के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य की मांग की।

## आप सांसद संजय सिंह की मुश्किलें बढ़ीं, गोवा के सीएम की पत्नी ने 100 करोड़ की मानहानि का ठोका मुकदमा

नई दिल्ली (आरएनएस)। आम आदमी पार्टी के राज्यसभा सांसद संजय सिंह की मुश्किलें बढ़ गई हैं। गोवा के मुख्यमंत्री प्रमोद सावंत की पत्नी सुलक्षणा सावंत ने संजय सिंह के खिलाफ ?100 करोड़ का मानहानि का मुकदमा दायर किया है। संजय सिंह ने इस महीने की शुरुआत में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान गोवा में कैश-फॉर-जॉब्स घोटाले में कथित तौर पर सुलक्षणा सावंत का नाम लिया था। सुलक्षणा सावंत ने संजय सिंह के खिलाफ गोवा के बिचोलिम में सिविल जज सीनियर डिवीजन कोर्ट में मानहानि का मुकदमा दायर किया।

बिना किसी विश्वसनीय सबूत के लगाए आरोप एक आधिकारिक प्रेस नोट के अनुसार संजय सिंह ने सुलक्षणा सावंत को गोवा में कैश-फॉर-जॉब्स घोटाले से जोड़ा, जिसमें दावा किया गया कि वह भ्रष्ट आचरण में शामिल थीं। आरोपों में कहा गया है, इन बयानों को कई राष्ट्रीय और क्षेत्रीय समाचार चैनलों पर लाइव प्रसारित किया गया और ड्डह्लश्चह्वड्ढद्ग जैसे सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर व्यापक रूप से शेयर किया गया, जहां उन्हें काफी देखा गया। मानहानि के मुकदमे में दावा किया गया है कि ये झूठे आरोप बिना किसी विश्वसनीय सबूत के लगाए गए थे, जिससे सुलक्षणा सावंत की ईमानदारी और सार्वजनिक छवि को नुकसान पहुंचा है। संजय सिंह द्वारा दिए गए बयान न केवल नुकसानदायक थे, बल्कि उन्हें बड़े पैमाने पर प्रसारित और साझा भी किया गया, जिससे झूठे आरोपों को बढ़ावा मिला। प्रेस नोट में कहा गया, यह मानहानि एक प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान हुई, जिसमें संजय सिंह ने सुलक्षणा सावंत की ईमानदारी और घोटाले में उनकी संलिप्तता के खिलाफ सीधे आरोप लगाए, जिससे उनकी प्रतिष्ठा को नुकसान पहुंचा। सुलक्षणा सावंत ने 100 करोड़ की मानहानी का मुकदमा दायर किया है। इसपर संज्ञान लेते हुए दीवानी मामलों के न्यायाधीश ने सुनवाई की और संजय सिंह को नोटिस जारी किया, जिसका जवाब 10 जनवरी 2025 को देना है। सुलक्षणा सावंत ने अपने वकीलों के माध्यम से अदालत से अनुरोध किया कि वह सिंह को एक माफीनामा प्रकाशित करने का निर्देश दे, जिसमें स्पष्ट किया जाए कि उक्त मानहानिकारक वीडियो/लेख और साक्षात्कार झूठे हैं, तथ्यों पर आधारित नहीं हैं और वह बिना शर्त माफी मांगते हैं। शिकायतकर्ता ने अदालत से यह भी आग्रह किया कि सिंह को सोशल मीडिया या व्हाट्सऐप, फेसबुक, यूट्यूब और ट्विटर जैसे अन्य मंचों पर उन्हें बदनाम करने वाले किसी सार्वजनिक बयान को देने से रोका जाए।



**बॉलीवुड की मशहूर अभिनेत्री और फिटनेस आइकॉन मलाइका अरोड़ा ने हाल ही में अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर कुछ बेहतरीन तस्वीरें साझा की हैं, जिनमें वह अलग-अलग योग आसनों में नजर आ रही हैं। इन तस्वीरों के जरिए उन्होंने अपनी फिटनेस और योग के प्रति अपने समर्पण को एक बार फिर साबित किया है। मलाइका ने इन तस्वीरों को कैप्शन दिया, जो इस बात का संकेत है कि ये तस्वीरें उनके फिटनेस ब्रांड प्रमोशन का हिस्सा हैं। तस्वीरों में वह ग्रे रंग के स्पोर्ट्सवियर में नजर आ रही हैं और योगा मैट पर अलग-अलग पोज़ में योगासन करती दिख रही हैं।**

जबलपुर दिन शनिवार 21 दिसम्बर 2024

दैनिक क्षितिज किरण 6

# ब्लैक साड़ी में नुसरत भरूचा ने दिखाई दिलकश अदाएं, चेहरे का नूर देख नजरें नहीं हटा पा रहे फैंस

बॉलीवुड एक्ट्रेस नुसरत भरूचा हमेशा अपने स्टनिंग फैशन स्टेटमेंट्स के कारण सोशल मीडिया पर लाइमलाइट बटौरती रहती हैं। वो जब भी अपनी फोटोज और वीडियोज इंस्टाग्राम पर पोस्ट करती हैं तो वो चंद ही मिनटों में वायरल होने लगती हैं। अब हाल ही में एक्ट्रेस ने अपने लेटेस्ट फोटोशूट की तस्वीरें फैंस के बीच साझा की हैं, जिसमें उनकी किलर अदाएं देखकर फैंस मंत्र मुग्ध हो गए हैं।



एक्ट्रेस नुसरत भरूचा बॉलीवुड इंडस्ट्री की फेमस अभिनेत्री हैं। उन्होंने अपनी अदाकारी से फैंस को इस कदर दीवाना बनाया है कि लोग उनकी तारीफ करते नहीं थकते हैं।

अब हाल ही में एक्ट्रेस नुसरत भरूचा ने अपने लेटेस्ट फोटोशूट की तस्वीरें इंस्टाग्राम पर साझा की हैं। इन फोटोज में उनका कातिलाना अंदाज देखकर फैंस मंत्रमुग्ध हो गए हैं।

नुसरत भरूचा ने अपनी इन लेटेस्ट फोटोज के दौरान ब्लैक कलर की साड़ी पहनी हुई थी, जिसमें वो बेहद ही किलर और स्टनिंग लुक में पोज देती हुई नजर आ रही हैं।

कानों में इयररिंग्स, आखों में काजल और ग्लैम मेकअप लुक कर के एक्ट्रेस नुसरत भरूचा ने अपने आउटलुक को कंप्लीट किया है। नुसरत भरूचा सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहती हैं। इंस्टाग्राम पर उनकी फैन फॉलोइंग लिस्ट भी काफी जबरदस्त है। बता दें कि एक्ट्रेस जब भी अपनी फोटोज इंस्टाग्राम पर पोस्ट करती हैं तो फैंस अक्सर उनकी तस्वीरों पर दिलखोलकर लाइक्स और कॉमेंट्स करते हैं।

### पालात लोक का पहला प्रोमो जारी, जयदीप अहलावत का दिखा धांसू अवतार

जयदीप अहलावत और अभिषेक बनर्जी की लोकप्रिय और चर्चित वेब सीरीज पाताल लोक के दूसरे सीजन का ऐलान पहले ही हो चुका है।इस सीरीज का पहला सीजन 15 मई, 2020 को ओटीटी प्लेटफॉर्म अमेजन प्राइम वीडियो पर रिलीज हुआ था और इसमें कुल 9 एपिसोड थे। लगभग 4 साल बाद इसका दूसरा सीजन आ रहा है।अब निर्माताओं ने पाताल लोक 2 का पहला प्रोमो वीडियो जारी कर दिया है, जिसमें जयदीप का धांसू अवतार दिख रहा है।

पालाक लोक 2 जल्द ही अमेजन प्राइम वीडियो पर दस्तक देगी। फिलहाल इसकी रिलीज तारीख सामने नहीं आई है। ओटीटी प्लेटफॉर्म ने प्रोमो साझा करते हुए लिखा, मौसम बदलने वाला है। सावधान: आगे पाताल लोक है।

### विजय सेतुपति, सूरी की फिल्म विदुथलाई: पार्ट 2 को सेंसर बोर्ड से मिला ए सर्टिफिकेट

वेत्रिमारन द्वारा निर्देशित बहुप्रतीक्षित तमिल फिल्म विदुथलाई पार्ट 2 ने अपनी सेंसर औपचारिकताएं पूरी कर ली हैं और इसे ए सर्टिफिकेट दिया गया है। विजय सेतुपति, सूरी और मंजू वारियर अभिनीत पीरियड क्राइम थ्रिलर फिल्म 20 दिसंबर, 2024 को सिनेमाघरों में रिलीज होने के लिए पूरी तरह तैयार है। यह फिल्म 2023 में रिलीज हुई बहुप्रतीक्षित फिल्म विदुथलाई पार्ट 1 का सीक्वल है और साल की सबसे प्रतीक्षित तमिल फिल्मों में से एक है।

रिपोर्ट्स के मुताबिक, विदुथलाई पार्ट 2 को अपने तीखे संवादों के कारण ए सर्टिफिकेट मिला है, जिसमें मजबूत राजनीतिक अर्थ और हिंसक दृश्य हैं जो युवा दर्शकों के लिए उपयुक्त नहीं हैं।

# फियर के साथ साल का अंत करना शानदार रहा : वेधिका कुमार

अभिनेत्री वेधिका कुमार अपनी हालिया रिलीज फियर को लेकर उत्साहित हैं। साल के अंत को लेकर अभिनेत्री ने कहा, फियर के साथ साल का अंत करना अविश्वसनीय रूप से फायदेमंद और शानदार रहा। अभिनेत्री ने हालिया रिलीज फियर के साथ इस साल रिलीज अपनी अन्य पांच फिल्मों के बारे में भी बताया। वेधिका ने कहा, जब ईश्वर की कृपा होती है, तो जादू होता है। 2023 से मेरी यात्रा ऐसी ही रही है और मैं अपने प्रशंसकों, दुनिया और अपने शुभचिंतकों के प्रति कृतज्ञता से भरी हुई हूं। एक साल में पांच फिल्में रिलीज होना वास्तव में खास है, खासकर जब हर प्रोजेक्ट मुझे अलग-अलग तरीकों से चुनौती देता है और मुझे अपनी बहुमुखी प्रतिभा दिखाने का अवसर मिलता है।

साल की मजबूत शुरुआत करना और अब इसे फियर के साथ समाप्त करना अविश्वसनीय रूप से फायदेमंद लगता है। मैं सराहना के लिए आभारी हूं और मुझे उम्मीद है कि यह गति मुझे 2025 में और भी अधिक ऊंचाइयों को प्राप्त करने के लिए प्रेरित करेगी। 'फियर' का ट्रेलर आर. माधवन ने जारी किया था। वेधिका उनके साथ गर्मजोशी से भरा गहरा रिश्ता शेयर करती हैं। वेधिका की झोली में कई शानदार प्रोजेक्ट हैं। इसमें एक तमिल फिल्म भी शामिल है। वेधिका कुमार मुख्य रूप से तमिल, तेलुगू, कन्नड़ और मलयालम फिल्मों में काम करती हैं। अपने शोबिज करियर की शुरुआत में वह ज्यादातर मॉडलिंग असाइनमेंट में दिखाई दीं। अभिनेत्री को 'मद्रासी' में मुख्य भूमिका निभाने के लिए अर्जुन ने संपर्क किया था। 'मद्रासी' की रिलीज के बाद, वेधिका को हिंदी फिल्म 'जय संतोषी मां' में एक भूमिका की पेशकश की गई थी, लेकिन फिल्म नहीं बन पाई। वेधिका ने साउथ इंडियन फिल्मों में काम करना जारी रखा और कई शानदार फिल्में दीं।



### अक्षय कुमार की पहली तेलुगु फिल्म कन्नप्पा की रिलीज तारीख का ऐलान, नया पोस्टर आया सामने

अक्षय कुमार तेलुगु फिल्म में कैमियो करने जा रहे हैं। फिल्म कनप्पा के पहले पोस्टर और रिलीज डेट से पर्दा उठ गया है। ये फिल्म बॉक्स ऑफिस पर अगले साल दस्तक देगी।

अक्षय कुमार की फिल्म कनप्पा की पहली झलक सामने आ गई है। लगभग पांच महीने पहले भी इस फिल्म के टीजर में अक्षय कुमार की झलक नजर आई थी। जिसे देखकर लगा कि वह फिल्म कनप्पा में भगवान शिव की भूमिका निभाएंगे। फिल्म की पहली झलक के साथ ही अक्षय कुमार ने इसकी रिलीज डेट का खुलासा किया है।

विष्णु मांचू के ड्रीम प्रोजेक्ट कनप्पा का शानदार टीजर रिलीज हो चुका है। इस फिल्म का टीजर कुल पांच भाषाओं में रिलीज किया गया है। फिल्म में प्रभास, अक्षय कुमार, काजल अग्रवाल, मोहनलाल ने अलावा कई अभिनेताओं ने अहम भूमिका निभाई हैं। फिल्म के टीजर में साउथ के अलावा बॉलीवुड के भी कई सितारे नजर आए। फिल्म का टीजर कुल पांच भाषाओं में जारी किया गया है, जिसमें तमिल, तेलुगु, मलयालम, कन्नड़ और हिंदी भाषा शामिल हैं। इस महाकाव्य की कहानी को अब दुनिया भर के दर्शक पांच भाषाओं में देख सकेंगे।

फिल्म कनप्पा की कहानी भगवान शिव के एक भक्त कनप्पा की है। वह शिव की भक्ति में अपनी आंखें फोड़ देता है। इस तरह की कहानियां दर्शकों को काफी पसंद आती है। वैसे भी जब इस फिल्म का ट्रेलर आया था तो दर्शकों ने इसे भी काफी सराहा था। अभिनेता विष्णु मांचू ने कनप्पा के किरदार को निभाने के लिए काफी मेहनत की है उन्होंने अपनी फिटनेस पर भी काफी काम किया है। इस फिल्म में कई और बड़े कलाकार भी हैं जो इसमें अपने अभिनय से चार चांद लगा देंगे। अक्षय भी इस फिल्म का हिस्सा बनकर काफी खुश हैं। इस फिल्म का निर्देशन मुकेश कुमार सिंह ने किया है और इसका निर्माण मोहन बाबू ने किया है।

## बॉक्स ऑफिस पर आरआरआर और केजीएफ 2 को पछाड़ पुष्पा 2 बनी तीसरी सबसे बड़ी फिल्म, अब बाहुबली 2 का टूटेगा रिकॉर्ड

पुष्पा 2 द रूल ने बॉक्स ऑफिस पर अपना दूसरा शानदार वीकेंड पूरा कर लिया है. अपने दूसरे वीकेंड तक पुष्पा 2 द रूल ने वर्ल्डवाइड 1300 करोड़ रुपये और घरेलू बॉक्स ऑफिस पर 800 करोड़ रुपये से ज्यादा का बिजनेस कर लिया है. वहीं, फिल्म पुष्पा 2 द रूल अपने दूसरे सोमवार में एंटर कर चुकी है. वहीं, फिल्म ने अपने दूसरे वीकेंड में इंडिया में 150 करोड़ रुपये का कारोबार कर लिया है. वहीं, फिल्म पुष्पा 2 द रूल की कमाई में 70 फीसदी का उछाल आया है. संध्या थिएटर केस के बाद अल्लू अर्जुन के कोर्ट जाने के बाद फिल्म की कमाई में जबरदस्त उछाल देखने को मिला है.

सैकनिल्क के अनुसार, पुष्पा 2 ने 11वें दिन भारत में 75 करोड़ रुपये का कारोबार किया है. वहीं, फिल्म ने शनिवार और रविवार को कुल 138.3 करोड़ रुपये का घरेलू कारोबार किया है. इसमें हिंदी वर्जन ने 55 करोड़ रुपये कमाए हैं. वहीं, तेलुगू वर्जन में 75 करोड़ रुपये का कारोबार किया है. वहीं, भारत में फिल्म पुष्पा 2 द रूल का नेट कलेक्शन 900.5 करोड रुपये का हो गया है. इसमें हिंदी वर्जन में 553.1 करोड़ रुपये फिल्म जुटा चुकी है. वहीं, फिल्म का 10 दिनों का ऑफिशियल वर्ल्डवाइड कलेक्शन 1292 करोड़ रुपये का हो चुका है.

पुष्पा 2 द रूल ने पहले हफ्ते भारत में 725.8 करोड़ रुपये (पेड प्रीव्यू शामिल है) का कारोबार किया था. वहीं. फिल्म नौंवे दिन 36.4 करोड़ रु, दसवें दिन 63.3 करोड़ रुपये और 11वें दिन 75 करोड़ रुपये घरेलू बॉक्स ऑफिस पर कमाए हैं.

बता दें, पुष्पा 2 द रूल हाइएस्ट ग्रॉसिंग फिल्मों की लिस्टी में चौथे नंबर पर आ गई है. इस लिस्ट में पुष्पा 2 ने साउथ सुपरस्टार यश स्टारर फिल्म केजीएफ 2, शाहरुख खान की जवान और पठान, प्रभास की कल्कि 2898एडी और सलमान खान की बजरंगी भाईजान को कमाई में पीछे छोड़ दिया है.


बता दें, आगामी 25 दिसंबर को वरुण धवन और कीर्ति सुरेश स्टारर एक्शन ड्रामा फिल्म बेबी जॉन रिलीज होने जा रही है. ऐसे में पुष्पा 2 के पास बॉक्स ऑफिस पर एक और शानदार फ्री हफ्ता है. वहीं, इस हफ्ते में के अंत पुष्पा का कलेक्शन आसानी से 1500 करोड़ रुपये के आंकड़े को पार कर जाएगा. कहना गलत नहीं होगा कि दंगल को छोड़कर पुष्पा 2 राम चरण-जूनियर एनटीआर की आरआरआर और प्रभास की बाहुबली 2 के लाइफटाइम कलेक्शन का रिकॉर्ड तोड़ने जा रही है.

### सलमान खान के जन्मदिन पर रिलीज होगा फिल्म सिकंदर का टीजर, प्रशंसक हुए उत्साहित

पिछले लंबे समय से अभिनेता सलमान खान अपनी आने वाली फिल्म सिकंदर को लेकर सुर्खियां बटोर रहे हैं, जिसके निर्देशन की कमान एआर मुरुगादॉस ने संभाली है, वहीं साजिद नाडियाडवाला इस फिल्म के निर्माता हैं।इस फिल्म में सलमान की जोड़ी जानी-मानी अभिनेत्री रश्मिका मंदाना के साथ बनी है और यह पहला मौका होगा, जब ये दोनों कलाकार पर्दे पर साथ दिखाई देंगे।अब फिल्म सिकंदर के टीजर से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारी सामने आ रही है। रिपोर्ट के अनुसार, सिकंदर का टीजर सलमान के 59वें जन्मदिन पर यानी 27 दिसंबर, 2024 को जारी किया जाएगा।ऐसे में यह सलमान के प्रशंसकों के लिए किसी उपहार से कम नहीं है। टीजर में सलमान जबरदस्त एक्शन करते हुए नजर आएंगे।एक सूत्र ने कहा, वर्तमान में सलमान धमाकेदार एक्शन दृश्यों की शूटिंग कर रहे हैं

## एक चीज बर्गर खाने से 9 मिनट घटती उम्र, रिसर्च में फास्ट फूड को लेकर चौंकाने वाला खुलासा

अगर आप कोल्ड ड्रिंक या चीज बर्गर खाने के शौकीन हैं तो जरा सावधान हो जाइए. डेली मेल की एक रिपोर्ट में बेहद चौंकाने वाला खुलासा हुआ है.एक रिसर्च में सामने आया है कि फास्ट फूड्स आपकी जिंदगी को कम कर रहे हैं. इतना ही नहीं इन्हें खाने से आपका शरीर बीमारियों का घर बन सकता है. वैज्ञानिकों का दावा है कि ये चीजें आपकी जिंदगी घटा रही हैं. आइए जानते हैं किस चीज को खाने से कितनी उम्र कम होती है.



चीज बर्गर खाने से कितनी घटती है उम्र?

रिपोर्ट में मिशिगन यूनिवर्सिटी की रिसर्च का जिक्र किया गया है. इसके अनुसार एक चीज बर्गर खाने से आपकी जिंदगी के 9 मिनट और कोल्ड ड्रिंक पीने से 12 मिनट कम हो रही है. करीब 5,800 फूड्स का एनालिसिस और सेहत पर उनके असर का आंकलन करने के बाद पाया गया कि हॉट डॉग खाने वालों की जिंदगी 36 मिनट कम हो रही है.

बढ़ता कैंसर होने का खतरा

हर उम्र के लोगों को कोल्ड ड्रिंक पीने का शौक होता है. ये भी सेहत के लिए खतरनाक है. बेकन 6 मिनट और प्रोसस्ड मीट जैसे प्रोसिटो खाकर अपनी लाइफ 24 मिनट खो सकते हैं. रिसर्च में बताया गया है कि एग सैंडविच जिंदगी के 13.6 मिनट कम कर सकती है. इनमें पाए जाने वाले नाइट्राइट्स और नाइट्रेट्स शरीर में जाकर ऐसे तत्वों में टूट जाते हैं, जो कोलन कैंसर का खतरा बढ़ा सकते हैं.

इन चीजों को खाने से बढ़ती उम्र

हालांकि रिसर्च में उम्र बढ़ाने वाली चीजों के बारें में भी बताया गया है. वैज्ञानिकों के अनुसार पीनट बटर और जेली सैंडविच खाने से आपकी उम्र 32 मिनट तक बढ़ सकती है. नट्स और बीज 24 मिनट और फल 10 मिनट उम्र बढ़ा सकते हैं. मछली और सब्जियां भी लाइफ को बढ़ाने का काम करती है.

क्या खाने से होती खतरनाक बीमारियां?

रिसर्च टीम के अनुसार फास्ट फूड और अल्ट्रा-प्रोसेस्ड फूड्स में चीनी, अनहेल्दी फैट और प्रिजर्वेटिव्स काफी ज्यादा होते हैं. चीज बर्गर, कोल्ड ड्रिंक, रेड मीट और प्रोसस्ड मीट में ऐसे तत्व मौजूद होते हैं, जो डायबिटीज, हार्ट डिजीज और मोटापे जैसी खतरनाक बीमारियों का कारण बन सकते हैं.

## फेसवॉश लगाने से स्किन ड्राई हो जाती है तो लगाएं ये फेस पैक, चेहरे पर आएगी चमक

सर्दियों के मौसम में स्किन अक्सर रूखी और बेजान हो जाती है. कई लड़कियां ड्राई स्किन से बचने के लिए महंगे स्किन केयर प्रोडक्ट्स का इस्तेमाल करती हैं, लेकिन इनके नतीजे अक्सर अच्छे नहीं होते और केमिकल की वजह से त्वचा का नेचुरल ऑयल भी खत्म हो जाता है. अगर आप अपनी स्किन को नेचुरल तरीके से हेल्दी और मॉइश्चराइज रखना चाहती हैं, तो किसी केमिकल प्रोडक्ट की जगह घर पर बना हुआ फेस पैक आजमाएं.



यह फेस पैक न केवल आपकी त्वचा की ड्राइनेस दूर करेगा, बल्कि इसे हेल्दी और ग्लोइंग भी बनाएगा. इसे बनाना बेहद आसान है और आप इसे अपने बाथरूम में रखकर रोजाना इस्तेमाल कर सकती हैं.

होममेड फेस पैक के लिए चाहिए ये चीजें

चावल का आटा- सबसे पहले, चावल को मिक्सर में डालकर बारीक पीस लें. अगर चावल पूरी तरह महीन न पिसे तो इसे छानकर अलग कर लें. बचे हुए मोटे टुकड़ों को दोबारा पीस लें. जब चावल का फाइन पाउडर तैयार हो जाए, तो इसे एक साफ डिब्बे में स्टोर कर लें. हल्दी- चावल के पाउडर में एक चौथाई चम्मच हल्दी मिला लें. हल्दी एंटीसेप्टिक और एंटीबैक्टीरियल गुणों से भरपूर होती है, जो आपकी त्वचा को साफ और संक्रमण से मुक्त रखने में मदद करती है.

फेस पैक लगाने का तरीका

एक चम्मच चावल का पाउडर लें और उसमें एक चम्मच ताजा दही मिलाएं. इसे अच्छी तरह से मिक्स करें और चेहरे पर हल्के हाथों से मसाज करते हुए लगाएं. इसे लगभग 5 मिनट तक सूखने दें. इसके बाद, नॉर्मल पानी से चेहरा धो लें. इस फेस पैक को आप रोजाना इस्तेमाल कर सकती हैं. इसे नहाने से पहले चेहरे, गर्दन और हाथों पर लगाएं. हल्के हाथों से मसाज करें और धोने के बाद फर्क महसूस करें.

### अल्लारी नरेश स्टारर बाछला मल्ली का ट्रेलर लॉन्च,

अल्लारी नरेश अभिनीत फिल्म बछला मल्ली का ट्रेलर नेचुरल स्टार नानी द्वारा लॉन्च किया गया है। सुब्बू मंगादेवी द्वारा निर्देशित यह फिल्म एक देहाती एक्शन ड्रामा है जो एक गहन और मनोरंजक सवारी होने का वादा करती है। ट्रेलर की शुरुआत अल्लारी नरेश द्वारा निभाए गए नायक से होती है, जो बारिश में बेहोश पड़ा है, और फिर हमें घटनाओं की एक श्रृंखला के माध्यम से ले जाता है जो उसके लापरवाह व्यवहार को उजागर करती है। ट्रेलर हमें नायक के परिवर्तनकारी बदलाव से परिचित कराता है, जो उसके जीवन में आने वाली एक लड़की द्वारा प्रेरित होता है। अमृता अय्यर ने प्रेमिका की भूमिका निभाई है, और नायक से हिंसक तरीके छोड़ने की उनकी कोमल विनती उसे नरम कर देती है। ट्रेलर में रोहिणी, राव रमेश और अच्युत कुमार सहित अन्य प्रमुख कलाकारों का भी परिचय दिया गया है।

## शब्द सामर्थ्य -269


(भागवत साहू)

**बाएं से दाएं**

1. समाप्ति, खात्मा 3. रोगी, बीमार 5. गंभीरता, गहराई 6. बलपूर्वक, जबरदस्ती, व्यर्थ 9. लानत, तिरस्कार सूचक एक शब्द 10. लक्ष्मी, कमला 11. औषधालय 13. नाव खेने का लकड़ी का यंत्र 14. सतह, 'लेवल' 15. बिजली, तड़ित 17. चौकसी, सावधानी, बचाव 19. कहने वाला, वाचनकर्ता 20. सुंदर, अच्छा, बढ़िया 21. लगातार, तड़-तड़ करते हुए।

**ऊपर से नीचे**

1. शरीर का कोई भाग, शरीर 2. खोज-बीन, जांच-पड़ताल 3. वोट देने का हक 4. जो अत्यधिक शक्तिशाली व कठोर प्रकृति का हो, दृढ़, मजबूत 7. बरसात, पावस, बारिश 8. भरना, अटना, अंदर करना 12. घटना, हादसा, दुर्घटना 13. लिबाज़, पहनने का ढंग 16. नीला वस्त्र पहने वाला, नीला वस्त्र 17. ऐक्य, एक होने का भाव 18. दिल्ली स्थिति प्रसिद्ध जेल।



**शब्द सामर्थ्य क्रमांक 268 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| वा | स्ता | | | सि | स | की | | |
| जि | | ल | प | ट | | मा | चि | स |
| ब | द | ला | | क | | | ल | |
| | | ट | | नी | ल | क | म | ल |
| ता | ली | | का | | की | | | हू |
| क | | स | रो | का | र | | | लु |
| झां | | ज | बा | न | | म | सी | हा |
| क | च | ना | र | | भा | र्या | | न |
| | र्म | | | ज | र | दा | | |



जबलपुर ( नगर प्रतिनिधि )। थाना पनागर में सुधा मल्टीस्पेशलिटी अस्पताल से सूचना मिली कि आदित्य बर्मन उम्र 17 वर्ष निवासी पटेरा खिरिया थाना पनागर का कोई अज्ञात जहरीली वस्तु का सेवन करने से इलाज हेतु आज रात लगभग 10-30 बजे भर्ती हुआ था दौरान उपचार के आज सुबह लगभग 8-3 बजे खत्म हो गया है। सूचना पर मर्ग कायम कर जांच में लिया



निगमायुक्त प्रीति यादव ने आगामी वाटर प्लस सर्वे की तैयारियों की समीक्षा की - निर्धारित मापदण्डों के अनुरूप कार्य करने संबंधितों को दिये निर्देश

# स्वच्छता में 5 स्टार रैंकिंग के लिए नगर निगम है तैयार - निगमायुक्त प्रीति यादव





## सभी विभाग आपसी तालमेल और समन्वय के साथ स्वच्छता के लिए करेगें कार्य - निगमायुक्त

जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। निगमायुक्त श्रीमती प्रीति यादव के मार्गदर्शन में जी.एफ.सी./स्टार रैंकिंग में 5 स्टार प्राप्त करने के लिए इस वर्ष नगर निगम का पूरा अमला तैयार है। इसके लिए निगमायुक्त श्रीमती यादव के द्वारा आज सभी संबंधित अधिकारियों की बैठक लेकर समीक्षा की गई और निर्देशित किया गया कि सभी विभागीय प्रमुख एवं अन्य अधिकारी कर्मचारी आपसी समन्वय एवं तालमेल के साथ शहर हित में स्वच्छता के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करेगें जिससे कि जबलपुर भी स्वच्छता प्रतियोगिता में अव्वल स्थान प्राप्त कर सके। उन्होंने सभी संबंधितों को निर्देशित किया कि निर्धारित मापदण्डों के अनुरूप तय समय सीमा में जमीनी स्तर पर परीक्षण करते हुए कार्यो को पूर्ण कराएँ।

समीक्षा बैठक के दौरान निगमायुक्त श्रीमती प्रीति यादव ने आगामी जी.एफ.सी. स्टार रेटिंग 2024 एवं वाटर प्लस की तैयारियों का जायजा लेने मानस भवन के छोटा हाल में लोककर्म, स्वास्थ्य, प्रकाश, उधान, जल, अतिक्रमण, कर्मशाला विभाग एवं अन्य सभी सबंधित अधिकारियों की बैठक ली। बैठक में आगामी जी.एफ.सी. स्टार रेटिंग 2024 के तैयारियों के सम्बन्ध में सभी मापदंडों पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में उपायुक्त एवं नोडल अधिकारी स्वच्छ भारत मिशन संभव अयाची ने जी.एफ.सी. स्टार रेटिंग एवं वाटर प्लस के सभी घटकों, उन घटकों में अर्जित किये जाने वाले अंकों एवं विभाग वार किये जाने वाले दायित्वों के सबंध में एक विस्तृत पॉवर पॉइंट प्रेजेंटेशन की सहायता से सभी को उनके दायित्वों के बारे में एवं शहरहित में जी.एफ.सी. स्टार रेटिंग के महत्व को समझाया। उन्होंने बताया की विगत वर्ष नगर निगम द्वारा जी.एफ.सी. स्टार रेटिंग में 3 स्टार प्राप्त किया था इस बार जबलपुर नगर निगम ने 5 स्टार एवं वाटर प्लस दोनों के लिए आवेदन किया है जिसके इम्पोर्टेंट एवं एस्पिरेशनल दोनों ही मापदंडों के सभी दिशा निर्देशों पर चर्चा की गई। आज की समीक्षा बैठक में पिछले साल के सभी विभागों के अपने अपने अच्छे एवं बुरे अनुभवों पर भी चर्चा की गई जिससे इस बार की तैयारियों में और सहायता मिल सके, समीक्षा बैठक में वार्डवार बिन्दुओं जैसे - डोर टू डोर कचरा संग्रहण, स्त्रोत पृथक्करण, विसिबल क्लीनलीनेस, सी एंड डी अपशिष्ट-संग्रहण एवं पृथक्करण, सिटी ब्यूटीफीकेशन, जिओ मेपिंग इत्यादि एवं शहरवार बिन्दुओं जैसे सी एंड डी वेस्ट, सी.टी.पी.टी., वाटर बॉडी संवर्धन, आर.आर.आर. सेंटर्स इत्यादि सभी पर विस्तार से चर्चा की गई। उन्होंने बताया कि इस साल जबलपुर नगर निगम ने फाइव स्टार के सभी मापदंडों की अभी से तैयारी प्रारंभ कर दी है, जिसके कार्यों की प्रगति का जायजा लेने समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में सभी संबंधित अधिकारियों को निर्धारित मापदंडों के अनुरूप तय समय में जमीनी परिक्षण हेतु कार्य करने के लिए निर्देशित किया गया। समीक्षा बैठक में अपर आयुक्त व्ही एन बाजपेई, प्रभारी अधीक्षण यंत्री कमलेश श्रीवास्तव, प्र. कार्यपालन यंत्री शैलेन्द्र मिश्रा, कार्यपालन यंत्री जी.एस. मरावी, प्र. स्वास्थ्य अधिकारी संदीप जायसवाल, प्र. उद्यान अधिकारी आलोक शुक्ला, प्र.कार्यपालन यंत्री जागेन्द्र सिंह, प्र. कार्यपालन यंत्री शैलेन्द्र कौरव, प्रं. सहायक यंत्री अजय लवाना, सहायक नोडल अधिकारी अभिनव मिश्रा, सहायक स्वास्थ्य अधिकारी सुनील गुजराती, अनिल बारी, धर्मेन्द्र राज, पोला राव, अर्जुन यादव, सभी संभाग के मुख्य स्वास्थ्य निरीक्षक, सभी संभागीय यंत्री पी डब्लू डी, आदित्य कंसलटेंसी के सभी कंसल्टेंट उपस्थित रहे।

# बकाया राशि जमा न करने पर होटल प्रिंस विराज में की जायेगी तालाबंदी

## निगमायुक्त प्रीति यादव के निर्देश पर अपर आयुक्त ने जारी किया नोटिस

जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। नगर निगम द्वारा निगमायुक्त श्रीमती प्रीति यादव के निर्देशानुसार सभी 79 वार्डो में राजस्व वसूली अभियान चलाया जा रहा है। वसूली अभियान के दौरान जिन करदाताओं के द्वारा बकाया करों की राशि समय पर जमा नहीं की जाती है उनके विरूद्ध कुर्की की कार्रवाई भी लगातार की जा रही है तथा उनके नाम भी सार्वजनिक किये जा रहे हैं। आज इसी तरतम्य में निगमायुक्त श्रीमती प्रीति यादव के निर्देशानुसार अपर आयुक्त वित्त प्रशांत गोटिया के द्वारा होटल प्रिंस विराज के संचालक विजय कुमार राठौर पिता स्व. श्री नाथूराम राठौर को नोटिस जारी कर बकाया करों की राशि जमा करने कहा गया है। इस संबंध म संभागीय अधिकारी दिनेश प्रताप सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि होटल संचालक पर 15 लाख 40 हजार 7 सौ 52 रूपये बकाया होने पर लगातार नोटिस जारी किये गए, परन्तु होटल संचालक द्वारा बकाया राशि जमा नहीं की गयी है। उन्होंने बताया कि होटल संचालक को बकाया राशि 3 दिन के अंदर जमा करने अंतिम नोटिस जारी किया गया है। यदि होटल संचालक द्वारा 3 दिवस के अंदर राशि जमा नहीं की जाती है तो होटल में तालाबंदी की कार्रवाई की जायेगी।

# अमित शाह के इस्तीफे की मांग को लेकर अबाकस ने पुतला दहन किया

जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। भारत रत्न डॉ बाबा साहब अम्बेडकर के अपमान पर अमित शाह के खिलाफ आक्रोशित होकर सैकड़ों बहुजनो ने अम्बेडकर चौक पर उपस्थित होकर केंदीय गृह मंत्री अमित शाह का पुतला दहन आदिवासी बहुजन अधिकार कल्याण संघ ने किया। इस अवसर पर प्रदेश अध्यक्ष देवेश चौधरी तेजकुमार भगत,कमलेश धपोड़कर, शिवनाथ चौधरी आलम,नत्थूलाल सतनामी,डा बी एल झरिया,संजय अहिरवार,राजेंद्र जाट,राजेंद्र गुप्ता, शुभम चौधरी,सोनेलाल उरेती,हरीश सिहॉट, राजकुमार सिंह,दिनेश चौधरी, मनमोहन चौधरी,दीपक चौधरी, जीवन लाल जाटव,अमित ठाकुर,भीकम झरिया,प्रकाश चंदेल,अश्विनी सोनकर,रिंकू कुशवाहा,शैलेश रजक आदि उपस्थित थे।

# 21 दिसम्बर को रेल मंत्री 101 रेल कर्मियों को अति विशिष्ट रेल सेवा पुरस्कार से पुरस्कृत करेंगे

**समारोह में पश्चिम मध्य रेल की महाप्रबंधक लेखा एवं कार्मिक विभाग की शील्ड प्राप्त करेंगी**

जबलपुर- भारतीय रेल द्वारा 101 कर्मचारियों और अधिकारियों को अति विशिष्ट रेल सेवा पुरस्कार देने का निर्णय लिया गया है। दिनांक 21 दिसंबर, 2024 को भारत मंडपम, नई दिल्ली में आयोजित एक भव्य कार्यक्रम में माननीय रेल मंत्री श्री अश्विनी वैष्णव जी पश्चिम मध्य रेल की महाप्रबंधक श्रीमती शोभना बंदोपाध्याय को लेखा विभाग तथा कार्मिक विभाग की शील्ड प्रदान कर उनके सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन के लिए सम्मानित करेंगे ् इसके साथ ही पश्चिम मध्य रेल से अधिकारी श्री वांछित खरे, वरिष्ठ मंडल विद्युत् इंजीनियर एवं कर्मचारी श्री दानिश शहाब, सीनियर सेक्शन इंजीनियर भी अति विशिष्ट रेल सेवा पुरस्कार से सम्मानित किये जाएँगे

# गणित विभाग रानी दुर्गावती विवि में गणित दिवस का आयोजन




जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। गणित विभाग रानी दुर्गावती विवि में गणित दिवस का आयोजन भारतीय गणित ही गणित का मूल आधार गणित से डरने की आवश्कता नहीं- कुलगुरु राजेश वर्मा गणित विभाग में तीन दिवसीय गणित दिवस कार्यक्रम का आयोजन हुआ। कार्यक्रम में वक्ता के रूप मे डॉ नीलेश पांडेय प्राचार्य हितकारिणी महिला महाविद्यालय ने अपने व्याख्यान में खेल खेल में गणित सीखने के बहुत सरल तकनीक छात्र छात्राओं को बताई। उन्होंने अंक गणित में वैदिक गणित के उपयोग से बड़े सवालों को हल करने के साथ साथ अंकों के जादुई खेल को सिखाया।

## बैकयार्ड कुक्कुट पालन द्वारा मास्टर ट्रेनर्स के कौशल एवम उद्यमिता विकास विषय पर प्रदेश स्तरीय रोजगारोन्मुखी पांच दिवसीय प्रशिक्षण का समापन



जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। पशुचिकित्सा विज्ञान एवं पशुपालन महाविद्यालय, नानाजी देशमुख पशु चिकित्सा विश्वविद्यालय जबलपुर में दिनांक 16-20 दिसंबर 2024 तक विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ मनदीप शर्मा के मार्गदर्शन, डॉ आर के शर्मा के निर्देशन, विस्तार शिक्षा संचालक डॉ सुनील नायक के सहयोग एवं प्रशिक्षण समन्वयक डॉ. वैशाली खरे के अगुवाई में एवं अखिल भारतीय कुक्कट अनुसंधान परियोजना के तत्वाधान में सिंजेंटा फाउंडेशन के वित्तीय सहयोग से पांच दिवसीय प्रशिक्षण का आयोजन किया गया, जिसमें लगभग 25 नव कुक्कुट उद्यमियों ने प्रशिक्षण प्राप्त कर लाभ लिया। समापन कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में डॉ मनदीप शर्मा, कुलपति नानाजी देशमुख पशु चिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय जबलपुर, विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ श्रीकांत जोशी एवम डॉ सुनील नायक , संचालक विस्तार शिक्षण उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन डॉ. आकांक्षा सिंह एवम आभार प्रदर्शन डॉ. वैशाली खरे द्वारा किया गया। माननीय कुलपति जी ने ग्रामीण युवाओं को प्रशिक्षण उपरांत कुक्कुट पालन को व्यवसाय के रूप में अपनाने की सलाह दी और इसे अधिक आमदनी एवं मुनाफेदार व्यवसाय बताया। कार्यक्रम में महाविद्यालय के विभिन्न विषय विशेषज्ञों द्वारा कुक्कुट की पालन के हर आयाम पर विस्तृत प्रकाश डाला ।

रादुविवि गणित एवं कम्प्यूटर विज्ञान विभाग में तीन दिवसीय राष्ट्रीय गणित दिवस कार्यक्रम का समापन, पुरस्कार वितरण एवं प्रमाणपत्र का वितरण

# प्रासंगिक बनने के लिए गणित की बेहतर समझ है आवश्यक- प्रो. वर्मा






जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। विश्वविद्यालय के गणित एवं कम्प्यूटर साइंस विभाग में शुक्रवार को माननीय कुलगुरु प्रो. राजेश कुमार वर्मा की अध्यक्षता में तीन दिवसीय राष्ट्रीय गणित दिवस कार्यक्रम के समापन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस मौके पर माननीय कुलगुरु प्रो. वर्मा ने कहा कि प्रासंगिक बनने के लिए गणित की बेहतर समझ होनी चाहिए क्योंकि इसके बिना हम किसी भी क्षेत्र में उत्कृष्टता हासिल नहीं कर सकते। उन्होंने विषय से संबंधित विभिन्न प्रकार के भय का जिक्र करते हुए कहा किअगर हम खुद को प्रतिबद्ध करते हैं और गणित के लिए समय और ऊर्जा लगाते हैं, तो यह दिलचस्प और समझने में आसान हो जाएगा। समापन कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में मौजूद विक्रम वि.वि., उज्जैन के पूर्व कुलगुरु प्रो. अखिलेश कुमार पाण्डेय ने कहा कि गणित के अनुप्रयोगों के साथ-साथ श्रीनिवास रामानुजन के जीवन इतिहास और योगदान पर विचार-विमर्श युवा छात्रों को गणित में करियर विकल्प तलाशने के लिए प्रेरित कर सकता है। विशिष्ट अतिथि प्रो. राकेश बाजेपेयी विभागाध्यक्ष भौतिक विज्ञान ने कहा कि यह दिन न केवल उस व्यक्ति को श्रद्धांजलि है, जिसने गणित की दुनिया में अद्वितीय योगदान दिया, बल्कि उस अनुशासन का उत्सव भी है जो ब्रह्मांड की हमारी समझ को आकार देना जारी रखता है। कार्यक्रम में कुलसचिव प्रो. राजेन्द्र कुररिया ने कहा कि गणित और अन्य विषयों पर उचित ध्यान देने की आवश्यकता है क्योंकि ऐसे विषय समाज में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

# मुख्यमंत्री जन कल्याण अभियान




जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। मुख्यमंत्री जन कल्याण अभियान के अंतर्गत आज दिनांक 19/12/24 दिन गुरुवार को वार्ड क्रमांक 02 में स्थित सामुदायिक भवन वार्ड क्रमांक 01 से वार्ड क्रमांक 3 तक के हितग्राहियों का शिविर में आयोजन किया गया, जिसमें हितग्राहियों को शासन द्वारा संचालित योजनाओ के बारे में जानकारी दी एवं हितग्राहियों द्वारा प्राप्त आवेदन पत्रों को प्राप्त किया गया। माननीय नगर परिषद अध्यक्ष महोदय श्रीमान अमिताप साहू जी, वार्ड नंबर 01 के पार्षद श्री सुजान जी, वार्ड नंबर 2 के पार्षद महोदया श्रीमती पार्वती शंकर यादव जी, मुख्य नगर पालिका अधिकारी श्रीमती स्नेहा मिश्रा जी, मुख्यमंत्री जन कल्याण अभियान नोडल अधिकारी श्री राहुल साहू उपयंत्री सहायक नोडल अधिकारी/राजस्व प्रभारी श्री शिवनारायण शुक्ला, शिविर प्रभारी श्री लाल सिंह पटेल, श्री भाई लाल बर्मन, एवं शिविर सहायक प्रभारी श्री शिवम श्रीवास्तव,श्री रंजीत शुक्ला, श्री अमर परधान,श्री राशु सोनी, श्री अभिषेक यादव, श्री अर्थ नामदेव एवं आंगनवाड़ी कार्यकर्ता श्रीमती दमयंती यादव, श्रीमती मंजू जैन, श्रीमती सुनीता झरिया स्वास्थ विभाग से आशा कार्यकर्ता श्रीमती प्रीति झरिया श्रीमती रेखा चक्रवर्ती श्रीमती विनीता झरिया आदि उपस्थित

इंदौर में 9 से 12 जनवरी तक म प्र औद्योगिक विकास निगम के साझा प्रयासों से होगा प्लास्टपैक 2025

# जबलपुर में प्लास्टपैक 2025 का रोड शो




जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। प्लास्टपैक 2025, भारत का सबसे बड़ा प्लास्टिक उद्योग सम्मेलन, एक नए आयाम पर पहुंचने के लिए तैयार है। इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य प्लास्टिक उद्योग को भविष्य के लिए तैयार करना है। इस वर्ष की थीम प्लास्टिक इंडस्ट्रीज रेडी फॉर फ्यूचर, आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस, पाइप, एग्रीकल्चर और फार्मा इनोवेशन एंड टेक्नोलॉजी है। मध्य प्रदेश औद्योगिक विकास निगम (एमपीआईडीसी) के साझा प्रयासों से आयोजित प्लास्टपैक 2025 के रोड शो के लिए आज प्लास्त्पैक की टीम जबलपुर पहुँची। प्लास्टपैक 2025लाभ गंगा एक्जीबिशन सेंटर, इंदौर में 9 से 12 जनवरी, 2025 तक आयोजित किया जाएगा।

सचिन बंसल - प्रेसिडेंट - इंडियन प्लास्ट पैक फोरम, श्री हितेश मेहता - चेयरमैन प्लास्ट पैक 2025 के मार्गदर्शन में आयोजित होने वाले प्लास्टपैक 2025 में देशभर के प्रतिनिधित्व को सुनिश्चित करने के उद्देश्य से आईपीपीएफ की टीम देश भर के मुख्य शहरों में पहुँच रही है। इस विषय में जानकारी साझा करने एवं लोगों को इस बारे में जागरूक करने के लिए प्लास्ट पैक फोरम की टीम 20 दिसंबर को जबलपुर पहुंची और मीडिया से मुलाकात की। इस दौरान प्लास्टपैक के चार दिवसीय आयोजनों की रूपरेखा को साझा किया गया। प्लास्टपैक की टीम ने जबलपुर और उसके आस-पास के शहरों के इंडस्ट्री से जुड़े कई गणमान्य लोगों से भी मुलाकात की।

इंडियन प्लास्टपैक फोरम के मार्केटिंग प्रेसिडेंट श्री विशाल सोनी ने कहा , प्लास्टपैक 2025 प्लास्टिक उद्योग के लिए एक अनूठा मंच है। यह आयोजन इंडस्ट्री के नवीनतम रुझानों को प्रदर्शित करने के साथ उद्योगपतियों, वैज्ञानिकों और पॉलिसी मेकर्स को एक साथ लाकर इंडस्ट्री के सामने आने वाली चुनौतियों का समाधान खोजने का अवसर भी प्रदान करेगा। इस विशेष आयोजन में मध्य प्रदेश औद्योगिक विकास निगम (एमपीआईडीसी) ने अपना विशेष योगदान दिया है, जो इस बात का प्रमाण है कि यह आयोजन समाज और राज्य के कल्याण में महती भूमिका निभाएगा।

इंडियन प्लास्टपैक फोरम के ज्वाइंट सेक्रेट्री संदीप ठाकुर ने कहा , हमें खुशी है कि हम फिर इस आयोजन को लेकर आए हैं। इंदौर में होने वाले इस वृहद आयोजन में हम जबलपुर और इसके आसपास के सभी क्षेत्रों के लोगों प्लास्टिक और पैकेजिंग से जुड़े सभी स्टेकहोल्डर्स को आमंत्रित करते हैं। प्लास्टपैक 2025 प्लास्टिक उद्योग के लिए एक अनूठा मंच है। यह आयोजन इंडस्ट्री के नवीनतम रुझानों को प्रदर्शित करने के साथ उद्योगपतियों, वैज्ञानिकों और पॉलिसी मेकर्स को एक साथ लाकर इंडस्ट्री के सामने आने वाली चुनौतियों का समाधान खोजने का अवसर भी प्रदान करेगा। प्लास्टपैक 25 केवल एक प्रदर्शनी नहीं है; यह भारत के प्लास्टिक और पैकेजिंग उद्योग के लिए अपनी ताकत, इनोवेशन और स्थिरता के प्रति प्रतिबद्धता को प्रदर्शित करने का एक मंच है।

आगे संदीप बताते हैं, प्लास्टिक हमारे जीवन का हिस्सा बन चुका है। सुबह से लेकर शाम तक हम कितनी ही बार प्लास्टिक का उपयोग करते हैं। हमारे बीच एक भ्रांति फैला दी गई है कि प्लास्टिक पर्यावरण को नुकसान पहुंचाता है, लेकिन ऐसा नहीं है। प्लास्टिक को रिसाइकिल किया जा सकता है, जबकि लकड़ी के साथ ऐसा संभव नहीं है।

# एयरटेल वाईफाई के साथ मनोरंजन का नया दौर- अब ज़ी 5 भी शामिल

गुरुग्राम, (आरएनएस) भारत के प्रमुख दूरसंचार सेवा प्रदाताओं में से एक भारती एयरटेल (एयरटेल) ने आज ज़ी5, भारत के अग्रणी ओटीटी प्लेटफॉर्म के साथ साझेदारी की घोषणा की है, अब एयरटेल के वाईफाई ग्राहकों को रोमांचक डिजिटल कंटेंट उपलब्ध होगा। ?699 या उससे अधिक के प्लान्स पर सभी ग्राहकों को उनके एयरटेल वाईफाई प्लान के तहत ज़ी5 बिना किसी अतिरिक्त शुल्क के उपलब्ध होगा।

इस साझेदारी से, ज़ी5 का एक्सक्लूसिव कंटेंट, जिसमें ओरिजिनल शोज़, चार्टबस्टर टाइटल्स, ओटीटी मूवीज़ और विभिन्न भाषाओं में सीरीज़, अब एयरटेल वाईफाई पर दर्शकों के लिए उपलब्ध होगा। इससे उपभोक्ताओं को डिजिटल कंटेंट की एक विस्तृत कैटलॉग मिलेगा। लोकप्रिय टाइटल्स जैसे कि सैम बहादुर, आरआरआर, सिर्फ एक बंदा काफी है, मनोरथंगल, विक्कटकवि, द क्रॉनिकल्स ऑफ अमरागीरी, अइंधाम वेधाम, ग्यारह ग्यारह और कई अन्य के साथ, एयरटेल वाईफाई ग्राहक अब 1.5 लाख+ घंटों के विशाल कंटेंट भंडार का आनंद ले सकते हैं।

चीफ मार्केटिंग ऑफिसर और ईवीपी कस्टमर एक्सपीरियंस - भारती एयरटेल अमित त्रिपाठी ने कहा, ﬖसाझेदारी एयरटेल के डीएनए का हिस्सा है और ज़ी5 के साथ साझेदारी करके हमें खुशी हो रही है। हमारे उपभोक्ताओं को एक विश्वस्तरीय डिजिटल कंटेंट इकोसिस्टम देने के हमारे प्रयास में यह एक महत्वपूर्ण कदम है। ज़ी5 की समृद्ध लाइब्रेरी हमारी कंटेंट पोर्टफोलियो को गहराई देती है और हमारे उपभोक्ताओं के अनुभव को और बेहतर बनाती है। हम अपने ग्राहकों को सर्वोत्तम अनुभव देने के लिए अपनी कंटेंट पोर्टफोलियो को मजबूत बनाने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

मनीश कालरा, चीफ बिजनेस ऑफिसर, ज़ी5 ने कहा, ज़ी5 पर, हमारी हमेशा यह कोशिश रही है कि उच्च-गुणवत्ता वाले मनोरंजन को लोकतांत्रिक तरीके से बनाया जाये, जिससे हमारी विविध कंटेंट लाइब्रेरी को दर्शकों तक पहुंचाया जा सके। एयरटेल के साथ यह सहयोग हमारे इस वादे को और मजबूत करता है कि हम दर्शकों को अलग-अलग शैलियों, भाषाओं और फॉर्मेट्स में एक सहज मनोरंजन अनुभव प्रदान करें। एयरटेल ब्रॉडबैंड उपभोक्ताओं के लिए ज़ी5 के एकीकरण के साथ, हमारा लक्ष्य व्यापक दर्शक समूह तक पहुंचना है और हर उपभोक्ता के लिए आकर्षक, कहानी के व्यक्तिगत आनंद का अनुभव सुनिश्चित करना है।



जबलपुर ( नगर प्रतिनिधि )। थाना बरेला चौकी गौर में रात्रि उदय उर्फइसान कोरी उम्र 21 वर्ष निवासी शारदा चौक मदनमहल ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि फिलिप कार्ड कम्पनी में काम करता है दिनांक 19-12-24 को शाम अपने दोस्त गोलू भूमिया से मिलने आया था गोलू से मिलकर वापस अपने घर जाने के लिये तेजीलाल उइके की किराना दुकान के सामने रूका वहीं पर उसके साथ काम करने वाला अंकित बर्मन पहले से अपने भाई शनि बर्मन के साथ में था

# ट्रॉला ने बाइक सवारों को टक्कर मारी एक की मौत, एक घायल

## तिलवारा थाना क्षेत्र में घुंसौर के पास घटना

**जबलपुर ( नगर प्रतिनिधि )।** तिलवारा थाना क्षेत्र स्थित घुंसौर के पास बेलगाम भागते ट्रॉला के चालक ने बाइक सवारों को टक्कर मार दी। टक्कर लगने से बाइक सवार उछलकर सड़क पर गिरे और एक युवक ट्रॉले की चपेट में आ गया जिसकी मौके पर ही मौत हो गई। वहीं दूसरा युवक घायल हो गया। घायल को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। इसी तरह सड़क हादसे में भेड़ाघाट में महिला व बेलखेड़ा में एक वृद्ध की मौत हुई है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार गौर हिनौतिया टोला निवासी संजय पंद्रो उर्फ संजय उम्र 20 वर्ष गाँव में ही रहने वाले संदीप कुशराम उम्र 20 वर्ष के साथ मंगलवार को बाइक से बरगी दीयाखेड़ा में रहने वाले अपने जीजा सागर मरावी के घर गया था। वहाँ से लौटते समय ग्राम घुंसौर के पास जोधपुर पड़ाव की ओर से आ रहे ट्रॉला क्रमांक आरजे 14 जेई 1771 के चालक ने बाइक को सामने से टक्कर मार दी। टक्कर लगते ही बाइक सवार उछलकर सड़क पर गिरे और ट्रॉले की चपेट में आने से संजय की मौत हो गई। वहीं उसके साथी संदीप को गंभीर चोटें आईं, जिसे इलाज के लिए मेडिकल में भर्ती कराया गया है। हादसे के बाद आरोपी चालक मौके पर ट्रॉला छोड़कर फरार हो गया। मामला दर्ज कर पुलिस ने वाहन जब्त कर आरोपी चालक की तलाश शुरू की। लोडिंग वाहन ने मारी टक्कर, मौत इसी तरह बेलखेड़ा थाना क्षेत्र में ग्राम बसेंड़ी रोड पर लोडिंग वाहन की टक्कर लगने से 60 वर्षीय वृद्ध की मौत हो गई। पुलिस के अनुसार ग्राम बसेंड़ी निवासी शंकर लोधी मोटर साइकल क्रमांक एमपी 20 जेड के 5911 से अपने खेत बरपटी हार जा रहे थे। खेत के पास ही उनकी बाइक को लोडिंग वाहन क्रमांक एमपी 20 जीबी 6578 के चालक ने लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए टक्कर मार दी। हादसे में घायल को इलाज के लिए अस्पताल ले जाया गया। जहाँ उनकी मौत हो गई। मर्ग कायम कर पुलिस आरोपी चालक की गिरफ्तारी के प्रयास में जुटी है। कार की टक्कर से महिला की मौत भेड़ाघाट पुलिस ने बताया कि मंगलवार को गुरुकृपा ढाबे के पास एनएच 45 पर ग्राम धरमपुरा में 52 वर्षीय महिला नन्हीं बाई पटेल निवासी हीरापुर बंधा की कार की टक्कर लगने से मौत हो गई। कार क्रमांक एमपी 20 सीएल 2261 के चालक ने सड़क पार करते समय महिला को टक्कर मार दी। हादसे में गंभीर रूप से घायल महिला को इलाज के लिए अस्पताल पहुँचाया जाता, उससे पहले ही उसने दम तोड़ दिया। सूचना पर मामला दर्ज कर पुलिस आरोपी कार चालक की तलाश में जुटी है।

**युवक पर प्राणघातक हमला करने वाला आरोपी पुलिस गिरफ्त में**

जबलपुर- थाना माढोताल में विनय कोल उम्र 26 वर्ष निवासी पुरानी बस्ती मरही माता मंदिर के पास माढ़ोताल ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि मजदूरी करता है रात लगभग 9 बजे वह तथा उसका छोटा भाई करन कोल एवं अनुराग कोल, कार्तिक कोल हम सभी मरघटाई के अंदर आग जलाकर ताप रहे थे उसी समय पुरानी बस्ती बुंदेला बाबा के पास रहने वाला साहिल उर्फ बिट्ठू कोल मरघटाई के अंदर आया और उसके भाई करन कोल को पुरानी बातों को लेकर गाली गलौज करने लगा , करन ने गालियां देने से मना किया तो साहिल उर्फ बिट्ठू ने करन को जान से

## 104 लीटर कच्ची 300 पाव देशी शराब, 2 मोबाईल एवं एक्सिस जप्त

# अवैध शराब के कारोबार में लिप्त 3 आरोपी गिरफ्तार

**जबलपुर ( नगर प्रतिनिधि )।** थाना प्रभारी विजयनगर श्री वीरेन्द्र सिह पवार ने बताया कि रात्रि में मुखबिर से सूचना मिली कि 2 व्यक्ति एक्सिस में पुराना थाना विजयनगर के पास झाड़ियों में भारी मात्रा में शराब बेचने के लिये ग्राहक का इंतजार कर रहे हैं सूचना पर मुखबिर के बताये स्थान पर दबिश दी गई जहां एक लड़का पुलिस की गाड़ी देखकर एक्सिस में रखी प्लास्टिक की पन्नी पटककर गाड़ी को लेकर एवं दूसरा लड़का पैदल भागने लगा जिन्हें घेराबंदी कर पकड़ा गया नाम पता पूछने पर अपना नाम अभिनव बर्मन उम्र 22 वर्ष निवासी बढ़ई मोहल्ला गोहलपुर एवं गाड़ी लेकर भागने वाले का नाम पारस कोष्टा उम्र 24 वर्ष निवासी साउथ मिलौनीगंज बताये जो 2 प्लास्टिक की पन्नी में 300 पाव देशी शराब रखे मिले, जिसके सम्बंध मे पूछताछ करने पर आरोपी पारस कोष्टा ने अभिनव के साथ मिलकर शराब बेचने आना तथा चेरीताल शराब दुकान के गद्दीदार द्वारा शराब बेचने के लिये देना बताया , आरोपियों के कब्जे से कुल 300 पाव देशी शराब, 02 मोबाइल एवं एक्सिस क्रमांक एमपी 20 जेडसी 7496 जप्त करते हुये तीनों आरोपियों के विरूद्ध धारा 34;2द्धए 42 आबकारी एक्ट के तहत कार्यवाही करते हुये विवेचना में लिया गया। उल्लेखनीय भूमिका - अवैध शराब के कारोबार में लिप्त आरोपियों को पकडने में उप निरीक्षक सुरेश सिंह, पंचम लाल यादव, प्रधान आरक्षक सुरेश दुबे, की सराहनीय भूमिका रही। थाना प्रभारी सिहोरा श्री विपिन बिहारी सिंह ने बताया कि शाम मुखबिर से सूचना मिली कि ग्राम धनगवां में मुल्तान कुचबंधिया के मकान में अवैध कच्ची शराब अधिक मात्रा में रखी है सूचना पर मुखबिर के बताये स्थान पर दबिश दी गई जहां मुल्तान कुचबंधिया अपने घर पर मिला जिसे घेराबंदी कर पकडा जिसने पूरा नाम पता पूछने पर अपना नाम मुल्तान कुचबंधिया उम्र 60 वर्ष निवासी धनगवां बताया लाक मकान की परछी में 8 नग प्लास्टिक की कुप्पे में कुल 104 लीटर कच्ची शराब रखे मिला जिसे जप्त करते हुये आरोपी मुल्तान कुचबंधिया के विरूद्ध धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत कार्यवाही की गई।

# शराब के नशे में बीच सड़क पर घूम रही नाबालिग छात्रा का वीडियो वायरल



**जबलपुर ( नगर प्रतिनिधि )।** जबलपुर में पनागर स्थित एक गांव के स्कूल में अध्ययनरत दसवीं कक्षा की छात्रा का एक वीडियो वायरल हो रहा है. जिसमें छात्रा शराब के नशे में सड़क पर इधर से उधर घूमती नजर आ रही है. छात्रों को उसके साथी छात्रों ने सम्हालने की कोशिश की जिसपर वह गुस्से में आ गई. वीडियो वायरल होने की खबर मिलते ही परिजनों ने यह पता लगाने की कोशिश शुरु कर दी है कि आखिर नाबालिगा को शराब किसने पिलाई है.

बताया गया है कि पनागर स्थित एक गांव के स्कूल में अध्ययनरत दसवीं कक्षा की छात्रा पिछले दिन सड़क पर इधर से उधर घूमते दिखा तो राह चलते लोग स्तब्ध रह गए. इसके बाद छात्रा ने जब उत्पात मचाना शुरु कर दिया तो लोगों ने अपना रास्ता पकडना ही उचित समझा, छात्रा को उत्पात मचाते देख साथी छात्रों ने रोकने की कोशिश की जिसपर वह गुस्सा गई. छात्रा को इधर से उधर घूमते देख कुछ लोगों ने वीडियो बनाकर वायरल कर दिया. इस मामले को शिक्षा विभाग के अधिकारियों ने गंभीरता से लिया है, उनका कहना है कि मामले की जांच की जाएगी. आखिर छात्रा के पास शराब कैसे पहुंची है. इधर परिजन भी इस बात को जानने की कोशिश कर रहे है. आखिर नाबालिगा को शराब किसने पिलाई है.

## छीने हुये नगद 1 हजार रूपये एवं 5 मोबाईल तथा घटना में प्रयुक्त मोटर साईकल जप्त

# पर्स एवं मोबाईल झपटमारी करने वाले अपचारी बालक सहित 3 गिरफ्तार

**जबलपुर ( नगर प्रतिनिधि )।** थाना गोरखपुर मे विजय बठेजा उम्र 35 वर्ष निवासी आदर्श नगर रामपुर ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि बठेजा एजेन्सी दवाई दुकान मढाताल दवा बजार मे चलाता है दिनांक 14-12-24 को अपनी पत्नी रोमा बठेजा और बेटी अर्शीन बठेजा उम्र 10 के साथ कुंदन ज्वेलर्स कटंगा चौक गोरखपुर आये थे कुंदन ज्वेलर्स की दुकान से होटल प्राईड पैदल जा रहे थे तभी शाम लगभग सात बजे मोटर सायकल सवार सामने बंदरिया तिराहा तरफसे आया और कटंगा तिराहा से वापस मुड़कर पीछे से लौट कर आया और उसकी पत्नी रोमा बठेजा के हाथ में लिये लेडीज पर्स जिसमे 2500 रूपये ,आईफोन, छीनकर बंदरिया तिराहा तरफमोटर सायकल से भाग गया। पर्स छीनते समय पत्नी और बेटी गिर गये उसने मोटर सायकल सवार को पकड़ने का प्रयास किया लेकिन भाग गया। रिपोर्ट पर अपराध क्रमांक 898/24 धारा 304(2) बीएनएस का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। घटना क्रमांक 2- थाना ओमती में रात छाया समुन्द्र उम्र 48 वर्ष निवासी हाथीताल गोरखपुर ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि रीता कलेक्शन में बुटिक का काम करती है दिनांक 10-12-24 की रात लगभग 8-30 बजे बुटिक बंद होने के बाद अपने घर जा रही थी जैसे ही शास्त्री ब्रिज लोटस कलेक्शन गली के अंदर से निकल रही थी तो पीछे से एक मोटर सायकल में सवार 2 व्यक्ति मुंह बांधे हुये निकले और उसके दाहने कंधे में टंगा पर्स खींच कर ले गये वह गिर गयी उसने उठकर देखा पीछे वाला लड़का सफेद कपड़े से मुंह बांध था एवं डार्क रंग की जैकेट पहना था दोनों लड़के लगभग 25 वर्ष के होगें, पर्स में उसके 3 हजार रूपये रखे थे उक्त अज्ञात दोनों लड़के पर्स छीनकर ले गये। रिपोर्ट पर धारा 304(2) बीएनएस का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। पुलिस अधीक्षक जबलपुर श्री सम्पत उपाध्याय (भा.पु.से.) द्वारा घटित हुई घटनाओं को गम्भीरता से लेते हुये आरोपियों की शीघ्र पतासाजी कर गिरफ्तारी हेतु आदेशित किये जाने पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शहर श्री आनंद कलादगी (भा.पु.से.), अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अपराध श्री समर वर्मा एवं नगर पुलिस अधीक्षक गोरखपुर श्री एच आर पाण्डे, नगर पुलिस अधीक्षक ओमती श्री पंकज मिश्रा के मार्गनिर्देशन में थाना प्रभारी गोरखपुर श्री प्रसन्न कुमार शर्मा एवं थाना प्रभारी ओमती श्री राजपाल सिह बघेल के नेतृत्व में टीम गठित कर लगायी गयी। गठित टीमों में सीसीटीव्ही फुटेज खंगाले गये मिले तकनीकी साक्ष्य के आधार पर संदेही 1. नितिन मरावी पिता संतोष मरावी उम्र 18 वर्ष निवासी साईंनगर रामपुर गोरखपुर , 2. रोहित उर्फ प्रदीप कुमार सोनवानी पिता प्रीतम दास सोनवानी उम्र 18 वर्ष निवासी काली मंदिर के पास साईंनगर रामपुर गोरखपुर एवं एक विधि विवादित बालक से अभिरक्षा में लेकर पूछताछ की गई


**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-5,संजय गांधी मार्केट नगर निगम जबलपुर**

पत्रांक-स.अधि/सं.क्रं. 5/2024-25/ एम .77 दिनांक - 20/12/2024

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि **श्री योगेन्द्र जैन, पिता- श्री सोने लाल जैन** ने भवन क्रं. 656 , **वार्ड जवाहरगंज वार्ड**, क्षेत्रफल 900 व.फु., भूतल 784 व.फु. आवासीय , प्रथमतल 700 व.फु. आ., **विक्रयपत्र,** के आधार पर नगर निगम द्वारा भवन क्रं. 656 पर नामांतरण हेतु, पंजीकृत स्वामी श्री त्रंयबक राव शेवडे, पिता- स्व. श्री शंकर राव शेवडे, भवन क्रं. 656 पिन नं. 42001248/ 1000390930 पर जिस किसी को उक्त में प्रमाण सहित आपत्ति हो तो इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर **कार्यालय संभाग क्रमांक-05** में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-5,संजय गांधी मार्केट नगर निगम जबलपुर**

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-5,संजय गांधी मार्केट नगर निगम जबलपुर**

पत्रांक-स.अधि/सं.क्रं. 5/2024-25/ एम .78 दिनांक - 20/12/2024

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि **श्री निर्मलचंद जैन, पिता- श्री सोने लाल जैन** ने भवन क्रं. 656 , **वार्ड जवाहरगंज वार्ड**, क्षेत्रफल 900 व.फु., भूतल 354 व.फु. आवासीय , प्रथमतल 354 व.फु. आ., **विक्रयपत्र,** के आधार पर नगर निगम द्वारा भवन क्रं. 656 पर नामांतरण हेतु, पंजीकृत स्वामी श्रीमती वीणा, अविनाशा, अरूण शेवडे, पिता- गंगाधर शेवडे, भवन क्रं. 656 पिन नं. 42001250/ 1000392135 पर जिस किसी को उक्त में प्रमाण सहित आपत्ति हो तो इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर **कार्यालय संभाग क्रमांक-05** में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-5,संजय गांधी मार्केट नगर निगम जबलपुर**

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-5,संजय गांधी मार्केट नगर निगम जबलपुर**

पत्रांक-स.अधि/सं.क्रं. 5/2024-25/ एम .80 दिनांक - 20/12/2024

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि **श्रीमती निशा जैन, पति- श्री निर्मलचंद जैन** ने भवन क्रं. 656 का भाग, **वार्ड जवाहरगंज वार्ड**, क्षेत्रफल 900 व.फु., भूतल 360 व.फु. आवासीय , प्रथमतल 220 व.फु. आ., द्वितीयतल 140 व.फु. आ. **विक्रयपत्र,** के आधार पर नगर निगम द्वारा भवन क्रं. 656 का भाग पर नामांतरण हेतु, पंजीकृत स्वामी श्रीमती वीणा, अविनाशा, अरूण शेवडे, पिता- गंगाधर शेवडे, भवन क्रं. 656 का भाग पिन नं. 42001250/ 1000392135 पर जिस किसी को उक्त में प्रमाण सहित आपत्ति हो तो इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर **कार्यालय संभाग क्रमांक-05** में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-5,संजय गांधी मार्केट नगर निगम जबलपुर**

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-5,संजय गांधी मार्केट नगर निगम जबलपुर**

पत्रांक-स.अधि/सं.क्रं. 5/2024-25/ एम .79 दिनांक - 20/12/2024

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि **श्रीमती कविता जैन, पति- योगेन्द्र जैन** ने भवन क्रं. 656 **वार्ड जवाहरगंज वार्ड**, क्षेत्रफल 900 व.फु., भूतल 800 व.फु. आवासीय , प्रथमतल 459 व.फु. आ., द्वितीयतल 459 व.फु. आ. **विक्रयपत्र,** के आधार पर नगर निगम द्वारा भवन क्रं. 656 पर नामांतरण हेतु, पंजीकृत स्वामी श्रीमती कमल शेवडे, पति- नीलकंठ शेवडे, श्रीमती सविता सगदेव, पति- माधवराव सगदेव, भवन क्रं. 656 पिन नं. 42001249/ 1000393448 पर जिस किसी को उक्त में प्रमाण सहित आपत्ति हो तो इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर **कार्यालय संभाग क्रमांक-05** में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-5,संजय गांधी मार्केट नगर निगम जबलपुर**

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-5,संजय गांधी मार्केट नगर निगम जबलपुर**

पत्रांक-स.अधि/सं.क्रं. 5/2024-25/ एम .82 दिनांक - 20/12/2024

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि **श्री गोपाल घनघोरिया, पिता- शिवलाल घनघोरिया** ने भवन क्रं. 677 का भाग **वार्ड जवाहरगंज वार्ड**, क्षेत्रफल 825 व.फु., भूतल 520 व.फु. आवासीय , **विक्रयपत्र,** के आधार पर नगर निगम द्वारा भवन क्रं. 677 का भाग पर नामांतरण हेतु, पंजीकृत स्वामी श्रीमती सुगडा बी, पति- स्व. श्री रफीक उल्ला, भवन क्रं. 677 का भाग पिन नं. 41500938/ 1000394061 पर जिस किसी को उक्त में प्रमाण सहित आपत्ति हो तो इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर **कार्यालय संभाग क्रमांक-05** में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-5,संजय गांधी मार्केट नगर निगम जबलपुर**

**नगर पालिक निगम, जबलपुर जोन क्र.-07 अधारताल जबलपुर म.प्र.**

क्र./सं.अधि./07/M./E.N.P.No/ - 142 2024-2025 दिनांक 19/12/2024

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है,कि क्रेता **श्री मनीष राठौर, पिता- स्व. श्री शंकर सिंह राठौर** ने भवन क्रंमाक 4950 का भाग, संपत्ति कर/ पिन नं.44002574 जलकर पिन नं. ..., पर **विक्रेतागण/ पंजीकृत गृहस्वामी** -श्री शंकर सिंह राठौर, पिता- स्व. श्री मिट्ठू लाल राठौर, **वार्ड दीवान आधार सिंह वार्ड** , निर्मित भूतल 709 व.फु. आर.सी.सी, **विक्रयपत्र, वसीयतनामा मृत्यु प्रमाण पत्र, शपथपत्र, सहमति शपथपत्र,** के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त भवन क्रमांक पर दर्ज प्रविष्टि के स्थान/ क्रय भाग पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया गया है, जिस किसी को उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन तिथि से 15 दिन के अंदर **संभागीय कार्यालय क्रमांक 07** में प्रमाण एवं दस्तावेजों के साथ आपत्ति प्रस्तुत करें।

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-7,अधारताल नगर निगम जबलपुर**

**नगर पालिक निगम, जबलपुर जोन क्र.-07 अधारताल जबलपुर म.प्र.**

क्र./सं.अधि./07/M./E.N.P.No/ - 139 2024-2025 दिनांक 19/12/2024

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है,कि क्रेता **श्री नवल किशोर राठौर, पिता- स्व. श्री शंकर सिंह राठौर** ने भवन क्रंमाक 731/पी-104 का भाग, संपत्ति कर/ पिन नं.1000361187 जलकर पिन नं. ..., पर **विक्रेतागण/ पंजीकृत गृहस्वामी** -श्री एस.एस. राठौर, पिता- स्व. श्री मिट्ठू लाल राठौर, **वार्ड महर्षि महेश योगी वार्ड** , निर्मित क्षेत्रफल 3645 व.फु., विक्रय प्लाट रकवा 1245 व.फु., एमओएस भूखण्ड 350 व.फु., निर्मित भूतल 200 व.फु. आंशिक कच्चा, **विक्रयपत्र, मृत्यु प्रमाण पत्र, शपथपत्र, सहमति शपथपत्र,** के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त भवन क्रमांक पर दर्ज प्रविष्टि के स्थान/ क्रय भाग पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया गया है, जिस किसी को उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन तिथि से 15 दिन के अंदर **संभागीय कार्यालय क्रमांक 07** में प्रमाण एवं दस्तावेजों के साथ आपत्ति प्रस्तुत करें।

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-7,अधारताल नगर निगम जबलपुर**

**नगर पालिक निगम, जबलपुर जोन क्र.-07 अधारताल जबलपुर म.प्र.**

क्र./सं.अधि./07/M./E.N.P.No/ - 143 2024-2025 दिनांक 20/12/2024

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है,कि क्रेता **श्रीमती कावेरी गौतम, पति- श्री के.पी. गौतम,** ने भवन क्रंमाक 1129/1, संपत्ति कर/ पिन नं.1000360397 जलकर पिन नं. ..., पर **विक्रेतागण/ पंजीकृत गृहस्वामी** - श्री रामदत्त गौतम, पिता- नर्मदा प्रसाद गौतम **वार्ड महर्षि महेश योगी वार्ड** , निर्मित भूतल 1200 व.फु. आ.किरायेदार, प्रथमतल 1200 व.फु., **विक्रयपत्र, मृत्यु प्रमाण पत्र, शपथपत्र, वसीयतनामा, शपथपत्र,** के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त भवन क्रमांक पर दर्ज प्रविष्टि के स्थान/ क्रय भाग पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया गया है, जिस किसी को उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन तिथि से 15 दिन के अंदर **संभागीय कार्यालय क्रमांक 07** में प्रमाण एवं दस्तावेजों के साथ आपत्ति प्रस्तुत करें।

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-7,अधारताल नगर निगम जबलपुर**

**नगर पालिक निगम, जबलपुर जोन क्र.-07 अधारताल जबलपुर म.प्र.**

क्र./सं.अधि./07/M./E.N.P.No/ - 130 2024-2025 दिनांक 05/12/2024

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है,कि क्रेता **श्री रोहितास करोसिया, पिता- स्व. श्री मिट्ठूलाल करोसिया** ने भवन क्रंमाक 2634/2, संपत्ति कर/ पिन नं.1000430928 जलकर पिन नं. 2604209, पर **विक्रेतागण/ पंजीकृत गृहस्वामी** - श्री मिट्ठूलाल करोसिया, पिता- गुरूचरण करोसिया, **वार्ड निर्मल चंद जैन वार्ड** , विक्रय प्लाट रकवा 1200 व.फु., निर्मित भूतल 800 व.फु. आर.सी.सी., **विक्रयपत्र, मृत्यु प्रमाण पत्र, शपथपत्र,** के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त भवन क्रमांक पर दर्ज प्रविष्टि के स्थान/ क्रय भाग पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया गया है, जिस किसी को उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन तिथि से 15 दिन के अंदर **संभागीय कार्यालय क्रमांक 07** में प्रमाण एवं दस्तावेजों के साथ आपत्ति प्रस्तुत करें।

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-7,अधारताल नगर निगम जबलपुर**

**संभागीय कार्यालय संभाग क्रं-15 सुहागी,नगर निगम, जबलपुर**

प्रकरण क्रं./ संभा.अधि./ राजस्व./ M 89/2024-25 दिनांक 19/12/2024

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि **श्रीमती आभा जैन, पति- श्री प्रवीण कुमार जैन** के द्वारा **वार्ड क्रं. 72 दादा ठनठनपाल वार्ड** के निगम सम्पत्ति आई.डी. क्र. 1004470350 के पंजीकृत स्वामी श्री चंदन सिंह यादव, पिता स्व. श्री जमना प्रसाद यादव, के नाम से दर्ज भूमि खसरा नं. 412 का पार्ट प्लाट नं. 12 एवं 29 से 69 का दर्ज खुली भूमि रकवा 44731 व.फु. भूमि में से मौजा औरिया स्टारसिटी फेस 3 ए सेन्चुरी डेवलपर्स के जी.पी. ब्लाक स्थित ले आउट प्लाट नं. 31 का प्लाट रकवा 1293.23 व.फु., खसरा नं. 412 का **विक्रय/क्रय** , संपत्ति **ई-पंजीयन प्रमाण पत्र, टैक्स रसीद एवं राजस्व नामांतरण शुल्क** के आधार पर नगर निगम राजस्व कम्प्यूटर रिकार्ड में अपना नाम दर्ज किये जाने नामांतरण हेतु आवेदन दिया गया है जिस किसी को भी आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन तिथि से 15 दिन के अंदर **संभागीय कार्यालय क्रं- 15 सुहागी** में दस्तावेज / प्रमाण सहित आपत्ति आवेदन प्रस्तुत करें।

**संभागीय अधिकारी ( राजस्व ) संभाग क्रमांक 15 सुहागी नगर पालिक निगम जबलपुर**

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-09 लालमाटी नगर निगम जबलपुर**

पत्रांक-स.अधि/09/2024-25/ एम/641/ दिनांक 20.12.2024

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि **श्री सत्यनारायण मिश्रा, पिता- श्रीराम मिश्रा** ने मकान नं. 1874 पिन नं............. **.वार्ड सेठ गोविन्द दास वार्ड** , भूतल आर.सी.सी. 550 व.फु., **दानपत्र, शपथपत्र,** के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं. 1874 संतोषी माता रोड, लालमाटी पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक-09 लालमाटी नगर निगम जबलपुर में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

**संभागीय अधिकारी संभाग-09 लालमाटी नगर निगम जबलपुर**

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-09 लालमाटी नगर निगम जबलपुर**

पत्रांक-स.अधि/09/2024-25/ एम/640/ दिनांक 20.12.2024

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि **1. श्री कन्हैया लाल रैकवार, पिता- भग्गूलाल रैकवार, 2. श्री सुधीर चक्रवर्ती, पिता- स्व. श्री श्याम लाल चक्रवर्ती** ने मकान नं. 2109, 2110 पिन नं.1000485367 **.वार्ड सिद्धबाबा वार्ड** , भूतल कच्चा 1268 व.फु., **विक्रय अनुबंध पत्र,** के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं. 2109, 2110 हनुमान होटल के पास पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक-09 लालमाटी नगर निगम जबलपुर में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

**संभागीय अधिकारी संभाग-09 लालमाटी नगर निगम जबलपुर**

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-14, विजय नगर निगम जबलपुर**

पत्रांक-स.क्र./14/विजयनगर 2024/ 25/एम/186 दिनांक 20.12.2024

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि **श्री संजय जैन एवं श्री संदीप जैन, पिता- श्री संतोष कुमार जैन,** ने मकान नं. 205/18 , **वार्ड महाराजा अग्रसेन वार्ड,** क्षेत्रफल 1250 व.फु., **विक्रयपत्र,** के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं.पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशनं की तिथि से 15 दिन के अंदर **कार्यालय संभाग क्रमांक-14 दमोहनाका** में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

**संभागीय अधिकारी संभाग-14 दमोहनाका नगर निगम जबलपुर**

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-14, विजय नगर निगम जबलपुर**

पत्रांक-स.क्र./14/विजयनगर 2024/ 25/एम/185 दिनांक 20.12.2024

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि **श्री संदीप कुमार जैन, पिता- स्व. श्री रविन्द्र कुमार जैन, एवं श्रीमती पूजा जैन, पति- श्री संदीप कुमार जैन,** ने मकान नं. खसरा नं. 327/1/2/9/1 का भाग , **वार्ड चेरीताल वार्ड,** क्षेत्रफल 2000 व.फु., भूतल 1245 व.फु., प्रथमतल 1130 व.फु., **विक्रयपत्र,** के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं.पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशनं की तिथि से 15 दिन के अंदर **कार्यालय संभाग क्रमांक-14 दमोहनाका** में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

**संभागीय अधिकारी संभाग-14 दमोहनाका नगर निगम जबलपुर**

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-2,कछपुरा नगर निगम जबलपुर**

पत्रांक-स.अधि./04/कछपुरा 2024 / एम./ Q 309 दिनांक 20.12.2024

**भवन नाम परिवर्तन सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है,कि **श्री शुभम विश्वकर्मा, पिता- श्री प्रकाश विश्वकर्मा** ने मकान नं. खसरा नं. 258/1 का भाग , सम्पत्ति पिन नं. 1004617411, **वार्ड कमला नेहरू वार्ड** , क्षेत्रफल 2100 व.फु., **विक्रयपत्र,** के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं.पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय **संभाग क्रमांक -2 कछपुरा** में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

**संभागीय अधिकारी संभाग-2 कछपुरा नगर निगम जबलपुर**

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-6,नगर निगम जबलपुर**

पत्रांक-स.अधि/06/2024-25/ एम/224 जबलपुर दिनांक 19.12.2024

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है,कि **1. श्रीमती सरोज गोदरे, पति- श्री राकेश गोदरे, 2. श्री राकेश गोदरे, पिता- स्व. श्री नाथूराम गोदरे,** ने मकान नं. 3434/212 ए, **वार्ड पं. दीनदयाल उपाध्याय** पिन नं. 1000353353, क्षेत्रफल 1020 व.फु., भूतल 1000 व.फु., **दानपत्र,** के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं.पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय **संभाग क्रमांक-6 दमोहनाका** में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

**संभागीय अधिकारी संभाग-6 नगर निगम जबलपुर**

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-10,रांझी नगर निगम जबलपुर**

पत्र क्रं. 85, सं.अधि./ रांझी/10 / 2024-25 दिनांक 20.12.2024

**भवन नाम परिवर्तन सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि **श्रीमती अनीता विश्वकर्मा, पति- श्री जीवन लाल विश्वकर्मा** ने मकान नं. बुद्ध काछी का बाड़ा पिन नं. 1000590867 **वार्ड लाला लाजपत राय वार्ड,** भूतल 700 व.फु. प्रथमतल 700 व.फु., **आधार कार्ड, मृत्यु प्रमाण पत्र, वसीयतनामा,** के आधार पर नगर निगम के कम्प्यूटर रिकार्ड में दर्ज भवन स्वामि- श्रीमती कुददो बाई, पति- शिवनारायण विश्वकर्मा, मकान नं. बुद्ध काछी का बाड़ा पिन नं. 1000590867 द्वारा प्रदत मकान नम्बर पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया जाता है। अतः जिस किसी को उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय **संभाग क्रमांक-10 रांझी** में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

**संभागीय अधिकारी संभाग-10 रांझी नगर निगम जबलपुर**


स्वात्ताधिकारी मुद्रक प्रकाशक कृष्णकांत सक्सेना की ओर से श्री बालाजी प्रिटंर्स, प्लाट नं.21,सेक्टर-एच,इंडस्ट्रियल एरिया,गोविंदपुरा भोपाल से मुद्रित तथा मकान नंबर 358 साठियां कुआं जबलपुर से प्रकाशित। सभी विवादों का न्याय क्षेत्र जबलपुर रहेगा। मो.नं. 9300696096, भोपाल 9425025999